राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

आवाज प्लस

RNI. NO.: UPHIN/2008/25919

समाज में प्रभावी आगाज़

9335693356 awazplusnetwork www.awazplus.com

वर्ष : 01, अंक : 189, पृष्ठ संख्या : 08, लखनऊ। शनिवार, 17 दिसम्बर 2022 मूल्य ₹ 3/-



» डिप्टी सीएम ने नीदरलैंड सरकार से निवेश पर चर्चा की

» साइकिल पार्ट्स बनाने की फैक्ट्री में लगी भीषण आग

» जहरीली शराब कांड मामला : बिहार में ताबड़तोड़ छापेमारी

पाकिस्तान की कुंठा का नतीजा है बिलावल की असभ्यता

एजेंसियां

नयी दिल्ली। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अत्यंत असभ्य बयान की कड़ी भर्त्सना करते हुए आज कहा कि ये बयान आतंकवाद का भारत के खिलाफ इस्तेमाल नहीं कर पाने की पाकिस्तान की कुंठा का नतीजा है1

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने भुट्टो के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया में यहां कहा कि ये बयान पाकिस्तान का निकृष्टतम कृत्य है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री 1971 की आज की तारीख को भूल गया है जो पाकिस्तानी हुक्मरानों के बंगालियों एवं हिन्दुओं के खिलाफ जघन्य जनसंहार का परिणाम था। अफसोस की बात है कि पाकिस्तान अपने अल्पसंख्यकों को लेकर अपनी मानसिकता को बदल नहीं पाया है। इससे भारत के बारे में उसके आरोपों की विश्वसनीयता

कहीं नहीं टिकती। बागची ने कहा कि हाल ही में हुए सम्मेलनों एवं कार्यक्रमों से पता चलता है कि आतंकवाद निरोधक कार्रवाई वैश्विक एजेंडे में शीर्ष पर है। आतंकवादियों एवं आतंकवादी संगठनों को प्रायोजित करने, पनाह देने और सक्रियता से वित्तीय सहायता प्रदान करने में पाकिस्तान की स्पष्ट भूमिका अब जांच के घेरे में है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी विदेश मंत्री के असभ्य बयान दरअसल आतंकवादियों एवं उनके पिट्ठुओं के इस्तेमाल करने में पाकिस्तान की असमर्थता के कारण उपजी कुंठा का नतीजा है। न्यूयॉर्क, मुंबई, पुलवामा, पठानकोट और लंदन में पाकिस्तान प्रायोजित, समर्थित एवं उकसावे वाले आतंकवाद के गहरे दाग दिखाई देते हैं। यह हिंसा विशेष आतंकवादी प्रक्षेत्रों से पनप रही है और विश्व के सभी हिस्सों में जा रही है। मेक इन पाकिस्तान आतंकवाद का खात्मा होना चाहिये। प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तान एक ऐसा देश है जो ओसामा बिन लादेन को शहीद कह कर उसे गौरवान्वित करता है और लखवी, हाफिज सईद, मसूद अजहर, साजिद मीर और दाऊद इब्राहिम जैसे आतंकवादियों को पनाह देता है। दुनिया का कोई अन्य देश दावा नहीं कर सकता है उसके यहां संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित 126 आतंकवादी और 27 आतंकवादी संगठन मौजूद हैं। बागची ने कहा कि हमें लगता है कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री को कल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में मुंबई की एक नर्स सुश्री अंजलि कुल्थे के बयान को अधिक संजीदगी से सुनना चाहिए था जिसने पाकिस्तानी आतंकवादी अजमल कसाब की गोलियों से 20 गर्भवती महिलाओं को बचाया था। स्पष्ट है कि भुट्टो पाकिस्तान की भूमिका पर लीपापोती करने की कोशिश कर रहे थे। प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री की कुंठा उनके देश में आतंकवादी उद्योगों के आकाओं को लेकर होती तो अच्छा होता जिन्होंने आतंकवाद को सरकारी नीति का हिस्सा बना दिया है।

भाजपा आज करेगी देशव्यापी विरोध-प्रदर्शन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के विवादित बयान को लेकर भाजपा ने नाराजगी जताई है। भाजपा ने कहा है कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री का बयान बेहद शर्मनाक और अपमानजनक है। इतना ही नहीं भाजपा ने इस मुद्दे पर शनिवार को देश भर में उग्र प्रदर्शन करने का फैसला किया है। इससे पहले, शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने राजधानी दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।

विवादित बयान पर मिनाक्षी लेखी का हमला

विदेश राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध टिप्पणी करने के लिए पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो की आलोचना करते हुए कहा कि उनके पूर्वज कश्मीर, पंजाब, अफगानिस्तान, बलूचिस्तान और कराची में आतंकवाद के लिए जिम्मेदार थे। लेखी ने कहा, अगर किसी देश का विदेश मंत्री इस तरह का बयान दे रहा है तो यह उसे शोभा नहीं देता। यह वह देश है जो कई बार एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में शामिल हुआ था। वह जिस देश का प्रतिनिधित्व करते हैं, वह आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है।

चीनी अतिक्रमण पर चर्चा को लेकर विपक्ष का हंगामा

एजेंसियां

नयी दिल्ली। चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के सैनिकों ने अरुणाचल प्रदेश में तवांग सेक्टर के यांग्त्से क्षेत्र में भारतीय क्षेत्र में घुसने का प्रयास किया, लेकिन भारतीय सैनिकों ने इसे सफलतापूर्वक विफल कर दिया। हालाँकि सरकार ने संसद के दोनों सदनों को एक तैयार बयान के माध्यम से घटना के बारे में सूचित किया, जिसे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पढ़ा, इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए, कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष द्वारा बार-बार की गई माँगों को स्वीकार नहीं किया।

इस पिछले सप्ताह संसद के दोनों सदनों में कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दलों के साथ पूर्ण उग्र विरोध देखा गया, वॉक-आउट किया, नारे लगाए, दोनों सदनों के कुओं तक पहुंचे और यहां तक कि तख्तियां भी अंदर ले गए। संसद के चल रहे शीतकालीन सत्र के निर्धारित समय से छह दिन पहले 23 दिसंबर को समाप्त होने की अटकलों के साथ, केंद्र द्वारा इस मामले पर चर्चा के लिए विपक्ष की मांग को स्वीकार करने की संभावना अभी कम दिखती है। दोनों सदनों में नाटक तब शुरू हुआ जब राजनाथ सिंह ने 13 दिसंबर को संसद के दोनों सदनों में इस घटना पर एक बयान पढ़ा, जिसमें कहा गया था कि भारतीय सैनिकों ने बहादुरी और दृढ़ तरीके से चीनी सैनिकों को पीछे धकेल दिया था। जिसमें दोनों पक्षों को मामूली चोटें आई हैं। उन्होंने संसद को बताया कि हालांकि घटना के दौरान भारतीय पक्ष में किसी के हताहत होने या गंभीर रूप से हताहत होने की सूचना नहीं है।

संक्षिप्त खबर

मुख्तार की गैंगस्टर केस में दाखिल याचिका खारिज

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बाहुबली मुख्तार अंसारी की गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही के खिलाफ याचिका अर्थहीन करार देते हुए खारिज कर दी है। विशेष अदालत गाजीपुर द्वारा 10 साल कैद की सजा सुनाए जाने के बाद कोर्ट ने यह आदेश दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति समित गोपाल ने दिया है। याचिका पर अधिवक्ता उपेन्द्र उपाध्याय बहस कर रहे थे। इनका कहना था कि गैंग चार्ट का अनुमोदन जिलाधिकारी से नहीं लिया गया था। इसी आधार पर कार्यवाही की वैधता को चुनौती दी गई थी।

आरक्षी नशे में मचा रहा था हुड़दंग, निलंबित

बलिया। बलिया जिले के मनियर थाने में तैनात पुलिस आरक्षी का नशे में हुडदंग मचाने का वीडियो सोशल मीडिया पर सार्वजनिक होने के बाद उसे निलंबित कर जांच के आदेश दिए गए हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वहीं, बलिया पुलिस ने ट्वीट किया है कि पुलिस अधीक्षक आर. के. नैय्यर ने शुक्रवार को पुलिसकर्मी शैलेंद्र सिंह को निलंबित कर जांच के आदेश दिए हैं। जांच पुलिस उपाधीक्षक करेंगे।

चुनाव के दावेदारों से मिले अखिलेश

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पार्टी मुख्यालय पर नगर निकाय चुनाव के दावेदारों से मिले। उन्होंने कार्यकर्ताओं व नेताओं की बात सुनी और समस्या लेकर आए आम लोगों का दर्द भी सुना। उप चुनाव के बाद अखिलेश यादव पहली बार सपा मुख्यालय पहुंचे। निकाय चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान तमाम नगर पालिकाओं व नगर निगमों से आए सपा नेताओं ने उनके सामने अपनी बात और स्थानीय अंतर विरोध भी रखे। सपा अध्यक्ष ने कहा कि जिताऊ प्रत्याशी को ही टिकट दिया जाएगा। दावेदार कोई भी हो सकता है, लेकिन एक बार पार्टी जिसे टिकट दे दे, फिर सभी कार्यकर्ता उसे जी-जान से चुनाव लड़ाएं।

यूपी लोकसेवा आयोग के नाम से चिढ़ते थे युवाः सीएम योगी

431 वरिष्ठ प्राविधिक सहायकों को मिला नियुक्ति पत्र

संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को यहां कहा कि यूपी लोकसेवा आयोग पांच वर्ष पहले बदनाम केंद्र बन गया था। उसके नाम से युवाओं को चिढ़ होती थी, लगता था कि कहीं न कहीं यह प्रदेश के युवाओं से धोखा कर रही है। उस समय की स्थिति चिंताजनक थी, युवा आंदोलनरत था। सीबीआई जांच करानी पड़ी थी। वहां भेदभाव, भ्रष्टाचार की शिकायतें आ रही थीं। अयोग्य को चेयरमैन बना दिया गया था, जो चयन प्रक्रिया को भ्रष्टाचार की गर्त में भेजता था। अब चयन की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी हुई, इसलिए आप भी अपने क्षेत्र में ईमानदारी से प्रदेश के विकास में सहयोग दें और कृषि क्षेत्र में विकास की रफ्तार को डबल डिजिट में पहुंचाने में योगदान दें।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को लोकभवन सभागार में उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा अधीनस्थ कृषि सेवा (वर्ग-1) के लिए चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। शुक्रवार को मिशन रोजगार के तहत 431 वरिष्ठ प्राविधिक सहायकों को नियुक्ति पत्र दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी कुछ चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया। मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र पाने वालों में हर्षित त्रिपाठी, डॉ. स्तुति कृष्णा, राजमणि सिंह, सूरज मौर्या, विकास मिश्रा, सोमा, डॉ. प्रिया सिंह, चंद्रशेखर शर्मा, अभिषेक कुमार, शुभम सिंह, कुसुमलता आदि शामिल हैं।

यूपी में बड़ी आबादी की आजीविका का माध्यम है कृषिः मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि प्रधान देश में हम सबसे बड़े कृषि प्रधान प्रदेश में निवास कर रहे हैं। यूपी में कृषि बड़ी आबादी की आजीविका का माध्यम है। यूपी की अत्यंत उर्वरा भूमि, पर्याप्त जल, एवं मानव संसाधन, वैविध्यपूर्ण कृषि जलवायु संभावनाओं को बढ़ाती है। इसके लिए केंद्र व राज्य मिलकर अनेक प्रयास कर रहे हैं। प्रदेश में इन संभावनाओं को बढ़ाने के लिए अन्नदाताओं को समय पर अच्छी तकनीक, अच्छी बीज व समय के अनुरूप इन्हें अपडेट कर सकें। प्रदेश में 6 कृषि विश्वविद्यालय हैं, जो केंद्र व राज्य शासन के अधीन कार्य करते हुए प्रदेश में न केवल अच्छे कृषि स्नातक दे सकें, बल्कि किसानों के सहयोग के लिए उन तक प्रशिक्षित टीम को पहुंचा सकें। भारत सरकार के सहयोग से यूपी में 89 कृषि विज्ञान केंद्र (छोटे जनपदों में एक, बड़ों में दो) संचालित किए जा रहे हैं।

यूपी में कृषि सबसे अच्छी संभावनाओं वाला क्षेत्रः मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि हमें देश की अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन के रूप में प्रदेश को स्थापित करना है, तो उन सेक्टरों को चिह्नित करना पड़ेगा, जहां अच्छी संभावनाएं हैं। यूपी में कृषि, खेती-किसानी सबसे अच्छी संभावनाओं वाला क्षेत्र है। यूपी में जो क्षमता है, आगामी कुछ वर्षों में थोड़ा भी प्रयास कर लेंगे, बेहतरीन तकनीक, प्रामाणिक बीजों को उपलब्ध, प्रगतिशील किसानों का सहयोग लेकर तो तीन गुना क्षमता बढ़ाने की ताकत रखते हैं। यूपी खाद्यान्न उत्पादन में पूरी दुनिया का पेट भरने की क्षमता रखता है। कृषि के विकास दर को लगातार डबल डिजिट में ले जाने की तैयारी करना। 2014 में बागडोर संभालने के बाद पीएम मोदी ने इस दिशा में काफी प्रयास किए। पहली बार किसान भी शासकीय एजेंडे का हिस्सा बने। स्वायल हेल्थ कार्ड, पीएम फसल बीमा, पीएम कृषि सिंचाई योजना, पर ड्रॉप मोर क्रॉप, हर खेत को पानी जैसी योजनाएं शुरू हुई। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से यूपी के सर्वाधिक 2.54 करोड़ किसान लाभान्वित हो रहे हैं। पीएम कृषि सिंचाई योजना से यूपी में 22 लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचाई की अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध कराई।

» खाद्यान्न उत्पादन में पूरी दुनिया का पेट भरने की क्षमता रखता है यूपी : मुख्यमंत्री योगी

» 30 हजार किसानों को सोलर पंप उपलब्ध कराने के लिए कार्य कर रही सरकार : मुख्यमंत्री योगी

चयनित अभ्यर्थियों ने रखीं अपनी बातें

डॉ. स्तुति कृष्णा (वाराणसी) ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास की बदौलत पारदर्शी तरीके से नौकरी मिल पा रही है। मैं पूरी ईमानदारी से कार्य करते हुए कृषकों के उत्थान के लिए कार्य करूंगी। विकास ने कहा कि नियुक्ति पत्र पाकर गौरव की अनुभूति हो रही है। कृषि व अन्नदाताओं को यथासंभव किसानों की खुशहाली का प्रयास करूंगा। डॉ. प्रिया सिंह ने कहा कि प्रत्यक्ष को प्रमाण की आवश्यकता नहीं होती। यह सिद्ध हुआ। कृषि मूल्य ही जीवन की बात कही। चंद्रशेखर शर्मा ने कहा कि स्वप्न के साकार होने जैसा है। हमारा आत्मविश्वास रसातल में चला गया था। रोजगार का छोटा लाभांश योगी शासन में हमें भी मिला, इसके लिए आभार। ग्रुप की टॉपर कुसुमलता ने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया पारदर्शी हुई है। कृषि योजनाओं को अन्नदाताओं तक प्रचारित-प्रसारित करूंगी। इससे उनके आय व उत्पादन में कीर्तिमान स्थापित कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने अभ्यर्थियों को दिया मंत्र

मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को मंत्र देते हुए कहा कि अन्नदाता किसानों से संवाद करें। जिस क्षेत्र में काम कर रहे, सिर्फ उसी की नहीं, बल्कि केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेना और प्रगतिशील किसानों के साथ बैठना, समूहों को अपडेट करना और शासन की योजनाओं की कार्रवाई को बढ़ाने में जुड़ेंगे तो बेहतर परिणाम आएंगे। पीएम की मंशा के अनुरूप 5 ट्रिलियन डालर की इकॉनामी बनाने में यूपी को यदि वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनामी बनाने में हमें भी योगदान देना होगा। यह हम सबका दायित्व भी है। किसानों के जीवन में परिवर्तन लाकर, शासन की योजनाओं से जोड़कर, जानकारी उपलब्ध कराकर जिम्मेदारियों का निर्वहन कर जनपद व प्रदेश के बारे में बहुत कुछ कर सकते हैं। सीएम ने युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ाते हुए कहा कि आपका कार्य मॉडल बन सकता है। वह आपके नाम से जाना जाएगा। लोग उसे याद रखेंगे।

सुकेश मामले में जांच कमेटी ने सौंपी रिपोर्ट

एजेंसियां

नयी दिल्ली। धोखाधड़ी मामले में जेल में बंद सुकेश चंद्रशेखर के आरोपों की जांच कर रही कमेटी ने रिपोर्ट उपराज्यपाल कार्यालय को सौंप दी है। कमेटी ने मामले की जांच किसी और एजेंसी से करवाने की सिफारिश की है। सुकेश से जेल में मुलाकात कर कमेटी इस सिलसिले में दो बार बयान दर्ज कर चुकी है। सुकेश ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए थे। इस मामले की जांच के लिए प्रधान सचिव (गृह) की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय कमेटी की रिपोर्ट में सुकेश ने करोड़ों रुपये देने के आरोप को दोहराया है।

सुकेश ने जेल में बंद दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन को 60 करोड़ (50 करोड़ आप से राज्यसभा सीट हासिल करने जबकि 10 करोड़ रुपये सुरक्षा राशि) सहित जेल के तत्कालीन महानिदेशक संदीप गोयल को देने का आरोप लगाया था। कमेटी ने 14-15 नवंबर को मंडोली जेल में दो बार सुकेश के बयान दर्ज किए। सुकेश ने बयान में आरोप को दोहराया है कि असोला माइंस स्थित परिवहन मंत्री के फार्म हाउस पर सत्येंद्र को 50 करोड़ रुपये का किश्तों में भुगतान किया गया। इस वित्तीय लेनदेन की मुख्यमंत्री को भी जानकारी होने की बात कही। बयान में उसने कहा कि मुख्यमंत्री के साथ जैन और गहलोत भी सुकेश की ओर से एक अग्रणी होटल में आयोजित डिनर में शामिल हुए थे। 2017 में आयोजित इस पार्टी में आखिरी किश्त का सुकेश ने भुगतान करने की बात कही। सुकेश ने जांच समिति को दिए बयान में कहा है कि उसके पास सत्येंद्र के व्हाट्सएप चैट में राशि, भुगतान का समय और जगह के बारे में दी गई का भी सबूत है और जरूरत होने पर जांच एजेंसी के समक्ष इसे पेश किया जाएगा। सुकेश ने खुलासा किया है कि हर बार उसने सत्येंद्र जैन को उसी फार्महाउस में राशि का भुगतान किया। इसी सिलसिले में मुख्यमंत्री से भी बातचीत करने की अनुमति भी दी गई। सुकेश ने बताया कि जैन ने ही उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से मुलाकात करवाई और उनके संपर्क में रहने को कहा। इसकी जानकारी प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई अधिकारियों को भी दी थी।

» अरविंद केजरीवाल और सत्येंद्र जैन पर लगे हैं गंभीर आरोप

फिर साइकिल पर सवार हुए आबिद रजा

बदायूं। पूर्व विधायक आबिद रजा की एक बार फिर से सपा में वापसी हो गई है। शुक्रवार को लखनऊ में उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के समक्ष सपा की सदस्यता ग्रहण की। आबिद के सपा में शामिल होने के बाद नगर पालिका बदायूं के अध्यक्ष पद पर उनकी पत्नी पूर्व चेयरमैन फात्मा रजा के सपा से चुनाव मैदान में उतरने की चर्चा को और बल मिल गया है। सपा के संस्थापक सदस्य आजम खां के करीबी माने जाने वाले आबिद रजा नगर पालिका चेयरमैन भी रह चुके हैं। उन्होंने 2012 के विधानसभा चुनाव में शहर विधानसभा सीट से सपा के टिकट पर चुनाव लड़ा और विधायक चुने गए। इसके बाद वह अपनी पत्नी फात्मा रजा को नगर पालिका चेयरमैन बनवाने में भी कामयाब हो गए। वर्ष 2016 में अंडरग्राउंड बिजली केबल को लेकर आबिद रजा की तत्कालीन सांसद धर्मेंद्र यादव से तकरार हो गई। सियासी रूप से कमजोर होने से बचने के लिए उन्होंने विभिन्न सीटों पर सपा के विरोध में चुनाव प्रचार भी किया। लंबे समय के बाद अब आबिद रजा की सपा में वापसी हो गई है। इस दौरान उनके साथ पूर्व सांसद सलीम शेरवानी भी रहे।

नीतीश कुमार 50 लोगों की मौत पर हंस रहे हैं...: प्रशांत किशोर

संवाददाता

सीतामढ़ी। जन सुराग यात्रा के दौरान शिवहर पहुंचे चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने कहा कि उन्हें अफसोस है कि उन्होंने वर्ष 2014-15 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मदद की। पीके ने कहा कि केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में कुछ यात्रियों की मौत पर रेल मंत्री रहे नीतीश कुमार ने पद से इस्तीफा दे दिया था।

» शराबबंदी से हर वर्ष 20 हजार करोड़ का नुकसान

वही नीतीश कुमार कोरोना महामारी के दौरान जब बिहार के लाखों लोग भूख से बिलबिला रहे थे, पैदल अपने घर लौट रहे थे, उस वक्त वो अपने घर से नहीं निकले थे। इतना ही नहीं, छपरा में जहरीली शराब से हो रही मौत पर भी नीतीश कुमार ने अपनी संवेदना जताने तक का काम नहीं किया। पीके ने कहा कि नीतीश कुमार आज 50 लोगों की मृत्यु पर हंस रहे हैं और कह रहे हैं, जो पिएगा वो मरेगा ही। ऐसे अहंकारी और असंवेदनशील व्यक्ति का नाश निश्चित है। प्रशांत किशोर ने कहा कि शराबबंदी से हर वर्ष 20 हजार करोड़ रुपये राजस्व का नुकसान हो रहा है। इसकी भरपाई नीतीश कुमार डीजल और पेट्रोल पर टैक्स बढ़ाकर कर रहे हैं। यह 20 हजार करोड़ रुपये शराब माफिया, पुलिस और प्रशासन ने बैठे भ्रष्ट तंत्र की जेब में जा रहा है। शराब की होम डिलेवरी हो रही है। जो पीने वाले हैं, वो पी ही रहे हैं। शराबबंदी से कोई सामाजिक बदलाव संभव नहीं है। दुनिया में इसका उदाहरण या प्रमाण नहीं है। प्रशांत किशोर ने महात्मा गांधी का हवाला देकर शराबबंदी का समर्थन करने वालों को चुनौती दी है। पीके ने कहा कि महात्मा गांधी ने कभी भी यह नहीं कहा कि सरकार के द्वारा शराबबंदी किया जाना चाहिए।

बच्ची से बलात्कार का आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

संवाददाता

भदोही। यूपी के भदोही जिले के एक गांव में 8 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के मामले में पुलिस ने गुरुवार देर रात मुठभेड़ के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से तमंचा बरामद हुआ है। महाराजगंज मार्ग पर लठियानहर के पास हुई मुठभेड़ में आरोपी के दोनों पैर में गोली लगी है। चौरी थाना प्रभारी के बुलेट प्रुफ जैकेट पर भी गोली लगी।

गुरुवार तड़के बच्ची का शव घर से थोड़ी दूर पर झाड़ियों में मिला था। परिजनों ने दुष्कर्म के बाद बच्ची की हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने इस मामले में परिजनों की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की थी। बच्ची के साथ हुई घटना के बाद पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने आरोपी पर 25 हजार का इनाम घोषित कर दिया था।

» दोनों पैर में लगी गोली, पुलिस को देख भाग रहा था

पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। देर रात पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी। इस दौरान लठियानहर के पास आरोपी नींबूलाल बनवासी के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई। पुलिस की दो टीमों ने घेरेबंदी कर आरोपी को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी।

देश की एकात्मकता का आधार हैं हमारी संस्कृतियाः अमित शाह

संवाददाता

वाराणसी। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यहां काशी तमिल संगमम के आयोजन की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि आज तमिल संगमम का अंतिम दिन है लेकिन यह पूर्णाहुति नहीं है। यह तो एक शुरुआत है। सांस्कृतिक विरासत के मिलन की शुरुआत है।

» काशी तमिल संगमम के समापन समारोह में शामिल हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह

अमित शाह काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के एंफीथिएटर मैदान में आयोजित काशी तमिल संगमम के समापन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह भारत की दो महान सांस्कृतिक धरोहरों का अद्भुत संगम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच का नतीजा है कि देश की दो सबसे प्राचीन संस्कृति आज एक साथ हैं। ये प्रयास तो आजादी के बाद ही होना चाहिए था लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि गुलामी के लम्बे कालखंड के बाद आजादी के अमृत महोत्सव में ये कार्यक्रम हुआ है। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि लंबे समय से हमारे देश की संस्कृतियों को जोड़ने का प्रयास नहीं हुआ था। प्रधानमंत्री मोदी ने काशी तमिल संगमम के माध्यम से सदियों बाद ये प्रयास किया है। ये प्रयास पूरे देश की भाषाओं और संस्कृतियों को जोड़ने का सफल प्रयास सिद्ध होगा। यहीं से सांस्कृतिक पुनर्जागरण की शुरुआत होने वाली है। गृहमंत्री ने कहा कि भारत की आजादी के अमृतकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सांस्कृतिक पुनर्जागरण का काम किया है। मैं इसके लिए उन्हें बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं। गृहमंत्री ने कहा कि भारत अनेक संस्कृतियों, भाषाओं, बोलियों और कलाओं से बना हुआ देश है। इन सबके बीच में बारीकी से देखें तो उसकी आत्मा एक है और वह भारत की आत्मा है। दुनिया के अन्य देश जिओ पॉलिटिकल आधार बने हुए हैं, लेकिन भारत के साथ ऐसा नहीं है। हमारे देश की एकात्मकता का आधार हमारी संस्कृतियां हैं। अमित शाह ने कहा कि हम भू सांस्कृतिक देश हैं, इसलिए हमारे देश का आधार संस्कृतियां हैं। उन्होंने इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि दक्षिण से आदिशंकर अपना ब्रह्मसूत्र लेकर आए और काशी के विद्वानों के समक्ष उसकी स्वीकार्यता सिद्ध कराई।

घर-घर तक ले जाएं यूपी की मधुर स्मृतियांः सीएम

काशी, प्रयाग और अयोध्या यात्रा की मधुर स्मृतियों को आप सब तमिलनाडु के घर घर तक पहुंचाएंगे। साथ ही तमिलनाडु के लोगों को यूपी आने के लिए प्रेरित करेंगे ऐसा मुझे विश्वास है। उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु भारत की कला और संस्कृति के महत्वपूर्ण केंद्र बिंदु हैं, इसके साथ ही दोनों प्रदेश भारत में एमएसएमई के सबसे बड़े सेंटर भी हैं। इन दोनों प्रदेशों की सांस्कृतिक विचारधाराओं के संगम से न सिर्फ समृद्धि के द्वार खुलेंगे, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक भारत श्रेष्ठ भारत का संकल्प भी साकार होगा। ये बातें प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बीएचयू के एम्फी थियेटर मैदान में आयोजित काशी तमिल संगमम के समापन समारोह में कही। उन्होंने कहा कि तमिल कार्तिक मास से काशी तमिल संगमम का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान शिव की इस पवित्र भूमि पर किया था। बीते एक माह में तमिलनाडु से 12 अलग-अलग ग्रुपों ने यहां आकर दुनिया की प्राचीनतम सभ्यता और संस्कृति के साथ एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को मूर्त रूप देने का कार्य किया है।

कैशलेस चिकित्सा बीमा योजना के खिलाफ शिक्षकों का विरोध जारी

- सीएम को भेजा ज्ञापन
- बेसिक शिक्षा विभाग की कैशलेस चिकित्सा बीमा योजना के खिलाफ सीएम को भेजा ज्ञापन
- राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने विभागीय आदेश के खिलाफ लगातार कर रहा विरोध प्रदर्शन

संवाददाता।

रायबरेली। बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों पर विभाग की तरफ से जबरन थोपी जा रही शुल्कयुक्त कैशलेस चिकित्सा बीमा योजना का विरोध शुरू हो गया है। शुक्रवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा। इससे पहले पदाधिकारियों ने जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय से जिलाधिकारी कार्यालय तक विरोध प्रदर्शन करते हुए पैदल मार्च किया। बता दें, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों ने कैशलेस चिकित्सा बीमा योजना के विभागीय आदेश की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन किया।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश संगठन मंत्री शिवशंकर सिंह एवं जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने बताया कि आज मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजकर हम लोगों ने इस कैशलेस चिकित्सा सुविधा का विरोध जताया है। बेसिक शिक्षा मंत्री की तरफ से 24 अप्रैल को शिक्षकों को 100 दिन में कैशलेश चिकित्सा सुविधा दिये जाने सम्बन्धी सोशल मीडिया पर ट्वीट किया गया था। शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा दिये जाने के आपके निर्देश की बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी अवहेलना कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आपके निर्देश पर सात माह बाद शिक्षकों को सशुल्क स्वास्थ्य बीमा पालिसी दिलवाने के प्रयास में हैं। इसी क्रम में सचिव बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा सशुल्क चिकित्सा बीमा का आदेश भी जारी किया गया है।

उन्होंने बताया कि बेसिक शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए विभाग की तरफ से कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना के नाम पर बीमा कंपनियों को लाभ पहुंचाने की नीयत से भारी भरकम प्रीमियम राशि नियत की गई है। प्रदेश संगठन मंत्री शिवशंकर सिंह ने कहा कि सरकार शिक्षकों के साथ कैशलेश के नाम पर छलावा कर रही है। प्रदेश भर का राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ प्रदेश सरकार के इस सौतेलेपन का विरोध करता है।

जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव पी0एस0 बघेल ने सात दिसंबर को एक विभागीय आदेश कर दिया और आज बीएसए के ऊपर टारगेट भी सेट कर दिया गया है। अब इससे साफ है कि भविष्य में शिक्षकों का शोषण बीमा प्रीमियम के नाम पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिक्षकों को कैशलेस बीमा योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए स्वयं शिक्षक को ही बीमा के प्रीमियम का भुगतान करना होगा जो कि अत्यंत निंदनीय एवं शिक्षक विरोधी है। जिला महामंत्री संजय कनौजिया ने कहा कि सचिव का आदेश शिक्षक, शिक्षा एवं समाज विरोधी है जिसे हमारा शिक्षक इस काले कानून को कभी भी स्वीकार नहीं करेगा। जिला संगठन मंत्री मधुकर सिंह ने कहा कि सरकार ने सौतेला व्यवहार करके शिक्षकों को धोखा दिया है जिसे हमारे शिक्षक कभी भी किसी भी परिस्थिति मे स्वीकार नहीं करेगा।

आज के ज्ञापन पत्र देने में प्रदेश मंत्री डॉ0 श्वेता, कविता गौतम, प्रतिमा सिंह, प्रतिभा सिंह, हरि मोहन यादव, अनुराग सिंह, हरिशरण मौर्य, अनूप सिंह,अनुपम त्रिपाठी, अमित बाजपेई, आशुतोष मौर्य, संजय सिंह, रामभरत राजभर, अवनीश सिंह, विनोद यादव, धर्मेंद्र राम, आनन्द प्रताप सिंह, अनुराग मिश्रा, बिन्धादीन, राकेश गौतम, विनोद कनौजिया, मनीष मौर्य , मोहित पटेल, पंकज सिंह, दीपक पाण्डेय, अखिलेश चौरसिया, रामेश्वर प्रसाद नाथ, रंजीत पाल, धीरेन्द सिंह,दिनेश पाल, आनन्द कुमार, रवीन्द्र सिंह यादव, डॉ संदीप सोनकर,सुनीता देवी,नीरज,हनी गुलाटी, प्रियंवदा पाण्डेय, सुषमा सिंह,नीतू श्रीवास्तव, गीता मौर्या, सुरेश यादव, अनिरुद्ध, शैलेन्द प्रताप सिंह,अजय शंकर शुक्ल, आदि उपस्थित रहे।

उप जिला अधिकारी ने लगाई बिकास खण्ड के बरांय गांव में जन चौपाल

- हो रही ग्रामीण क्षेत्रों में उपजिलाधिकारी स्वेता पाण्डेय की सराहना

संवाददाता।

चरखारी-महोबा। सरकार की मंशानुरूप गरीब आदमी को सस्ता व त्वरित समाधान के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी श्वेता पाण्डे की अध्यक्षता मे चौपाल लगा कर जन मानस की समस्यायों की सुनवाई की गई जिसमे ग्राम वासियों ने प्रधान मंत्री आवास योजना के अन्तर्गत आवास की मांग की, एवं शौचालय, किसान सम्मान निधि, अति वृष्टि में जिन किसानों को अभी तक पैसा नही मिला पैसा दिलवाने, पात्र व्यक्तियों को पेंशन, बन्द चक मार्गो को खुलवाने, एवं खरीफ फसल के नुकसान पर बीमा कंपनी द्वारा मुआवजा नहीं दिया गया जबकि रबी की फसल के बीमा का समय आ गया है किसानों ने बीमा क्लेम राशि जल्द दिलाए जाने की मांग की प्राप्त शिकायती पत्रों में तत्परता दिखाते हुऐ उप जिलाधिकारी ने अधिकारियों को समस्याओं पर तुरन्त कार्यवाही के निर्देश दिए। मौके पर खण्ड विकास अधिकारी आर के सेठ, तहसीलदार डा राय,नायब तहसीलदार, पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान व लेखपाल आदि मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में दो दिन से लापता अधेड़ का शव पड़ा मिला

- बुधवार की रात घर से गांव में आयी बारात देखने के लिए निकला था मृतक

संवाददाता।

मुसाफिरखाना-अमेठी। बुधवार की रात घर से गांव में आयी बारात देखने के लिए निकले दो दिन से लापता अधेड़ का शव घर के बगल संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला सुबह जानकारी होने पर परिजनों ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस घटना से जुड़े तथ्यों की जानकारी कर विधिक कार्यवाही करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजवाया। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के पूरब बेसारा निवासी अयोध्या प्रसाद उम्र 46 वर्ष पुत्र रामफली बुधवार की रात पत्नी से पैसा मांगकर घर से गांव में आयी बारात देखने के लिए निकला था। देर रात घर वापस न लौटने पर परिजनों ने आसपास खोजबीन की कहीं पता नहीं चला शुक्रवार की सुबह मृतक अयोध्या प्रसाद का शव घर के बगल संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला परिजनों ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी सूचना पर सीओ गौरव सिंह प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह मय हमराही पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। घटना से जुड़े तथ्यों की जानकारी हासिल की मृतक की पत्नी सीतापति की तहरीर पर कोतवाली पुलिस विधिक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजवाया इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी के अनुसार मृतक अयोध्या अक्सर शराब पीता था बाहर जाने पर दो-तीन दिन बाद घर वापस आता था इन्होंने कहा कि घटना के संबंध में पुलिस गहनता से जांच पड़ताल कर रही है पीएम रिपोर्ट आने के उपरांत स्थिति स्पष्ट होगी मृतक के परिवार में पत्नी सीतापति व 2 पुत्र राजू 12 वर्ष दीपक 10 वर्ष पुत्री रूचि 8 वर्ष है घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

अबैध रूप से चल रहे मेडिकल स्टोर पर ड्रग टीम का छापा

संवाददाता।

सुलतानपुर। लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित रवनिया पश्चिम मेडिकल स्टोर पर ड्रग टीम का छापा। बिना लाइसेंस के चलता मिला मिर्जा मेडिकल स्टोर। ड्रग टीम के छापे से दवाओं के अवैध कारोबारियों में मचा हड़कंप। ड्रग इंस्पेक्टर अनीता कुरील बोली,अवैध रूप से चल रहा था मेडिकल स्टोर। की जा रही सीज करने की कार्रवाई।

न्यूज

सीओ की अगुवाई में पुलिस ने नगर में किया पैदल मार्च

संवाददाता, जालौन (उरई)। सन्निकट निकाय चुनाव के चलते लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाने के लिए सीओ के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने नगर की सड़कों पर पैदल मार्च किया। सीओ उमेश पांडेय के निर्देश पर प्रभारी कोतवाल आनंद सिंह सहित पुलिस के जवानों ने गुरुवार की देर शाम नगर की सड़कों पर पैदल मार्च निकाला। नगर की सड़कों पर उतरी पुलिस को देखकर लोगों को पता चला कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए सड़कों पर नजर आ रही है तो लोगों को सुरक्षा का अहसास हुआ। कोतवाली से निकले पुलिस कर्मी कोतवाली रोड से तहसील रोड होकर पानी की टंकी, बस स्टैंड से झंडा चौराहा सब्जी मंडी से होकर पुनः कोतवाली पहुंचे। इस दौरान प्रभारी कोतवाल ने दुकानदारों व राहगीरों से नगर की हलचल के संबंध में जानकारी ली और उन्हें भरोसा दिलाया कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए है। कोई उन्हें परेशान करता है तो तत्काल पुलिस की सहायता लें। इस मौके पर एसआई कल्लू प्रसाद, विपिन कुमार, शिवभूषण वर्मा, प्रभाकर आदि मौजूद रहे।

कोर्ट के आदेश पर महिला से अभद्रता, मंगलसूत्र छीनने का मामला दर्ज

संवाददाता, जालौन (उरई)। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने ग्राम छिरिया सलेमपुर में 4 युवकों द्वारा घर में अकेली महिला के साथ अभद्रता एवं तमंचा दिखाकर मंगलसूत्र छीन लेने की रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी श्याममूर्ति पत्नी मानसिंह ने बताया कि बीती 13 अक्टूबर की रात करीब साढ़े 7 बजे वह घर पर अकेली थी। पति व ससुर आदि परिवार के लोग दूसरे मकान पर गए थे। इसी दौरान गांव के राहुल अपने 4 साथियों के साथ उसके घर आ धमके और तमंचा दिखाते हुए गाली गलौज करने लगे। तमंचा दिखाते हुए उन्होंने करवा चौथ के दिन उनका मंगलसूत्र छीन लिया। महिला का आरोप है आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए उनके साथ अभद्रता की। जिसकी शिकायत उसने कोतवाली पुलिस से की थी। लेकिन रिपोर्ट दर्ज न होने पर उसने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उक्त संदर्भ में प्रभारी कोतवाल आनंद सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस जांच कर उचित कार्रवाई कर रही है।

पेड़ से गिरकर युवक की हुई मौत

संवाददाता, लालगंज रायबरेली। पेड़ से गिरकर हुई युवक की मौत जानकारी मिलते ही परिवार में मचा कोहराम रायबरेली जनपद के लालगंज क्षेत्र में ताजा मामला देखने को मिला जहां पर एक युवक की पेड़ से गिरकर उसकी मौत हो गई हैद्य वहीं मृतक के भाई ने बताया कि पेड़ पर कैथा तोड़ने के लिए चढ़ा था तभी वह अचानक गिर गया आनन-फानन में उसे लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया वही मौके पर पहुंची पुलिस आवश्यक कार्यवाही में जुट गई है द्य मृतक युवक का नाम जोगराज सोनकर उम्र लगभग 40 वर्ष बताया जा रहा है पूरा मामला लालगंज क्षेत्र के पूरे जालिम सिंह का हैं।

40 लीटर अवैध शराब सहित एक अभियुक्ता गिरफ्तार

संवाददाता, बछरावां रायबरेली। थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध मादक द्रव्यों के निर्माण/बिक्री/तश्करी के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत सोशल मीडिया पर वायरल हुई खबर का संज्ञान लेकर थाना बछरावां पुलिस टीम द्वारा मुखबिरखास की सूचना पर अभियुक्ता धुन्ना पत्नी श्यामलाल पासी निवासी थुलेंडी थाना बछरावाँ रायबरेली को 40 लीटर अपमिश्रित अवैध शराब के साथ थाना क्षेत्र के वृहद ग्राम थुलेंडी से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है जिसके विरूद्ध थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या-736/2022 धारा-60(1) आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी है ।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उप-निरीक्षक कृष्णचन्द थाना बछरावां आरक्षी राजेन्द्र कुमार थाना बछरावां ।आरक्षी हरेन्द्र कसाना थाना बछरावा, आरक्षी विशाल दलाल थाना बछरावां, आरक्षी कौशलेन्द्र सिंह थाना बछरावां जनपद रायबरेली महिला आरक्षी दीपमाला सिंह थाना बछरावां जनपद रायबरेली, महिला आरक्षी अंजलि थाना बछरावां जनपद रायबरेली मौजूद रहे।

पेंशनर्स दिवस का आयोजन आज

संवाददाता, लखीमपुर खीरी। वरिष्ठ कोषाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि 17 दिसंबर दिन शनिवार को पेंशनर्स दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में दोपहर 12:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने जिले के सभी पेंशनर्स संगठन एवं पेंशनरों से अनुरोध किया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यक्रम में प्रतिभाग कर उसे सफल बनाए। उन्होंने बताया कि पेंशन संबंधी समस्त समस्याओं का निदान एवं समाधान किया जाएगा। इसमें सभी कार्यालय अध्यक्ष भी मौजूद रहेंगे।

19 दिसंबर को इंडिया गेट पर पहुंचेगी शहीद रज कलश यात्रा

- इंडिया गेट दिल्ली पर नेशनल वार मेमोरियल पर शहीदों को दी जाएगी श्रद्दांजलि

संवाददाता।

मैनपुरी/ बेवर। शुक्रवार को पूर्व सैनिक संगठन द्वारा विजय दिवस के अवसर पर कस्बे के सुभाष पार्क स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्दांजलि अर्पित की गई।मिशन अमर शहीद अमर जवान की ओर से काकोरी कांड के शहीदों की शहादत की स्मृति में बेवर, मैनपुरी से इंडिया गेट दिल्ली तक शहीद रज कलश यात्रा का आयोजन किया जाता रहा है।

शहीद रज कलश यात्रा का शुभारंभ नगला ठकुरी गांव में बने शहीद मंदिर, राष्ट्र धर्म स्थल से हुआ । यात्रा में शहीदो की समाधि स्थल की पावन माटी को कलश में लेकर प्रति वर्ष इंडिया गेट अमर जवान ज्योति व राष्ट्रीय शहीद स्मारक पर श्रद्धाजलि दी जाती है। 16दिसंबर को पूर्व सैनिक संगठन व मिशन अमर शहीद अमर जवान के कार्यकर्ता क्षेत्र के शहीद स्मारकों से रज कलश यात्रा लेकर सुभाष पार्क पहुंचे जहाँ सभी ने सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्दांजलि दी। मिशन अमर शहीद अमर जवान के सदस्य धर्मेंद्र अज्ञानी ने जानकारी देते हुए बताया कि शहीद श्रद्दांजलि यात्रा 18 दिसंबर को इंडिया गेट दिल्ली के लिए रवाना होगी।

19 दिसम्बर को काकोरी कांड के शहीदों की शहादत दिवस पर इंडिया गेट पर नेशनल वार मेमोरियल पर शहीदों को श्रद्धांजलि देकर यात्रा का समापन होगा। इस मौके पर कैप्टन मोहन श्याम सिंह, कैप्टन हरिराम यादव, धर्मेंद्र अज्ञानी, अरुण दीक्षित, राम प्रकाश प्रजापति ,ठाकुर अजेंद्र सिंह, मोहित यादव, सुभाष आचार्य, रजनीश यादव ,वीरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

ब्रेक फेल होने से डीसीएम खोखे में घुसी, चालक घायल

संवाददाता, मैनपुरी। उत्तर प्रदेश के जनपद मैनपुरी के बेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सैफई से कलकत्ता जा रही डीसीएम के ब्रेक फेल होने से देर शाम जीटी रोड वन्त होटल के निकट रखे खोखे में जा घुसी।जिससे चालक घायल हो गया।वहीं खोखे में कोई न होने के चलते जनहानि होने से बच गयी। घायल डीसीएम चालक प्रभाकर निवासी नगला छिदू थाना कुरावली डीसीएम लेकर भोंगाव से बेवर की ओर जा रहा था।शाम साढ़े छह बजे जैसे ही वह वन्त होटल के निकट पहुंचा डीसीएम के ब्रेक फेल हो गए जिससे अनियंत्रित डीसीएम सड़क किनारे रखे खोखे में जा घुसी जिससे डीसीएम व खोखा क्षतिग्रस्त हो गया साथ ही चालक मामूली घायल हो गया।घायल चालक को पुलिस द्वारा अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गयी।गनीमत यह रही कि खोखे का आसपास कोई व्यक्ति नहीं था अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

चरखारी में श्रम विभाग की टीम ने दो बाल श्रमिकों को कराया मुक्त

संवाददाता।

- साप्ताहिक बंदी के दिन कस्बे में श्रम प्रवर्तन विभाग का चला अभियान
- 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से मज़दूरी कराना कानूनन जुर्म

चरखारी, महोबा। चरखारी कस्बे में शुक्रवार को साप्ताहिक बंदी का दिन रहता है लेकिन साप्ताहिक बंदी को लेकर कस्बे के व्यापारी सही ढ़ंग से पालन नहीं करते जिसको लेकर शुक्रवार को श्रम प्रवर्तन विभाग द्वारा कस्बे में अभियान चलाया गया।

बता दें कि श्रम प्रवर्तन विभाग के नियमानुसार 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से मजदूरी कराना कानूनन अवैध है,बाल श्रम करवाते पाए जाने पर बाल श्रम कानूनों के तहत दंड का भी प्रावधान है, उत्तर प्रदेश सरकार वर्ष भर विभिन्न अभियानों को चलाकर बाल श्रम करते पाए जाने वाले बच्चों का चिन्हांकन करके बच्चों के मौलिक अधिकारों के तहत बाल श्रम से मुक्त कराती है और लोगों को भी बाल श्रम के प्रति जागरूक करती है।उत्तर प्रदेश सरकार बाल श्रम पर रोक लगाने का निरंतर प्रयास कर रही है, श्रम विभाग बचपन को मजदूरी और मजबूरी की बेड़ियों से स्वतंत्रता दिलाने के लिए बालश्रम उन्मूलन अभियान चलाए हुए है जिससे बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा की जा सके।

इसी क्रम में शुक्रवार को चरखारी नगर में साप्ताहिक बंदी के दौरान श्रम प्रवर्तन अधिकारी महेंद्र सिंह चौहान ने दो दुकानों पर बाल श्रम करते हुए दो बच्चों गोलू पुत्र बबलू और पूना पुत्र फरीद का चिन्हांकन किया।चिन्हांकन करने के उपरांत उपरोक्त दोनों 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से बात करते हुए उनके माता-पिता को हिदायत दी गई कि बच्चों से किसी भी प्रकार का श्रम या मजदूरी ना कराएं इन्हें स्कूल में डालें और अपने बच्चों को भविष्य बनाने में सहयोग करते हुए जागरूक बने।बच्चों के माता-पिता को हिदायत देने के साथ ही दोनों बाल श्रम करने वाले चिन्हांकित किये गये बच्चों को उनके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया।बच्चों के माता-पिता ने कहा कि कभी अपने बच्चों से बालश्रम नहीं करवायेंगे।श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि श्रम विभाग की टीम निरंतर दुकानों प्रतिष्ठानों पर छापेमारी करके बाल श्रमिकों को मुक्त करा रही है,उसी अभियान के तहत चरखारी में दोनों बच्चों का चिन्हांकन किया गया।

आबकारी की संयुक्त टीम ने अवैध शराब कारोबारियों के ठिकानों को किया नेस्तनाबूद

45 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर मौके पर धधकती हुई भट्टियों को किया नष्ट

संवाददाता।

रायबरेली। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश महोदय के निर्देशानुसार एवं जिलाधिकारी महोदया रायबरेली श्रीमती माला श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक महोदय श्री आलोक प्रियदर्शी के आदेशानुसार जिला आबकारी अधिकारी रायबरेली श्री रविन्द्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में अवैध शराब के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में आज दिनांक 16 दिसंबर 2022 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 आनन्द पाठक व आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 1,3,6 मय जनपदीय टीम के साथ थाना बछरावां के अंतर्गत स्थित ग्राम थुलेंडी व थाना शिवगढ़ स्थित ग्राम हरिहरपुर में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों, सरपत के जंगलों आदि में दबिश की कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान अवैध भट्टियों को तोड़ते हुए लगभग 45 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 800 किलोग्राम महुआ लहन मौके पर नष्ट किया गया। आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। साथ ही ग्राम के लोगों को नकली सस्ती मदिरा से दूर रहने व उक्त के सेवन से जनस्वास्थ्य को होने वाली हानियों के प्रति जागरूक किया गया तथा टोल फ्री नंबर 14405 का प्रचार प्रसार किया गया। गांव में या आस -पास किसी भी व्यक्ति द्वारा यदि अवैध शराब बनाने या बेचने का काम किया जाता है तो इसकी गोपनीय सूचना आबकारी विभाग व पुलिस को देने के लिए कहा गया। सूचना देने वाले का नाम व पता गोपनीय रखा जाएगा। जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

कांग्रेस द्वारा निकाली गई प्रांतीय भारत जोड़ो यात्रा

संवाददाता।

चरखारी (महोबा)। चरखारी में आज कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रांतीय भारत जोड़ो यात्रा निकाली गई, जो चरखारी में दीनदयाल उपाध्याय उद्यान से होते हुए बस स्टैंड, डयोढीं दरवाजा, झंडा बाजार, सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, कांग्रेश की प्रांतीय भारत जोड़ो यात्रा महोबा मुख्यालय होते हुए चरखारी आई थी। कांग्रेसी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मिले कदम जुड़े वतन के नारे लगा रहे थे, यात्रा में प्रदेश और केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध जताया गया। आज की कांग्रेश भारत जोड़ो यात्रा में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय कांग्रेसी सम्मिलित रहे। महिलाओं की भी काफी अच्छी संख्या देखी गई। कॉन्ग्रेस की प्रांतीय भारत जोड़ो यात्रा में प्रांतीय अध्यक्ष अनिल यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष जयवंत सिंह, प्रदेश महासचिव राहुल राय, अनुज मिश्रा प्रदेश सचिव, तुलसीदास लोधी जिलाध्यक्ष, आफाक सरवर पूर्व जिलाध्यक्ष, निर्दोष दीक्षित पूर्व प्रत्याशी चरखारी विधानसभा, महिला जिला अध्यक्ष मामा भारती, पीसीसी संतोष कुमार धुरिया, पीसीसी ब्रजराज सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष चरखारी नंदराम मुखिया, रामकिशन मिश्रा, वीरेंद्र व्यास, रणविजय सिंह, शैलेंद्र विश्वकर्मा जिला सचिव, राजीव खान जिला महासचिव, पूर्व जिला सचिव अकील अहमद खान आदि कांग्रेसी पदाधिकारीयौ बड़ी संख्या में आम लोगों की सहभागिता रही।

डिप्टी सीएम ने नीदरलैंड सरकार से निवेश पर चर्चा की

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के पहले उत्तर प्रदेश आएगा नीदरलैंड का प्रतिनिधिमंडल

आवाज़ प्लस डेस्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उच्च शिक्षा एवं आईटी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के साथ व प्रतिनिधिमंडल के साथ उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में प्रतिभाग करने व उत्तर प्रदेश में निवेश करने के संबंध में नीदरलैंड सरकार के साथ आज द्विपक्षीय वार्ता की। उन्होंने नीदरलैंड के भारत के साथ फारेन इकोनामिक रिलेशन को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।

द्विपक्षी वार्ता में उपमुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश में कृषि, खाद्य प्रसंस्करण और डेयरी व अन्य क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाओं व सरकार द्वारा निवेश के लिए उत्तर प्रदेश के उचित माहौल व अन्य विशिष्ट विशेषताओं की जानकारी दी और इन क्षेत्रों में निवेश के लिए सहयोग व साझेदारी के लिए आमंत्रित किया। उपमुख्यमंत्री ने वार्ता के दौरान कहा कि उत्तर प्रदेश भौगोलिक एवं सांस्कृतिक विविधताओं से समृद्ध प्रदेश है ।खाद्य प्रसंस्करण कृषि और उद्योग के बीच की कड़ी है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण उत्पाद का लगभग 10 प्रतिशत फलों एवं सब्जियों के लिए न्यूनतम 2 प्रतिशत एवं दुग्ध के लिए अधिकतम 35 प्रतिशत से अधिक है। उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण पर तृतीय स्तर 6प्रतिशत है। प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में आईटी सेक्टर के बाद सबसे ज्यादा रोजगार की संभावनाएं भी विद्यमान है। इन उद्योगों के विकास से न केवल खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का विकास होगा बल्कि अन्य संबंधित उद्योगों एवं सेवा क्षेत्र का भी विकास होता है। फलों एवं सब्जियों का खाद्य प्रसंस्करण स्तर को बढ़ाने की नितांत आवश्यकता है। जिससे प्रदेश से अधिकाधिक निर्यात स्तर के उत्पाद तैयार कराकर निर्यात

कराया जा सकता है। बताया गया कि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल और अनुरोध पर उत्तर प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 से पहले नीदरलैंड अपनी सरकार के प्रतिनिधिमंडल को उत्तरप्रदेश भेजने की सहमति दीऔर यहां पर निवेश की संभावनाओं को तलाशा जाएगा तथा निवेश की परियोजनाओं की योजना बनाने के लिए प्रतिनिधिमंडल यहां का भ्रमण करेगा और उसके बाद आयोजित होने वाली समिति में भी भाग लेगा। उप मुख्यमंत्री द्वारा प्रतिनिधिमंडल के साथ सिग्नीफाई लाइटिंग एप्लीकेशन सेंटर आइंहोवन का भी दौरा किया गया और प्रकाश व्यवस्था अनुप्रयोग के क्षेत्र में यूपी मे निवेश के लिए सिग्नीफाई कंपनी को समिट में प्रतिभाग करने के लिए आमंत्रित किया गया। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल के साथ वर्ल्ड हार्टीसेन्टर का भ्रमण किया और सेंटर के व्यवसाय विकास निदेशक देश रामनाथ से भेंट कर निवेश के संबंध में वार्ता की।

1971 के युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर योद्धाओं नमन कर दी पुष्पाजंलि

संवाददाता, लखनऊ। 1971 के भारत-पाक युद्ध में राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले सशस्त्र बलों के वीरों को नमन कर शुक्रवार को सेना की मध्य कमान ने पुष्पाजंलि अर्पित की। विजय दिवस के उपलक्ष्य में कैंट में युद्ध स्मारक स्मृतिका में पुष्पांजलि समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी एवीएसएम, वीएसएम, जीओसी-इन-सी मध्य कमान ने अन्य सेवारत सैनिकों को युद्ध स्मारक स्मृतिका पर पुष्पांजलि अर्पित जाबांज सैनिकों को श्रद्धांजली अर्पित की। वहीं लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी ने सभी उपस्थित लोगों से हमारी मातृभूमि के लिए हमारे वीर सैनिकों द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान को याद करने और तिरंगे के सम्मान को बनाए रखने का प्रयास करने का आग्रह किया। ज्ञात हो 1971 का युद्ध पाकिस्तान द्वारा 3 दिसंबर 1971 को 11 भारतीय एयरबेसों पर पूर्व-खाली हवाई हमले से शुरू हुआ था। युद्ध, पूर्वी और पश्चिमी दोनों मोर्चों पर लड़ा गया था और 13 दिनों तक चला था। इसके परिणामस्वरूप बांग्लादेश का निर्माण हुआ।

अवधी भाषा घर घर बोली जाए, अवध की पहचान है यह भाषा शैली

आवाज़ प्लस डेस्क

लखनऊ। शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता, भारत सरकार के निर्देशानुसार अवधी भाषा में सामाजिक विद्रूपताओं पर बच्चियों में जमकर लेखनी चलाई। अवसर था राजकीय बालिका इण्टर कालेज विकास नगर में अवधी कहानी लेखन एवं अनुवाद प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन का।

अवधी अध्ययन केन्द्र उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित कार्यशाला के समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त डॉ राम बहादुर मिश्रा ने कहा कि वैश्विकता के दौर में उपजे बोलियों पर संकट का निदान है बोलियों के प्रति नई पीढ़ी को आकर्षित कर जागरूक किया जाए।

प्रधानाचार्य कुसुम वर्मा ने कहा कि साहित्य में जब बालिकाएं लेखनी चलाएंगी तभी उनकी समस्याओं को उजागर किया जा सकेगा क्योंकि भुक्तभोगी से बेहतर और कौन लिख सकेगा।

कार्यक्रम में हास्य कवि प्रदीप महाजन ने अपनी अवधी कविताओं से खूब हँसाया। मुख्य प्रशिक्षक प्रदीप सारंग ने कहा कि लेखन के द्वारा समाज की नई संरचना को दिशा दी जा सकती है। इतिहास साक्षी है कि लेखकों ने राजनीति से लेकर अनेक क्रंतियों तक को आधार प्रदान किया है।

समापन कार्यक्रम में सात दर्जन बच्चियों ने अवधी कहानी के माध्यम से जीवन के दुष्कर विषयों उकेरना सीखा और वाचन प्रस्तुत किया। श्रेष्ठ वाचन एवं प्रस्तुति के लिए मनोरमा निषाद और ब्यूटी मोदी को पुरस्कृत किया गया। सात छात्राओं को अवधी शब्द ज्ञान क्विज में विजेता बतौर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चन्द्र रावत, मधुलिका चतुर्वेदी प्रवक्ता रसायन विज्ञान, सीमा वर्मा, मधुलिका चतुर्वेदी, वन्दना राय, स्मिता पटेल, रश्मि मिश्रा, मीनाक्षी श्रीवास्तव, बबिता वर्मा शिक्षिकाओं के साथ-साथ कार्यशाला समन्वयक सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

पूर्वजों कि स्मृति में ज्ञान दान सर्वोच्च दान है: उमानंद शर्मा

आवाज़ प्लस डेस्क

लखनऊ। गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत ''हिमालयन पॉलीटेक्टिक इंस्टीट्यूट, कुम्हरवॉ रोड, बीकेटी लखनऊ'' के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 378वाँ ऋषि वांड़मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। स्व0 सागरमल अग्रवाल एवं सुशीला देवी की स्मृति उपरोक्त साहित्य पुत्रवधु अशोक कुमार

- **ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत में 378वाँ युगऋषि ऋषि वाड्मय की स्थापना**

अग्रवाल एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रीती अग्रवाल तथा छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों को अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की।

इस अवसर पर वाड्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ''पूर्वजों की स्मृति में ज्ञान-दान सर्वोच्च दान है'' हर जीवन जागृत आत्मा को ज्ञान यज्ञ के क्षेत्र में पुरुषार्थ करना चाहिये। इस अवसर पर पी.डब्लू.डी. के पूर्व ई.एन.सी. वी.के. श्रीवास्तव, संस्था के चेयरमैन दिलीप सिंह बाफिला, श्रीमती विभा श्रीवास्तव, श्रीमती प्रीती अग्रवाल ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर उमानंद शर्मा, वी.के. श्रीवास्तव एवं संस्था के चेयरमैन दिलीप सिंह, बाफिला इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. प्रितेश सक्सेना फार्मा के निदेशक डॉ. अमित वर्मा, वी0के0 श्रीवास्तव, श्रीमती विभा श्रीवास्तव, श्रीमती प्रीती अग्रवाल एवं विभागाध्यक्ष सहित छात्र-छात्रायें, संकाय सदस्य मौजूद थे।

न्यूज

भाषा विश्वविद्यालय में पुष्प सजावट प्रतियोगिता का आयोजन

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक क्लब द्वारा आज 'रंगों का मौसम' विषय पर पुष्प सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विशेष रूप से वाणिज्य और व्यवसाय प्रशासन विभाग ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने मौसम के रंगों और क्रिसमस के उत्साह को फूलों के माध्यम से दर्शाया। प्रतियोगिता की निर्णायक डॉ. तनु डंग (सहायक आचार्य, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग) रही। प्रतियोगिता के विजेताओं में साहेबा बानो (बीबीए), दीपांशु (बी.कॉम) और महविश वसीम शामिल रहे। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. दोआ नकवी (प्रभारी-सांस्कृतिक क्लब) ने किया।

शुधन विकास परिषद में मुख्य कार्यकारी अधिकारी बने डा0 नीरज गुप्ता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश शासन ने उ0प्र0 पशुधन विकास परिषद में मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद पर संविदा के आधार पर नियुक्त किये जाने हेतु कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में गठित चयन समिति की संस्तुति के आधार पर डा0 नीरज गुप्ता पुत्र श्री मुन्नालाल गुप्ता, निवासी एफ-2, शालीमार कोर्टयार्ड, सीतापुर रोड, लखनऊ-226021 को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से उत्तर प्रदेश पशुधन विकास परिषद में मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद पर संविदा के आधार पर 02 वर्ष की अवधि हेतु नियुक्त किये जाने की स्वीकृति दी है। इस अवधि को अधिकारी के प्रदर्शन के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है एवं असंतोषजनक प्रदर्शन की दशा में नियुक्ति को निर्धारित अवधि के पूर्व भी 30 दिन के नोटिस पर समाप्त किया जा सकता है। इस संबंध में डा0 रजनीश दुबे अपर मुख्य सचिव एवं अध्यक्ष उ0प्र0 पशुधन विकास परिषद द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है।

कुलानुशासक ने लविवि के अंतः वासी छात्रों से की मुलाकात

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो.राकेश द्विवेदी और कुलानुशासक मंडल के सदस्यों ने महमूदाबाद छात्रावास के अंतःवासियों से मुलाकात की और उनके साथ बैठकर दोपहर का भोजन किया। इस दौरान कुलानुशासक ने अंतःवासियों छात्रों से छात्रावास की मूलभूत सुविधाओं,लाइब्रेरी की सुविधा, भोजन की गुणवत्ता सहित कई विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। सभी छात्र उक्त व्यवस्थाओं से संतुष्ट नजर आए। महमूदाबाद छात्रावास में स्नातक द्वितीय व तृतीय वर्ष के छात्र अंतःवासी हैं। सभी ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए यह कहा कि विश्वविद्यालय कुलपति के निर्देशन में प्राप्त नैक ग्रेड ए प्लस प्लस मूल्यांकन के अनुकूल व्यवस्था संपन्न है तथा छात्रों को प्रत्येक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। किसी प्रकार की शिकायत पर उसका त्वरित निस्तारण किया जाता है। उन्होंने कुलानुशासक को धन्यवाद देते हुए कहा कि वर्तमान में परिसर का माहौल पठन-पाठन के सर्वथा अनुकूल है। अंतःवासियों ने प्रो. राकेश द्विवेदी से वर्तमान शांतिपूर्ण स्थिति को बनाए रखने में अपना पूर्ण सहयोग देने का भी आश्वासन दिया। इस अवसर पर कुलानुशासन मंडल के सदस्य डॉ. ओपी शुक्ला, डॉ.महेंद्र अग्निहोत्री, डॉ. राजेश्वर प्रसाद यादव, डॉ. कमर इकबाल, डॉ. राहुल पाण्डेय, डॉ. रणविजय सिंह मौजूद रहे।

बीबीएयू में जैविक खाद बनाने का दिया प्रशिक्षण

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में विज्ञान प्रौद्योगिकी नवाचार परियोजना के अंतर्गत एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। विवि के सामान्य सुविधा केन्द्र में आयोजित कार्यशाला में किसानों को जैविक खाद बनाने और फूलों की खेती से जुड़ा प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यशाला में उत्तर प्रदेश के विभिन्न गांवों से आये 25 किसानों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम में श्रमिक भारती संस्थान से जुड़े किसान और संस्थान के समन्वयक राणा सिंह भी उपस्थिति रहे। विवि के विज्ञान प्रौद्योगिकी नवाचार परियोजना के प्रमुख अन्वेषणक प्रो. नवीन कुमार अरोड़ा, संकायाध्यक्ष, पृथ्वी एवं पर्यावरण विद्यापीठ ने कानपुर देहात से आए किसानों से उनके गावों में चल रही भूमि सुधार की योजना से आ रहे बदलावों के बारे में भी जानकारी ली। साथ किसानों की कृषि संबंधित शंकाओं का समाधान किया। प्रौद्योगिकी और नवाचार से जुड़ी इस परियोजना के अंतर्गत भूमि सुधारों, किसानों की आय दोगुनी करने और जैविक खेती से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य किये जा रहे हैं। कार्यशाला के प्रथम सत्र में जिन किसानों को जैविक पद्धति से खेतीबाड़ी करने में परेशानी आ रही थी उनकों प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके अलावा शोध सहायक, डॉ. प्रद्युम्न सिंह ने हानिकारक बैक्टीरिया तथा निमेटोड से बचाव के जैविक तरीकों की जानकारी दी। दूसरे सत्र में एनबीआरआई से आये वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. खुरेजम जीवन कुमार सिंह ने किसानों को फूलों की खेती और उससे आय बढ़ाने के तरीकों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि कम लागत में आसानी से गेंदे, ग्लैडियोलस, जरबेरा और गुलाब की खेती की जा सकती है। बाजार में इसकी काफी मांग है।

सेल्फी लेना सीखने से पहले सेल्फ डिफेन्स सीखना बेहतर



आवाज़ प्लस डेस्क

लखनऊ। इण्डियन बैंक ने लेट्स गिव होप फाउंडेशन के सहयोग से आज महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल गोमती नगर में 250 छात्राओं के लिए सक्षम कार्यक्रम के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण की दिशा में सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छेड़छाड़ और महिला उत्पीड़न जैसी गंभीर समस्याओं पर अंकुश लगाकर बालिकाओं को सक्षम बनाना, उनका आत्मविश्वास बढ़ाना है।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में यूपी पुलिस आवास निगम के चेयरमैन प्रकाश डी ने कहा कि एक बेहतर समाज का निर्माण बेटियां ही

- **पढ़ाई के साथ माता-पिता बेटियों को सिखाएं आत्मरक्षा के गुर**

करती हैं यदि बेटियों को हम सक्षम बनाये तो आने वाले समय में वह एक सुव्यवस्थित और संगठित समाज का निर्माण करेंगी। बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। सेल्फी लेना सीखने से पहले बालिकाओं को सेल्फ डिफेन्स सीखना चाहिए। इस ट्रेनिंग के माध्यम से बालिकाएं मानसिक और शरीरिक रूप से भी सशक्त होंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में इस अवसर पर इंडियन बैंक के क्षेत्रीय महाप्रबंधक पंकज त्रिपाठी ने कहा कि इंडियन बैंक हमेशा अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के हिस्से के रूप में महिला सशक्तिकरण पर कार्य करता आ रहा है। लेट्स गिव होप फाउंडेशन के साथ मिलकर हमें भी इस मिशन को आगे ले जाने का मौका मिला और हम आगे भी अपना सहयोग देते रहेंगे। प्रधानाचार्या सीके चौधरी का कहना था कि यह इंडियन बैंक और लेट्स गिव होप द्वारा यह एक अच्छी मुहिम है हर माता पिता को अपनी बेटियों को पढ़ाई के साथ-साथ सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग भी करानी चाहिए।

विशेषज्ञों ने मुश्किल समय में या किसी के द्वारा अचानक हमला करने पर कैसे बचे इसके लिए ब्लॉक, पंचिंग और किकिंग की तकनीक के गुर और बारीकियां भी समझाई। प्रशिक्षकों का कहना था कि संकट के समय खुद को बचाने के लिए सीखी गई तकनीकें बालिकाओं में आत्मविश्वास पैदा करती हैं और उन्हें सुरक्षित महसूस कराती हैं। कार्यक्रम में लोकगायिका संजोली पाण्डेय को सक्षम महिला के रूप में सम्मानित किया गया।

लेट्स गिव होप फाउंडेशन के संस्थापक आशीष मौर्या ने बताया कि इस मिशन पूरे उत्तर प्रदेश में हम आगे लेकर बढ़ेंगे। कार्यक्रम में छात्राओं के संग विभव श्रीवास्तव, अमित सिंह, अमन अंसारी, अंबुज राय, सोनिया, शुभम वर्मा हिमांशु सिंह इण्डियन बैंक के अधिकारी और शिक्षिकाएं आदि उपस्थित थे।

11 कर्मचारियों को मिली मृतक आश्रित कोटे में तैनाती

आवाज़ प्लस डेस्क

लखनऊ। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के आदेश के मुताबिक नगर निगम में मृतक आश्रित कोटे से विभिन्न पदों पर कुल 11 कर्मचारियों की नियुक्ति की गई। जिसके नियुक्ति पत्र नगर निगम मुख्यालय स्थित बाबू राज कुमार श्रीवास्तव समिति कक्ष में शुक्रवार को अपर नगर आयुक्त अवनीन्द्र कुमार द्वारा प्रभारी अधिकारी अधिष्ठान अशोक सिंह की उपस्थिति में प्रदान किये गए।

वहीं, मृतक आश्रितों की नियुक्ति के लिए जोनों व विभागों में पदस्थ किये गए कर्मचारियों में मीनाक्षी पटेल पत्नी स्व.रोहित पटेल की तैनाती द्वितीय श्रेणी लिपिक पद पर ज़ोन-6 तथा मंजु नायक पत्नी स्व.अनिल नायक की तैनाती द्वितीय श्रेणी लिपिक पद पर ज़ोन-7 और कुमारी हर्षा सिंह पुत्री स्व. रतना सिंह की तैनाती द्वितीय श्रेणी लिपिक पद पर ज़ोन-8 में एवं ऋषभ यादव पुत्र स्व. श्याम मनोहर की तैनाती बेलदार पद पर ज़ोन-7 तथा पूनम पाल पत्नी स्व. ओम प्रकाश की तैनाती माली

पद पर उद्यान विभाग में कई गयी।

इसी तरह मनजीत कुमार पुत्र स्व. कलावती की तैनाती सफाईकर्मी पद पर स्वाथ्य विभाग ज़ोन-1 तथा जूली सिंह पत्नी स्व. रनजीत सिंह की तैनाती क्लीनर पद पर आर.आर. विभाग और ममता कुमारी पत्नी स्व.धर्मेन्द्र की तैनाती माली पद पर उद्यान विभाग एवं कुमारी अनीता कुशवाहा पुत्री स्व. बैजनाथ की तैनाती माली पद पर उद्यान विभाग और कैफ अंसारी पुत्र स्व.इरशाद अली की तैनाती अनुचर पद पर परिवर्तन विभाग ज़ोन-1 एवं शिखर सोनकर पुत्र स्व.अहमद उर्फ पप्पू की तैनाती गैंगमैन पद पर मुख्य विभाग, अधिष्ठान में कई गयी।

प्रो. पूनम टंडन ने लविवि परिसर में व्यवस्था का किया औचक निरीक्षण

आवाज़ प्लस डेस्क

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की अधिष्ठाता, छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन तथा अधिष्ठाता छात्र कल्याण टीम के अन्य सदस्यों ने लविवि परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था के लिए विभागों तथा कैन्टीन का औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

इस मौके पर प्रो. टंडन ने बताया कि कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने लविवि के छात्रों के बहुआयामी विकास एवं बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के लिए अनेक कदम उठाए हैं जिनमें ई-रिक्शा और नई कैन्टीन का संचालन तथा छात्रावासों के मरम्मत कार्य आदि शामिल हैं। इसी दिशा में परिसर को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए अधिष्ठाता छात्र कल्याण की टीम द्वारा सभी विभागों, कैन्टीन, छात्रावास तथा पुस्तकालय सहित सभी जगहों पर सफाई का मुआयना किया जा रहा है। शुक्रवार को हुए निरीक्षण में सभी कैन्टीन में खाने की गुणवत्ता, पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालयों, वेस्ट डिस्पोजल का निरीक्षण कर नियमित साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। वहीं, सभी कैन्टीन संचालकों को आरओ वाटर की सुविधा नियमित रखने तथा कुकिंग एरिया साफ रखने के लिए जरूरी इंतजाम करने के लिए कहा गया।

किसानों को तकनीक से जोड़ना जरूरी: शाही



लखनऊ। आत्मा (एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एजेंसी) योजना की मदद से किसान और कृषि वैज्ञानिक एक दूसरे से रूबरू हो रहे हैं। कृषि वैज्ञानिक किसानों को वैज्ञानिक ढंग से खेती करने का प्रशिक्षण भी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक खेती को अपनाकर कम खर्च में अच्छी पैदावार की जा सकती है। इसके लिए किसानों को तकनीक से जोड़ना जरूरी है। यह बात आज प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कही। कृषि मंत्री ने अपने सचिवालय स्थित कार्यालय में बताया कि कृषि क्षेत्र में आ रही नवीन तकनीकों से किसानों को जोड़ना आवश्यक है। इस दौरान उन्होंने नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एंड टेक्नोलॉजी (एनएमएईटी) के अंतर्गत सबमिशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन (एसएमएएम) योजना के अंतर्गत सबमिशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन (एसएमएएम) के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 में राज्यांश के रूप में 19 करोड़ 42 लाख 21 हजार का वित्तीय अनुमोदन प्रदान किया गया।

44 लाख कोविड परीक्षण में केजीएमयू ने निभाई सहभागिता

केजीएमयू के माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा 'अस्तित्व के 35 साल' और 'पहला स्थापना दिवस व्याख्यान' का आयोजन

आवाज़ प्लस डेस्क

लखनऊ। केजीएमयू के माइक्रोबायोलाजी विभाग ने शुक्रवार को अपने 35 वर्ष पूरे कर लिए। स्थापना दिवस के आयोजन में 250 प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों के स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने प्रतिभाग किया । बतौर मुख्य अथिति के रूप में कुलपति ले.

- **केजीएमयू के माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने पूरे किये 35 वर्ष**
- **250 प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों के स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने किया प्रतिभाग**

ज.डॉ. बिपिन पुरी ने माइक्रोबायोलाजी विभाग को बधाई देते हुए कहा कि कोविड-19 के दौरान उप्र के लिए अथक परिश्रम किया है। उन्होंने कहा कि क्लिनिकल माइक्रोबायोलॉजिस्ट को संक्रामक रोगों से पीड़ित रोगियों के नैदानिक निर्णय लेने में शामिल होना चाहिए। उन्होंने सर्वोत्तम रोगी प्रबंधन के लिए क्लिनिकल माइक्रोबायोलॉजिस्ट और फिजिशियन के बीच नियमित बातचीत स्थापित करने तथा भविष्य में रोगी निदान में नैनो टेक्नोलॉजी, प्रोटियोनॉमिक्स, जीनोमिक्स और कम्प्यूटेशनल

मॉडल दृष्टिकोण का अत्यधिक महत्व होगा। वहीं माइक्रोबायोलाजी विभागाध्यक्ष प्रो. अमिता जैन ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान में विभाग 100 से अधिक परीक्षण प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि वार्षिक परीक्षण भार 4 लाख से ऊपर है। विभाग के पास एनएबीएल मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला हैं और पिछले 2 वर्षों से इसे सर्वश्रेष्ठ पैरा-क्लिनिकल विभाग के रूप में आंका गया है। उन्होंने कहा कि विभाग ने मेड इन इंडिया कोविड-19 किट के 40 से ज्यादा टेस्ट को मान्य किया है। आईटी यूपी राज्य के लिए कोविड-19 परीक्षण के लिए मेंटर है और यूपी में 250 आरटी-पीसीआर लैब के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करता है। आरटी-पीसीआर द्वारा 44 लाख से अधिक कोविड-19 नमूनों का परीक्षण किया गया। इस अवसर पर प्रो.अशोक रतन पूर्व प्रोफेसर एम्स नई दिल्ली,पूर्व डब्ल्यू एचओ लैब निदेशक (कैरेक -पाहो) ने कहा कि रेडक्लिफ लैब्स ने टैकलिंग द द अजेय महामारी बनने से पहले अदृश्य महामारी है। उन्होंने कहा कि भारत में प्रणालीगत एंटीबायोटिक दवाओं की खपत (10.4 डीडीडी/1000दिन) है और हमें विशेष रूप से ग्राम नकारात्मक संक्रमणों के लिए उपन्यास एंटीबायोटिक दवाओं की आवश्यकता है। विकास को बढ़ावा देने के लिए जानवरों में एंटीबायोटिक दवाओं का 70 फीसदी तर्कहीन उपयोग होता है। जिसका दवा प्रतिरोध पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है। 33फीसदी रोगियों को आवश्यकता से अधिक समय तक उपचार प्राप्त होता है। एक एंटीबायोटिक बनाने में लगभग एक बिलियन डॉलर और 12 साल का समय लगता है। अस्पतालों में रोगाणुरोधी प्रबंधन कार्यक्रमों की आवश्यकता है। मनुष्य, पशु और पर्यावरण के लिए एक स्वास्थ्य दृष्टिकोण की आवश्यकता है। कार्यक्रम का आयोजन सचिव डॉ. शीतल वर्मा और प्रो. आर.के. कल्याण द्वारा किया गया । इस आयोजन के विशिष्ट अतिथि प्रो. मस्तान सिंह, पूर्व प्रमुख, प्रो. उज्जला घोषाल एसजीपीजीआई, प्रो. ज्योत्सना अग्रवाल, आरएमएल शामिल थे। इस मौके पर प्रो. एके त्रिपाठी, प्रो. एसएनशंखवार, प्रो. गोपा बनर्जी , प्रो. प्रशांत गुप्ता, डॉ. पारुल जैन, डॉ. सुरुचि, डॉ. श्रुति और अन्य प्रतिष्ठित फैकल्टी के लोग शामिल रहे। प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों में प्रो. एकता गुप्ता, आईएलबीएस, नई दिल्ली, डॉ. रीति जैन, डॉ. संजीव सहाय, डॉ. विनीता मित्तल, डॉ. भावना जैन सहित शामिल रहे।

भारत जोड़ो यात्रा से लोकशिक्षण

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व गवर्नर और जाने-माने अर्थशास्त्री रघुराम राजन इस वक्त सुर्खियों में बने हुए हैं। इसका कारण यह है कि उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा में अपनी भागीदारी दी। राजस्थान में वे न केवल राहुल गांधी के साथ पैदल चले, बल्कि उनके साथ बैठकर अनौपचारिक चर्चा की। राजनीति और अर्थशास्त्र इन दो क्षेत्रों की दिग्गज हस्तियों ने कई जरूरी मुद्दों पर सार्थक चर्चा इस बातचीत में की। जैसे राहुल गांधी ने रघुराम राजन से पूछा कि आप देश की मौजूदा अर्थव्यवस्था को किस तरह से देखते हैं, जिस पर उनका जवाब था कि विकास की रफ्तार धीमी है। महंगाई विकास में बाधक है। कोरोना के कारण दिक्कतें बढ़ी हैं, लेकिन विकास दर पहले से ही कम थी। बढ़ती आर्थिक असमानता के मुद्दे पर रघुराम राजन ने बताया कि कोरोना में अमीरों को कोई फर्क नहीं पड़ा, क्योंकि वे घर से काम कर सकते थे। लेकिन कारखाने बंद होने से गरीबों के लिए मासिक वेतन बंद हो गए, इन सबसे असमानता और बढ़ी। रघुराम राजन ने केवल समस्याओं पर बात नहीं की, कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए, जैसे दूसरी हरित क्रांति संभव है, बशर्ते हम नए तरीके से सोचें। खेतों के किनारे प्रोसेसिंग इकाइयां लगानी चाहिए, इससे ऊर्जा की खपत कम होगी, यहां के सस्ते श्रम का लाभ उठाना चाहिए। रघुराम राजन ने बताया कि अगर सरकारी नीतियों में एकरूपता रहें, तो छोटे उद्योगों को बड़ा बनाया जा सकता है। सरकार मदद करती है, तो छोटे व्यवसाय बड़े बन सकते हैं। आयात-निर्यात की नीतियों को टिकाऊ बनाने का सुझाव पूर्व आरबीआई गवर्नर ने दिया और इस बात पर जोर दिया कि इसमें किसानों के हितों का भी ध्यान रखना चाहिए। बेरोजगारी के मुद्दे पर रघुराम राजन ने इस बात को स्वीकार किया कि लोग सरकारी नौकरियां चाहते हैं, लेकिन वहां रोजगार के अवसर कम हैं। जबकि निजी क्षेत्र अधिक रोजगार दे सकते हैं। निजी क्षेत्रों और कृषि में अगर तकनीकी का इस्तेमाल बढ़ाया जाए, तो रोजगार पैदा किए जा सकते हैं। राहुल गांधी ने सवाल किया कि श्वेत क्रांति, हरित क्रांति और कम्प्यूटर क्रांति के बाद अब कौन सी क्रांति हो सकती है, तो उन्होंने जवाब दिया कि अब सर्विस क्रांति हो सकती है। जहां हमें यहीं से दूसरों को सेवाएं दे सकते हैं। इसके अलावा रघुराम राजन ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा सांप्रदायिक सौहार्द्र और भाईचारे को बढ़ाने के लिए है, जो जरूरी है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र हमारी ताकत है, बहुत से देश हमारी ओर देख रहे हैं, ऐसे में भारत मिसाल पेश कर सकता है। राहुल गांधी और रघुराम राजन की लगभग आधे घंटे की यह बातचीत सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर उपलब्ध है और जिसे भी देश-दुनिया के आर्थिक, सामाजिक हालात के बारे में समझ विकसित करने का मन हो, वो इस बातचीत से लाभ उठा सकता है। राहुल गांधी चाहते तो केवल अपनी जानकारियों में इजाफे के लिए रघुराम राजन से चर्चा करते और इस बातचीत को अपने तक ही रखते। मगर वे इस बात को समझते हैं कि राजनीति का काम केवल चुनाव लड़ना नहीं है। राजनीति केवल सत्ता हासिल करने का जरिया नहीं है। बल्कि राजनीति का एक महती उद्देश्य जनजागरुकता फैलाना है। ताकि लोग अपने अतीत और वर्तमान का तार्किक विश्लेषण करें, अपने आसपास की दुनिया से परिचित हों, बदलाव को समझने की कोशिश करें और फिर अपने अच्छे या बुरे का फैसला खुद करें। कांग्रेस के पुराने नेता भी यही करते थे। गांधीजी और नेहरूजी की किताबें इसका प्रमाण हैं, जिनमें देशप्रेम की भावना तो है ही, लेकिन अपने गुण-दोष का तार्किक विश्लेषण भी है, जिन्हें पढ़कर पाठक ये समझ सकते हैं कि किस तरह देश, काल और परिस्थितियों के मुताबिक फैसले लिए जाने चाहिए। गलत परंपराओं का नुकसान क्या है, और अच्छी बातों को संभालकर कैसे रखा जाए। भावनाओं का ज्वार कुछ देर तो ऊंचाई पर ले जा सकता है, मगर उस ऊंचाई से उतनी ही तेज गिरावट भी संभव है। इसलिए वास्तविकता को समझते हुए ही नीतिगत फैसले लिए जाने चाहिए। अच्छा है कि राहुल गांधी लोकशिक्षण और जनजागरुकता की कांग्रेस की इस पुरानी परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। कोरोना लॉकडाउन के वक्त भी उन्होंने अलग-अलग विशेषज्ञों से जो चर्चा की थी, उन्हें सोशल मीडिया पर प्रसारित किया था, ताकि लोग भी विशेषज्ञों की जानकारी का लाभ उठा सकें। प्रधानमंत्री मोदी के सामने इस समय आंतरिक और बाह्य मोर्चे पर कई चुनौतियां हैं। वे वाकई मजबूत विश्वनेताओं की सूची में अपना नाम दर्ज कराना चाहते हैं, तो उसमें भाजपा को कितनी बड़ी जीत उन्होंने दिलाई, इससे अधिक ये बात मायने रखेगी कि देश उनके शासनकाल में कितना समृद्ध बना, किस तरह लोगों का जीवनस्तर ऊंचा उठा, शांति और सद्भाव के मोर्चे पर देश में कैसी स्थितियां बनीं, पड़ोसी देशों से हमारे संबंध कैसे रहे और नागरिक स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति की आजादी जैसे लोकतांत्रिक पैमानों पर हम कहां टिके रहे। अपनी व्यस्ततम दिनचर्या से थोड़ा वक्त निकालकर श्री मोदी भी चाहें तो रघुराम राजन और राहुल गांधी की बातचीत सुन सकते हैं, क्या पता देश को न्यू इंडिया बनाने की कोई नयी तरकीब इससे उन्हें सूझे। अच्छी बातों को सुनने से किसी का नुकसान नहीं होता। लेकिन न जाने क्यों भाजपा और भाजपा प्रायोजित मीडिया को रघुराम राजन के भारत जोड़ो यात्रा में जुड़ने और राहुल गांधी से चर्चा करने में तकलीफ हो रही है। एक समाचार चैनल ने एक कार्यक्रम इसी पर कर दिया कि क्या रघुराम राजन को इस यात्रा का हिस्सा बनना चाहिए, क्योंकि वे एक अर्थशास्त्री हैं। जबकि भाजपा की ट्रोल सेना रघुराम राजन पर टिप्पणी करते हुए डॉ. मनमोहन सिंह को भी घसीट लाई और बताया कि भारत के 10 साल उन्होंने बर्बाद कर दिए। जबकि इस बात को दुनिया जानती है कि रघुराम राजन ने 2008 की वैश्विक मंदी की चेतावनी दे दी थी और भारत डॉ. मनमोहन सिंह के कारण ही इस मंदी में मजबूती से खड़ा रहा। काबिल लोगों को साथ रखने से बेहतर शासन और मजबूत देश कैसे बनाया जा सकता है, ये उसकी मिसाल है। बहरहाल, भाजपा जिस तरह भारत जोड़ो यात्रा और रघुराम राजन की उसमें भागीदारी की आलोचना कर रही है, उसके बाद इस बातचीत की प्रासंगिकता और बढ़ जाती है।

महिला आरक्षण बिल कब आएगा?

भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार महिला आरक्षण बिल के बारे में क्या सोच रही है, यह पता नहीं चल रहा है। बिना महिला आरक्षण बिल के ही महिलाएं भाजपा और नरेंद्र मोदी के पक्ष में मतदान कर रही हैं। केंद्र सरकार ने तीन तलाक को अपराध बनाने का कानून बनाया तो कहा गया कि मुस्लिम महिलाएं भाजपा का साथ देंगी। मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर देने की उज्ज्वला योजना शुरू हुई तो कहा गय कि महिलाओं की बड़ी समस्या दूर हो गई और वो भाजपा के पक्ष में मतदान करेंगी। लेकिन इन सबके बीच महिला आरक्षण की बात एक बार भी नहीं हो रही है। सवाल है कि उसके लिए किस मौके का इंतजार हो रहा है? क्या अगले लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार यह बिल ला सकती है? ध्यान रहे एक समय था, जब भाजपा इस बिल का बहुत समर्थन करती थी लेकिन तब कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए में शामिल कई दल इसके घनघोर विरोधी थे। यादव नेताओं की तिकड़ी यानी मुलायम सिंह यादव, शरद यादव और लालू प्रसाद यादव ने इसका विरोध किया था। अब मुलायम सिंह इस दुनिया में नहीं हैं और शरद व लालू यादव दोनों संसद में नहीं हैं। ज्यादातर पार्टियों ने विरोध छोड़ कर इसका समर्थन शुरू कर दिया है फिर भी इसे नहीं पेश किया जा रहा है। बिना किसी कानून के अपनी पार्टी में 30 से 40 फीसदी तक महिलाओं को टिकट देने वाली दो पार्टियों- तृणमूल कांग्रेस और बीजू जनता दल ने महिला आरक्षण विधेयक पेश करने की मांग की है। इन दोनों पार्टियों पिछले चुनाव में एक तिहाई से ज्यादा टिकट महिलाओं को दी थी और एक मिसाल कायम की थी। ये दोनों पार्टियां संसद के शीतकालीन सत्र में इस बात की मांग कर रही हैं कि बिल पेश किया जाए। लेकिन केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी किसी खास मौके के इंतजार मे चुप बैठे हैं। संसद की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस ने भी इसका समर्थन किया है। बीजू जनता दल और तृणमूल कांग्रेस ने भी महिला आरक्षण बिल लाने की मांग की है। कांग्रेस के संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राजस्थान में कहा है कि यह बिल समाप्त नहीं हुआ है, बल्कि अब भी वैध और जीवित है। असल में इस बिल को मनमोहन सिंह की सरकार के समय राज्यसभा में पास किया गया था। रमेश ने संवैधानिक प्रावधान का जिक्र करते हुए बताया कि चूंकि राज्यसभा कभी भंग नहीं होती है इसलिए वहां से पास होने वाला बिल हमेशा वैध बना रहता है। उनका कहना है कि करीब 11 साल पहले राज्यसभा से पास हुआ महिला आरक्षण बिल अब भी जीवित है और सरकार चाहे तो उसे लोकसभा से पास करा कर कानून बना सकती है। सो, गेंद अब केंद्र सरकार और भाजपा के पाले में है। उसे फैसला करना है कि कब महिला आरक्षण लागू होगा।

औद्योगीकरण और यूपी का ग्लोबल अध्याय



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

कृषि के लिए उपजाऊ जमीन के अलावा खाद और पानी की भी आवश्यकता होती है। इनमें से किसी भी तत्व का अभाव या कमी हो तो अच्छी फसल की उम्मीद नहीं की जा सकती। इसी प्रकार उत्तम निवेश और औद्योगीकरण के लिए भी आवश्यक तत्व होते हैं। यह हैं- कानून व्यवस्था, पर्याप्त बिली अपूर्ति, लैंड बैंक कनेक्टिविटी और व्यापार सुगमता की बेहतर स्थिति आदि। योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री बनने के फौरन बाद ही इन सभी मोर्चों पर एक साथ कार्य शुरू किया। हालांकि यह सब उनको विरासत में नहीं मिला। बावजूद इसके उनके प्रयास सफल हुए। पिछला कार्यकाल स्वर्णिम रहा। इनवेस्टर्स समिट ने मजबूत इमारत तैयार की। हजारों करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों का शिलान्यास हुआ। दूसरा कार्यकाल भी इस दिशा में नई इबारत लिख रहा है। उनपर कार्य प्रगति पर है। योगी सरकार यूपी को देश की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में बढ़ रही है। ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट इस यात्रा का सर्वाधिक शानदार पड़ाव साबित होने वाला है। अभी तक करीब दो दर्जन देश आगे आ चुके हैं। नीदरलैंड, डेनमार्क, सिंगापुर, यूनाइटेड किंगडम और मॉरीशस ने यूपी के पार्टनर कंट्री होंगे। दुनिया के औद्योगिक निवेशकों को समिट में आमंत्रित करने के लिए प्रदेश सरकार 18 देशों एवं भारत के सात प्रमुख नगरों में कूच कर चुकी है। यह नए उत्तर प्रदेश की पहचान है। आज प्रदेश ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में यूपी की प्रगति शानदार है।

योगी सरकार ने ईज ऑफ स्टार्टिंग बिजनेस पर भी फोकस किया है। विद्युत इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ किया गया है। नए विद्युत उत्पादन संयंत्रों तथा विद्युत सब स्टेशनों की स्थापना की गई है। सभी जनपदों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जा रही है। औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए लैंड बैंक के माध्यम से पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। इसके लिए नई ऑनलाइन प्रणाली 'निवेश सारथी' 24 घंटे मदद के लिए तैयार है। ऑनलाइन इन्सेंटिव मैनेजमेंट सिस्टम भी मदद के लिए तैयार है। सिंगल विंडो 'निवेश मित्र' पोर्टल समयबद्ध स्वीकृति एवं अनापत्ति उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन यूएस डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने आगामी पांच वर्ष में प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट इसका बड़ा प्लेटफार्म होगा। वैश्विक औद्योगिक परिदृश्य को यूपी में अनुकूल वातावरण प्रदान करने का मुकम्मल इंतजाम किया गया है। प्रदेश में आईटी आईटीईएस, डेटा सेंटर, ईएसडीएम, डिफेंस एवं एयरोस्पेस, इलेक्ट्रिक वाहन, वेयर हाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स, पर्यटन, टेक्सटाइल, एमएसएमई सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के लिए लगभग 25 नीतियां तैयार की हैं। इनके माध्यम से औद्योगिक विकास के लिए समग्र पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की दिशा में अनेक सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं। उत्तर प्रदेश की नई औद्योगिक नीति एक विकल्प आधारित मॉडल प्रदान करती है। यह उत्पादन, रोजगार एवं निर्यात को प्रोत्साहित करती है। सर्कुलर इकोनॉमी, इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स तथा ग्रीन हाइड्रोजन सहित नए क्षेत्रों को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रदेश सरकार की नीतियों के अन्तर्गत मुख्यतः राज्य में उद्योग विशिष्ट उत्कृष्टता केंद्र अर्थात सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस, अनुसंधान एवं विकास और परीक्षण सुविधाओं की स्थापना के लिए निवेश को प्रोत्साहित किया गया है। राज्य सरकार ने इस संकल्प की पूर्ति के लिए अटल इंडस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन का शुभारम्भ किया है। उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान को लागू करने वाले अग्रणी राज्यों में से एक है। इसके अन्तर्गत परियोजना नियोजन के लिए महत्वपूर्ण पैंतालीस से अधिक लेयर्स को एकीकृत कर लिया है।

वाराणसी से हल्दिया तक लगभग 1100 किलोमीटर लंबा जलमार्ग राज्य में पहले से ही संचालित है। समुद्री बंदरगाहों पर निर्यात होने वाले माल के आवागमन को सुविधाजनक बनाने के लिए, प्रदेश सरकार ड्राई पोर्ट्स के विकास को बढ़ावा दे रही है। उत्तर प्रदेश में मौजूदा लॉजिस्टिक इन्फ्रास्ट्रक्चर में मुरादाबाद रेलमंडल से जुड़े संयुक्त घरेलू एवं एक्जिम टर्मिनल, कानपुर में रेलमार्ग से जुड़े निजी फ्रेट टर्मिनल तथा इनलैंड कंटेनर डिपो, दादरी टर्मिनल पर इनलैंड कंटेनर डिपो सम्मिलित हैं। वाराणसी में एक मल्टी-मोडल टर्मिनल तथा गाजीपुर राजघाट, रामनगर वाराणसी एवं प्रयागराज टर्मिनल्स पर राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या एक के किनारे विभिन्न फ्लोटिंग टर्मिनल संचालित हैं। दादरी गौतमबुद्धनगर में मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स हब एवं बोराकी में मल्टी-मोडल ट्रांसपोर्ट हब भी विकसित किया जा रहा है। वाराणसी में 100 एकड़ भूमि में भारत का पहला 'फ्रेट विलेज' विकसित हो रहा है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के निर्यात केन्द्रों को पूर्वी भारत के बंदरगाहों से जोड़ने वाला यह गांव इनबाउंड व आउटबाउंड कार्गो के लिए ट्रांस-शिपमेंट हब के रूप में कार्य करेगा। उत्तर प्रदेश, देश का एकमात्र राज्य है, जिसके पांच शहरों में मेट्रो रेल सुविधा उपलब्ध है। आगरा में मेट्रो रेल भी जल्द दौड़ने वाली है। राज्य में कृषि एवं खाद्य-प्रसंस्करण तथा डेयरी सेक्टर में अपार अवसर हैं। उत्तर प्रदेश भारत में खाद्यान्न, दूध तथा गन्ने का सबसे बड़ा उत्पादक है। प्रदेश एथेनॉल उत्पादन में भी देश में प्रथम स्थान पर है। उत्तर प्रदेश के पास एमएसएमई क्षेत्र का सबसे बड़ा बेस है। वर्तमान में राज्य में लगभग नब्बे लाख एमएसएमई इकाइयां हैं। यह देश में सर्वाधिक हैं। एमएसएमई क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी 75 जनपदों के लिए परम्परागत एवं विशिष्ट उत्पाद चिह्नित कर 'एक जनपद एक उत्पाद' योजना लागू की है।

पर्यटन भी यहां महत्वपूर्ण सेक्टर है। यह निवेशकों के लिए प्रमुख गंतव्य हो सकता है। सरकार रामायण सर्किट, कृष्ण सर्किट, बुद्धिस्ट सर्किट, वाइल्ड लाइफ एवं ईको टूरिज्म सर्किट, बुन्देलखण्ड सर्किट, महाभारत सर्किट, शक्तिपीठ सर्किट, आध्यात्मिक सर्किट, सूफी सर्किट, क्राफ्ट सर्किट जैसे अनेक पर्यटन गंतव्यों का विकास कर रही है। स्टार्टअप इंडिया रैंकिंग में भारत सरकार द्वारा राज्य को 'लीडर स्टेट्स' की श्रेणी में वर्गीकृत किया है। प्रदेश में 'स्टार्टअप इंडिया' के अन्तर्गत अब तक करीब अस्सी से अधिक स्टार्टअप पंजीकृत किए गए हैं। छह उत्कृष्टता केंद्र स्वीकृत हो चुके हैं। नोएडा में आईआईटी जीएनएल, बरेली में मेगा फूड पार्क, उन्नाव में ट्रांसगंगा सिटी, गोरखपुर में प्लास्टिक पार्क, गोरखपुर में ही गारमेंट पार्क तथा अनेक फ्लैटेड फैक्टरी परिसरों का विकास किया जा रहा है।

यूं ही नहीं मोदीमय हुआ गुजरात

सौरभ मालवीय

गुजरात में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रचंड विजय गुजरात की जनता की भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति अटूट विश्वास की जीत है। यह उनके प्रति जनता के असीम स्नेह की विजय है। गुजरात चुनाव में भाजपा की विजय ने यह सिद्ध कर दिया है कि जनता को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का गुजरात मॉडल पसंद है। इसलिए नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा का विजय रथ निरंतर आगे बढ़ रहा है। गुजरात में चुनाव प्रचार के दौरान नरेन्द्र मोदी ने गुजरात की जनता से कहा था कि इस बार उनका रिकॉर्ड टूटना चाहिए। गुजरात की जनता ने उनकी बात का पूर्ण रूप से मान रखते हुए भाजपा को गुजरात के इतिहास का सबसे प्रचंड जनादेश देकर नया इतिहास रचा। भाजपा ने 182 में से 156 सीटों पर विजय प्राप्त की है। पिछले चुनाव में गुजरात में भाजपा ने 99 सीटें प्राप्त की थीं, जबकि कांग्रेस ने 77 सीटें जीती थीं। राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' के बावजूद कांग्रेस गुजरात में कुछ विशेष नहीं कर पाई, अपितु हानि में ही रही। कांग्रेस अब 77 से केवल 17 सीटों पर सीमित होकर रह गई है।

वर्ष 1995 से भाजपा ने गुजरात में किसी भी चुनाव में पराजय का मुंह नहीं देखा है। यह सब नरेन्द्र मोदी के विराट व्यक्तित्व का ही चमत्कार है। प्रधानमंत्री मोदी को गुजरात से विशेष लगाव है। इसलिए उन्होंने 6 नवंबर से 2 दिसंबर तक गुजरात में 52 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार कर समर्थन मांगा।। इन 52 सीटों में से भाजपा को 46 पर विजय प्राप्त हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के साथ भूपेन्द्र पटेल, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीआर पाटिल तथा विजय रूपाणी सहित अन्य पार्टी नेताओं ने भी भाजपा को विजयी बनाने के लिए दिन-रात कड़ा परिश्रम किया। गुजरात नरेन्द्र मोदी का गृह राज्य है। उन्होंने गुजरात से ही अपना राजनीतिक जीवन प्रारम्भ किया था। उन्होंने पार्टी संगठन को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया। परिणामस्वरूप गुजरात के गठन के पश्चात से प्रथम बार भाजपा को अहमदाबाद नगरपालिका में बड़ी विजय प्राप्त हुई। गुजरात में निरंतर तीन वर्ष अकाल पड़ा। तत्कालीन सरकार पूर्ण रूप से असफल सिद्ध हुई।

वर्ष 1987 में नरेन्द्र मोदी ने न्याय यात्रा निकाली, जो गुजरात की 115 तहसीलों के लगभग 15 हजार ग्रामों में गई। इस यात्रा से पार्टी का जनाधार बढ़ा। इसके साथ ही नरेन्द्र मोदी की ख्याति भी बढ़ी। इस यात्रा की सफलता के पश्चात 1989 में उन्होंने लोक जनशक्ति यात्रा निकाली। इस यात्रा ने भी भाजपा का जनाधार बढ़ाने के साथ-साथ नरेन्द्र मोदी को राजनीतिक रूप से मजबूत करने का कार्य किया। उन्होंने ऐतिहासिक रथयात्रा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने 11 दिसंबर 1990 से 26 जनवरी 1992 तक कन्याकुमारी से लाल चौक तक की एकता यात्रा भी निकाली। 1991 में उन्हें भाजपा राष्ट्रीय चुनाव समिति का सदस्य मनोनीत किया गया। दसवें लोकसभा चुनाव में भाजपा को गुजरात में 26 में से 20 सीटों पर विजय प्राप्त हुई। इसे नरेन्द्र मोदी का प्रभाव माना गया।

साल 1995 में हुए गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा को 182 में से 121 सीटों पर विजय प्राप्त हुई तथा 14 मार्च को केशुभाई पटेल ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। नरेन्द्र मोदी ने 28 सितंबर को प्रदेश भाजपा के महासचिव पद से त्यागपत्र दिया। इसके पश्चात 20 नवंबर को उन्हें भाजपा का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया गया। उन्हें जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ का प्रभारी बनाकर संगठन को मजबूत करने का दायित्व दिया गया। उन्होंने अपनी कुशलता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परिणामस्वरूप वर्ष 1998 में उन्हें राष्ट्रीय महासचिव बना दिया गया। इसी वर्ष गुजरात में विधानसभा चुनाव हुए। इस चुनाव का दायित्व नरेन्द्र मोदी को सौंपा गया। उन्होंने पार्टी को सत्ता दिलाने के लिए कड़ा परिश्रम किया। राज्य में भाजपा सत्ता में आई तथा केशुभाई पटेल फिर से मुख्यमंत्री बने। वर्ष 1999 में भाजपा के वरिष्ठ नेता अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में केंद्र में एनडीए की सरकार बनी। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने उन्हें केशुभाई पटेल के स्थान पर गुजरात के मुख्यमंत्री पद का कार्यभार सौंपा। इस प्रकार वह 7 अक्टूबर 2001 को प्रथम बार गुजरात के मुख्यमंत्री बने तथा 22 मई 2014 तक इस पद पर बने रहे।

वह 24 फरवरी 2002 को राजकोट विधानसभा क्षेत्र से चुनाव में विजय प्राप्त कर विधायक बने। भाजपा ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दिसंबर 2002 के विधानसभा चुनाव में 182 में से 128 सीटों पर विजय प्राप्त कर सत्ता में वापसी की। उन्होंने 22 दिसंबर को द्वितीय बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। वर्ष 2007 के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चुनाव लड़ा और विजय प्राप्त की। उन्होंने 25 दिसंबर को तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली और सत्ता संभाली। भाजपा ने वर्ष 2012 का विधानसभा चुनाव भी उनके नेतृत्व में लड़ा। भाजपा को 182 में से 115 प्राप्त हुईं। उन्होंने 26 दिसंबर को चौथी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उन्होंने गुजरात के विकास के लिए अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं प्रारम्भ कीं। इनमें पंचामृत योजना, सुजलाम् सुफलाम, कृषि महोत्सव, चिरंजीवी योजना, मातृ वंदना, बेटी बचाओ, ज्योतिग्राम योजना, कर्मयोगी अभियान, कन्या कलावाणी योजना, बालभोग योजना, मोदी का वनबन्धु विकास कार्यक्रम आदि सम्मिलित हैं। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गुजरात को विश्व भर से अनेक पुरस्कार प्राप्त हुए, जिनमें आपत्ति व्यवस्थापन के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा सासाकाव पुरस्कार, कॉमनवेल्थ एसोसिएशन फॉर पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन एंड मैनेजमेंट तथा यूनेस्को पुरस्कार आदि सम्मिलित हैं। उन्हें लोगों का स्नेह एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ। उन्होंने गुजरात में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए वर्ष 2003 में वाइब्रेंट गुजरात समिट कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इससे विश्वभर के निवेशों के लिए गुजरात में निवेश करने के द्वार खुले। वर्ष 2005 से गुजरात सरकार द्वारा प्रत्येक दो वर्ष पर वाइब्रेंट गुजरात समिट का आयोजन किया जाता है।

जाति-धर्म का बंधन क्यों?



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

महाराष्ट्र सरकार ने एक 13 सदस्यीय आयोग बना दिया है, जिसका काम यह देखना है कि देश में जितनी भी अंतरजातीय और अन्तर्धार्मिक शादियां होती हैं, उन पर कड़ी निगरानी रखी जाए। यदि उनके रिश्तेदारों या पति-पत्नी के बीच हिंसा या अनबन की शिकायतें आएं तो उन पर ध्यान दिया जाए। इस आयोग की अध्यक्षता भाजपा के महिला और बालविकास मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा करेंगे। इस आयोग का उद्देश्य यह बताया जा रहा है कि इस तरह की शादियों पर कड़ी निगरानी रखकर यह आयोग उनके विवादों को सुलझाने की कोशिश करेगा और औरतों के अधिकारों की रक्षा करेगा। यह आयोग उक्त प्रकार की शादियों की सारी जानकारियां और आंकड़े भी इकट्ठे करेगा। इस अपने ढंग के आयोग की स्थापना देश में पहली बार महाराष्ट्र सरकार ने की है, जो भाजपा और शिवसेना (नई) के गठबंधन से बनी है। इन दोनों पार्टियों ने लव जिहाद के खिलाफ जिहाद छेड़ रखा है। वास्तव में छल-कपट से कोई भी शादी करे और धर्म-परिवर्तन की कोशिश करे तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है। लेकिन जो शादियां शुद्ध प्रेम और पारस्परिक आकर्षण के आधार पर होती हैं, क्या उनके लिए भी यह आयोग अभिशाप नहीं बन जाएगा? पता नहीं महाराष्ट्र की श्रद्धा वालकर और आफताब की शादी के पीछे असली प्रेरणा क्या थी? यह आयोग बनाया ही गया है, श्रद्धा वालकर और आफताब कांड के संदर्भ में। इस आयोग के घोषित उद्देश्य में तो कोई बुराई नहीं दिखती लेकिन ऐसा लगता है कि इससे जितने लाभ हो सकते हैं, उनसे ज्यादा हानियां होंगी। यह आयोग गलत धारणाओं पर ही आधारित है। सबसे पहला प्रश्न यह है कि क्या औरतों पर जुल्म तभी होता है, जबकि उनकी शादी गैर-जाति या गैर-धर्म के आदमी से होती है? क्या समजातीय और समधार्मिक विवाहों में किसी स्त्री पर कोई जुल्म नहीं होता? यदि भाजपा और शिवसेना के नेता स्त्री के अधिकारों के प्रति सजग हैं तो सिर्फ विषम विवाहों पर ही उनकी कोप-दृष्टि क्यों है? यदि वे विषम विवाहों के आंकड़े इकट्ठे करेंगे तो उनके कारण परिवारों में विषमता की दुर्भावना बढ़ेगी और उनकी संतानों के भावी जीवन को भी वह प्रभावित करेगी। वास्तव में हमें ऐसे शक्तिशाली और एकात्म भारत का निर्माण करना है, जिसमें जाति और धर्म से भी ज्यादा महत्व मनुष्य का हो। कोई भी मनुष्य अपनी मर्जी से जाति या धर्म में पैदा नहीं होता है। ये तो उस पर तब से थोप दिए जाते हैं, जब उसे खुद अपने नाम का भी पता नहीं होता। यह आयोग मनुष्य को जातीय और धर्म के सींखचों में बांधे रखने का एक नया पैंतरा सिद्ध होगा। जाति और धर्म से ऊपर उठकर शुद्ध प्रेम या आकर्षण से प्रेरित होकर शादी करनेवाले लोग डर के मारे दुबक जाएंगे। बेहतर तो यही हो कि हमारी सरकारें अंतरजातीय और अंतरधार्मिक विवाहों को पुरस्कृत, प्रोत्साहित और समादृत करें ताकि भारत एक सशक्त, संपन्न और भेदभावरहित देश बन सके।

बंद करो बच्चों पर अनावश्यक दबाव बनाना

आर.के. सिन्हा

राजस्थान के कोटा में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए अन्य राज्यों से आए तीन नौजवानों के आत्महत्या करने की घटना को सुनकर दिल दहल जाता है। जिन बच्चों का अभी सारा जीवन संभावनाओं से भरा पड़ा हुआ था, उन्होंने अपनी जीवन लीला को यूँ ही एक झटके में खत्म कर लिया। मृतक छात्रों में दो बिहार और एक मध्यप्रदेश के रहने वाले थे, जिनकी उम्र 16, 17 और 18 साल थी। मृतक छात्रों में बिहार के रहने वाले दोनों छात्र अंकुश और उज्ज्वल एक ही हॉस्टल में रहते थे। एक इंजीनियरिंग की कोचिंग कर रहा था, वहीं दूसरा मेडिकल की तैयारी करता था। मध्यप्रदेश का छात्र प्रणव नीट की तैयारी करता था। कोटा या देश के अन्य भाग में नौजवानों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। कुछ समय पहले कोटा में ही नीट की तैयारी कर रहे कोचिंग स्टूडेंट ने फंदा लगाकर खुदखुशी कर ली थी। उसके पास से पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला था। उसमें लिखा- आई एम सॉरी मम्मी-पापा। मैं पढ़ना चाहता था, लेकिन दिमाग पता नहीं कैसा हो गया। इधर-उधर की चीजें सोचता रहता हूं। दरअसल अब बच्चों के आत्महत्या करने के मामले सामने आने से मन उदास सा होने लगा। यह स्वाभाविक ही है। कुछ समय पहले अखबार खोलते ही एक खबर पर नज़र गई। खबर थी कि इंजीनियरिंग के एक छात्र ने चौथी मंज़िल से छलांग लगा दी क्योंकि उसे इंजीनियरिंग में कोई रुचि नहीं थी पर घरवालों के दबाव के कारण उसे दाखिला लेना पड़ा। शुक्र है महज़ टांगें ही टूटीं पर जान बच गई लेकिन हर कोई इतना किस्मत वाला नहीं होता। कोचिंग का गढ़ माने जाने वाले कोटा में आए दिन डिप्रेशन के कारण बच्चों की आत्महत्या का मामला संसद में भी कई बार उछल चुका है। और तो और, पंखों पर सेंसर लगाने पर भी विचार तक हो रहा है जिससे कि बच्चों के फांसी लगाने की कोशिश पर अलार्म बज जाए और समय रहते उन्हें बचा लिया जाए। समझ नहीं आता कि भारतीय मां-बाप अपने बच्चों को डाक्टर या इंजीनियर ही क्यों बनाना चाहते हैं। उन्हें आखिर क्यों ऐसा लगता है कि इन दो क्षेत्रों में पढ़ने से न केवल अच्छी नौकरी मिलेगी बल्कि समाज में रुतबा भी बढ़ेगा। कोई उनसे पूछे कि बैंकर्स नहीं हों तो उनका काम कैसे चले, टीचर्स न हो तो पढ़ाएगा कौन? किसान, मेनुफैक्चर्स, दूकानदार, खिलाड़ी, गायक हर व्यवसाय का अपना रोल और अपनी ज़रूरत है जिसे नकारा नहीं जा सकता। निश्चित रूप से बच्चों को वही विषय पढ़ने चाहिए जो वे पढ़ना चाहते हैं तभी तो वे न केवल अच्छे नंबर लाएंगे, बल्कि बेहतर करियर भी चुन सकेंगे। पर अभिभावक तो अपने बच्चों की जान के पीछे पड़ जाते हैं कि वे फलां-फलां कोर्स ही लें। आए दिन होनेवाली आत्महत्याएं ये सोचने पर विवश कर रही हैं बच्चों पर करियर में सफल होने को लेकर अनायास दबाव क्यों बनाया जा रहा है। यह विचारणीय है कि आखिर क्यों इंजीनियरिंग या मेडिकल के बच्चे ही अधिकतर आत्महत्याएं करते हैं? देखिए बच्चे को पालना कम से कम एक बीस वर्षीय प्लान है। अगर इस पर ढंग से काम कर लिया गया तो आपकी जिंदगी बेहतर होगी, नहीं तो ताउम्र बच्चे को पालना पड़ सकता है। पर हम ये कैसे जानें कि हमारी परवरिश सही है कि नहीं? संस्कारों के अलावा जीवन में भौतिक कामयाबी भी सही परवरिश का एक पैमाना है। कौन नहीं चाहता कि उसका बच्चा समाज में ऊंचा मुकाम हासिल करे, शोहरत-नाम कमाए पर इन सबके लिए ज़रूरी है कि बच्चे की काबिलियत के अनुसार मनचाहा करियर चुनने की आज़ादी भी दी जाए। यह एक कड़वा सच है कि हमारे समाज में सफलता का पैमाना अच्छी नौकरी, बड़ा घर और तमाम दूसरी सुख-सुविधाएं ही मानी जाती हैं और इन सबको हासिल करने के लिए एक अदद अच्छी डिग्री काफी मायने रखती है। पर ऐसा न हो कि हम भविष्य के चक्कर में अपने बच्चों का जीवन आज ही त्रासद बना दें, इतना कि वे आत्महत्या जैसे कदम उठाने पर मज़बूर हो जाएं या आपके सपनों के बोझ तले दबकर रह जाए। कई बार परिवार के किसी सदस्य या पैसे की चकाचौंध से आकर्षित होकर भी बच्चे गलत विषयों का चयन कर लेते हैं और बाद में उम्र भर अफसोस करते रहते हैं। ऐसे में मां-बाप का फर्ज है कि उन्हें उनके चयन के बारे में पूरी जानकारी दें और बताएं कि आगे चलकर इनसे क्या-क्या करियर संभावनाएं निकल सकती हैं। चुपचाप तटस्थ रहकर देखने का अर्थ है कि हम अपनी ज़िम्मेदारी से भाग रहे हैं। अगर ज़रूरी लगे तो किसी काउंसलर की मदद ली जा सकती है जो बच्चे का मेंटल एप्टीट्यूट देखकर सही करियर चुनने में मदद कर सकते हैं। आजकल फीफा कप चल रहा है। इस सारे मामले को फीफा कप से जोड़कर भी देखिए। फीफा के बहाने दुनिया बेहतरीन फुटबॉल का आनंद ले रही है। इस बीच कुछ भारतीय कह रहे हैं कि हम क्यों नहीं इसमें भाग ले रहे? उन्हें अपनी गिरेबान में झांकना चाहिए कि क्या उन्होंने अपने बच्चों को कभी खेलों में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया? हमारा तो सारा फोकस इस बात पर है कि हमारे बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर या सिविल सेवा की परीक्षा को सफलतापूर्वक पास कर लें। हम उन पर दबाव बनाए रखते हैं। कहना न होगा कि कई बार मां-बाप के अत्यधिक दबाव के चलते ही बच्चे बेहद गंभीर कदम उठा लेते हैं। अपने बच्चों से तमाम उम्मीदें लगाकर बैठे मां-बाप को समझना चाहिए कि क्या वे सांसद या मंत्री बन गए जो अपने बच्चों पर प्रेशर बनाकर रखते हैं? इस बीच, देखने में यह भी आ रहा है कि परीक्षाओं और उसके नंबरों को लेकर भी हमारे समाज का रवैया बदलने लगा है। याद कीजिए उस दौर को जब परीक्षाओं में अधिक अंक लेने पर आपको सारा समाज बधाई देता था। अड़ोस-पड़ोस में आपके नाम की चर्चा होती थी। आपकी उपलब्धियों पर सब गर्व करते थे। पर अचानक से देखने में अब यह आ रहा है कि बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले परीक्षार्थियों की उपलब्धियों को कम करने का चलन चालू हो चुका है।

साइकिल पार्ट्स बनाने की फैक्ट्री में लगी भीषण आग

तीन की मौत, दो की हालत गंभीर, मचा कोहराम

पुलिस आयुक्त और डीएम मौके पर पहुंचे

संवाददाता।

कानपुर। शहर में फजल गंज क्षेत्र में साइकिल पार्ट्स बनाने की फैक्ट्री में शुक्रवार तड़के भीषण आग लग गई। हादसे में 3 मजदूरों की जिंदा जलकर मौत हो गई। वहीं, 5 गंभीर झुलस गए। घटना के वक्त फैक्ट्री में 19 मजदूर थे। जिसमें 11 को रेस्क्यू किया गया। सभी को एलएलआर अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने तीन की मौत की पुष्टि की। वहीं गंभीर रूप से झुलसे दो की हालत गंभीर है, उन्हें हैलट अस्पताल के आईसीयू में रखा गया है। मृतकों में उन्नाव के बारा सरवर निवासी जय प्रकाश सिंह, सचेंडी निवासी नरेन्द्र उर्फ बिन्नू और शिवराजपुर के छतरपुर निवासी प्रदीप उर्फ राजू गौतम हैं। वहीं दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं ये आग कई परिवारों को जिंदगी भर का दर्द दे गई।

फजलगंज इलाके के गड़रियनपुरवा में साइकिल पार्ट्स बनाने की फैक्ट्री एसके इंडस्ट्रीज है। इसके मालिक डबल पुलिया निवासी सुनील कटियार हैं। फैक्ट्री में साइकिल की गद्दी और पैडल बनाए जाते हैं। शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। गद्दी का फोम का सामान होने के कारण आग इतनी तेजी से फैली कि किसी को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। आग की तेज लपटों में 3 मजदूर फंस गए, उनकी जिंदा जलकर मौत हो गई। वहीं हादसे की सूचना पर पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड और डीएम विशाख जी खुद मौके पर पहुंचे। उन्होंने रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी ली। इसके बाद हैलट में घायलों का हाल लेने के लिए पहुंचे।

थिनर के ड्रम से धधक उठी फैक्ट्री

फायर ब्रिगेड टीम की प्राथमिक जांच में सामने आया है कि फैक्ट्री में थिनर भरा ड्रम रखा हुआ था। शॉर्ट सर्किट से आग लगते ही थिनर भरे ड्रम तक आग पहुंच गई। इसके चलते थिनर भरा ड्रम फट गया और फैक्ट्री को आग ने पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया।

नहीं ली गई थी फायर एनओसी

सीएफओ ने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया कि फैक्ट्री संचालक के पास अग्निशमन विभाग से किसी तरह की एनओसी नहीं ली गई थी। मकान में फैक्ट्री संचालित की जा रही थी। बाहर निकलने और आपातकालीन कोई रास्ता नहीं था। इसके चलते आग लगते ही सभी कर्मचारी फंस गए और 3 की मौत हो गई।

भाई को नहीं बचा सका, बारात से पहले उठी अर्थी

फजलगंज गड़रियनपुरवा अग्निकांड में मृतक प्रदीप उर्फ राजू गौतम (24) शिवराजपुर के छतरपुर के रहने वाले थे। पिता राजकुमार ने बताया कि राजू तीन भाइयों पिंटू और अवधेश के बाद सबसे छोटा बेटा था। भाई पिंटू ने बताया कि वह भी इसी फैक्ट्री में काम करता है। आग लगते ही पिंटू ने तो छत से कूदकर जान बचाई, लेकिन भाई अंदर चीखता रहा और आग के चलते वह बचा नहीं सका। यह भी बताया कि भाई की शादी तय हो गई थी। जल्द ही दिन और तारीख तय होना था, लेकिन हादसे के चलते बारात से पहले अर्थी उठने से पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक जय प्रकाश परिहार (45) की पत्नी सीता बार-बार यही कहते हुए बेसुध हो जा रही थीं। परिवार के लोगों ने उन्हें किसी तरह संभाला। पत्नी ने बताया कि उनके दो बच्चे 17 साल का वंश और 14 साल की बेटी खुशी है। पति के निधन के बाद से अब परिवार का खर्च और बच्चों की पढ़ाई कैसे होगी।

गांव से काम पर न लौटते तो बच जाते

अग्निकांड में मृतक नरेंद्र उर्फ दिन्नू सैनी (30) की पत्नी ज्योति ने बताया कि काम के साथ वह अपने कैंधा गांव सचेंडी में खेती का भी काम देखते थे। 4 दिन पहले ही गांव से लौटे थे और फिर काम पर जाना शुरू किया था। ज्योति ने कहा कि वह गांव में कुछ दिन और रुकना चाहते थे, लेकिन उन्होंने यहां अकेले होने के चलते पति को बुला लिया था और उनकी जलकर मौत हो गई। खुद को ही दोषी मानकर बार-बार बदहवास हो जा रही थीं। मृतक के भाई सुरेंद्र, उमेश और सुशील समेत परिवार के अन्य लोग पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और पत्नी को संभाला।

महिला ने जीआरपी सिपाही के कपड़े फाड़े, पीटा

- तीन और महिलाओं से शादी करने का आरोप
- शिकायत पर बर्खास्त किया गया था सिपाही

संवाददाता।

कानपुर। कानपुर में नौबस्ता थाना क्षेत्र के हंसपुरम स्थित वॉटर पार्क में गुरुवार को पति से मिलने पहुंची पहली पत्नी ने उसे जमकर पीटा। तभी किसी ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस पति-पत्नी को थाने ले आई, जहां दोनों पक्षों ने तहरीर दी है।

एसीपी नौबस्ता अभिषेक पांडेय ने शुक्रवार को बताया कि बिधनू के सतभरी रोड निवासी दुर्गेश कुमार सोनकर यूपी पुलिस में सिपाही थे। उनकी शादी 2013 में नौबस्ता के हंसपुरम निवासी ज्योति से हुई थी। पत्नी ज्योति का आरोप है कि कांस्टेबल ने उसके अलावा अलग-अलग समय पर तीन महिलाओं से शादी की और विरोध करने पर उन्हें पीटता था। इसको लेकर उन्होंने कांस्टेबल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के साथ ही विभाग में शिकायत की थी। जांच के दौरान आरोप सही पाए जाने पर पिछले महीने कांस्टेबल को बर्खास्त कर दिया गया था। पत्नी का आरोप है कि बर्खास्तगी के बाद से वह मारने के लिए तलाश रहा था। ज्योति को बहाने से घर के पास वाटर पार्क में बुलाया था। लेकिन ज्योति कांस्टेबल के ऊपर टूट पड़ी और जमकर पीटा। इसके बाद नौबस्ता पुलिस को सूचना दी। नौबस्ता पुलिस ने बर्खास्त कांस्टेबल को हिरासत में लिया है। एसीपी नौबस्ता ने बताया कि अगर महिला तहरीर देगी तो कांस्टेबल दुर्गेश के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। फिलहाल महिला ने कोई तहरीर नहीं दी है।

संदिग्ध बंगलादेशी नागरिक के मामले में पुलिस इरफान के हस्ताक्षर का मिलान करवाएगी

संवाददाता।

कानपुर। जेल में बंद सपा विधायक इरफान सोलंकी के लिए मुश्किलें बढ़ती जा रही है। एक तरफ पुलिस इरफान के पुराने मामले खंगाल रही है वहीं दूसरी तरफ संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक डॉ रिजवान के मामले में पुलिस इरफान सोलंकी के हस्ताक्षर का मिलान करवाएगी।

सपा विधायक इरफान सोलंकी के खिलाफ कानपुर में 13 मामले थे। जिसमे से 2 मामलों में चार्जशीट लगा दी गयी है, जबकि 2 मामलों में विवेचना की जा रही है। 9 पुराने मामलों में पीपुल रिप्रेजेन्टेटिव मामले में चार्जशीट लगाने की तैयारी पुलिस ने कर ली है। पुलिस का कहना है कि 7 पुराने मामले सपा विधायक इरफान सोलंकी पर है उसकी जांच पुनः कराई जा रही है।

इसके साथ ही बांग्लादेशी डॉ रिजवान को कानपुर की नागरिकता के लिए लेटर पैड पर सपा विधायक इरफान सोलंकी और पार्षद मन्नू रहमान ने लिख कर दिया थ। इस मामले में.विधायक और पार्षद मन्नू रहमान के हस्ताक्षर की जांच के लिए कोर्ट से अनुमति मांगी गई है। अनुमति मिलते ही पुलिस इरफान सोलंकी के हस्ताक्षर का मिलान बैंक के हस्ताक्षर से करवाएगी।

अधूरी तैयारियों के साथ इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन शुरू

- महापौर ने फीता काटकर किया उद्घाटन

संवाददाता।

कानपुर। शुक्रवार को मोतीझील रोड पर अधूरी तैयारियों के साथ शहर का पहला इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन शुरू हो गया। चार्जिंग स्टेशन में अभी तक बिजली का मीटर तक नहीं लग सका है। उद्घाटन के दिन पर भी आधे घंटे के लिए जगाड़ से बिजली की व्यवस्था की गई। 18 रुपए प्रति यूनिट की दर से वाहन चार्ज किए जा सकेंगे।

महापौर प्रमिला पांडेय और नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने चार्जिंग स्टेशन का फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। करीब 2 महीने से चार्जिंग स्टेशन बनकर तैयार था। 2 महीने बाद भी बिजली का मीटर तक नहीं लग सका। वहीं स्टेशन में कार 35 मिनट में फुल चार्ज हो जाएगी। एक बार में 6 इलेक्ट्रिक गाड़ियां चार्ज हो सकेंगी। स्कूटी और ई-रिक्शा भी चार्ज कर सकेंगे। एक बार में फुल चार्ज करने में कार मालिक को करीब 500 रुपए चार्ज देना होगा।

नगर निगम ने प्राइवेट कंपनी को शहर में 2 चार्जिंग स्टेशन बनाने का काम दिया था। कंपनी के टेक्निकल मैनेजर ऋषभ कुमार ने बताया,÷एक स्टेशन बनाने में करीब 40 लाख रुपए खर्च आता है। चार्जिंग स्टेशन में प्रति यूनिट 18 रुपए हिसाब से पेमेंट करना पड़ेगा।

एप से ही कट जाएंगे रुपए

आप जितना चार्ज करेंगे, उतनी यूनिट के हिसाब से आपके एप के वॉलेट से रुपए कट जाएंगे। चार्जिंग स्टेशन में 3 तरह के चार्जर लगाए गए हैं। एक चार्जर 60 वाट का है, इसमें एक बार में 2 कारें चार्ज हो जाएंगी। एक चार्जर 22 किलोवाट का है। इसमें एक बार में एक कार ही 50 मिनट में चार्ज हो पाएगी।

न्यूज

गो तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता, उन्नाव। बांगरमऊ कोतवाली पुलिस ने गोवध निवारण अधिनियम और पुलिस मुठभेड़ में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई कर उसे अदालत भेज दिया। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ओपी राय हमराह सिपाहियों के साथ क्षेत्र के लखनऊ मार्ग पर गश्त कर रहे थे तभी मऊ रेलवे क्रॉसिंग के निकट गोवध निवारण अधिनियम और पुलिस मुठभेड़ में वांछित अभियुक्त आसीवन थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बा कुरसठ के मोहल्ला कसौटा निवासी सफीउल्ला पुत्र इजराइल नगर की ओर आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने आवश्यक बल प्रयोग कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत विधिक कार्यवाही कर उसे अदालत भेज दिया।

न्यायालय के आदेश पर डीएम ने खुदवाया 8 माह पूर्व दफन शव

संवाददाता, उन्नाव। कोर्ट के आदेश पर दर्ज मुकदमें पर जिलाधिकारी ने महीनों पूर्व दफ्न शव को खुदवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। औरास क्षेत्र के जवन गांव निवासी मलखे की 20 अप्रैल 2022 को मौत हो गई थी। जिसकी सूचना बडे भाई फूलचंद्र ने चंडीगढ़ में बुआ सुनीता के साथ रह रही मृतक की बेटियों में शिवानी, लक्ष्मी, सुभासिनी को दी। बड़ी बेटी शिवानी के अनुसार उसे 20 अप्रैल को सूचना दी गई कि उसके पिता मलखे की मौत हो गई। वह सूचना पर घर पहुंची तो पता चला कि उसके पिता के हिस्से की पांच छह बिसुवा जमीन एक दिन पहले ही उसके चाचा फूलचंद्र ने चाची फूलकुमारी के नाम लिखवा ली है। उसने पिता के शव को देखा तो गले में चोट के निशान मिले। मौत को संदिग्ध बता थाने में तहरीर सुनवाई न होने पर कोर्ट की शरण ली जिसपर कोर्ट के आदेश पर जून 2022 को मृतक भाई फूलचंद्र उसकी पत्नी फूलकुमारी उसके दो बेटों अशोक व अंकित व हसनगंज निवासी दामाद परशुराम के खिलाफहत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। जिलाधिकारी के निर्देश पर अप्रैल महीने में दफ्न शव को शुक्रवार को एसडीएम हसनगंज अंकित शुक्ला सीओ बांगरमऊ पंकज सिंह थाना प्रभारी राज कुमार की मौजूदगी में खोदवा पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

संदिग्ध हालत में युवक की मौत

संवाददाता, उन्नाव। शहर के उम्मीदों के शहर लोधनहार मोहल्ला के रहने वाले बढ़ई की बीतीरात संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मौत की खबर मिलने पर परिजनों में कोहराम मचा रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शहर के उम्मीदों के शहर मोहल्ला के रहने वाले 22 वर्षीय राकेश शर्मा उर्फछोटेलाल दो सालों से शिवचरन शर्मा उर्फगुड्डू निवासी भदोही थाना अचलगंज के यहां रहकर बढ़ई का काम करता था। गुड्डू की पत्नी गूंजा के मुताबिक नशा करने से अक्सर बीमार रहने से उसका इलाज चल रहा था। देररात हालत बिगड़ने पर उसे अचलगंज सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर परिजनों को दी गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजन सीएचसी अचलगंज पहुंचे, जहां पता चला कि राकेश चार भाईयों में अविवाहित और सबसे छोटा था। मौत को लेकर परिवार में कोहराम मचा रहा। मां रामकुमारी और भाईयों में राजेश, सतीश व दिनेश हैं। भाई सतीश शर्मा की तहरीर पर पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर मोर्चरी भिजवाया, जहां डॉक्टरों की टीम आज शव का पोस्टमार्टम करेगी। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का सही पता चल सकेगा। पुलिस ने बताया कि परिजनों के द्वारा तहरीर दी गई है। कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफहो सकेगी।

हत्या की एफआईआर होने पर थानाध्यक्ष सरकारी पिस्टल लेकर फरार : दर्ज होगा एक और मुकदमा

संवाददाता।

कानपुर देहात। कानपुर देहात में 12 दिसंबर की रात पुलिस बर्बरता के शिकार हुए सरैंया लालपुर के युवा व्यापारी बलवंत सिंह की मौत के बाद आरोपी पुलिसकर्मियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज है। घटना में शामिल तत्कालीन एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम को गुरुवार देर रात गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया। जबकि घटना में शामिल तत्कालीन रनियां थानाध्यक्ष शिव प्रकाश सिंह को मुकदमे की जानकारी हुई तो वह सरकारी पिस्टल सहित फरार हो गया।तत्कालीन रनियां थानाध्यक्ष की मुश्किल और बढ़ती नजर आ रही और गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम आसपास के जिले में छापेमारी कर रही है।

व्यापारी के मामले में मुकदमा दर्ज होने की जानकारी तत्कालीन रनिया थाना अध्यक्ष शिव प्रकाश को हुई तो उन्होंने साथ में मौजूद सहयोगी दरोगा को सीयूजी नंबर दिया और 5 मिनट में आने की बात कहते हुए सरकारी पिस्टल लेकर फरार हो गए। जब 24 घंटे बीत गए और वह वापस नहीं आए तो थाने में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में पूरे मामले की जानकारी पुलिस अधीक्षक को दी गई। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आसपास के जिलों में छापेमारी तेज कर दी गई और एक टीम तत्कालीन आरोपी थाना अध्यक्ष शिव प्रकाश के गृह जिला रायबरेली भेजी गई है। पुलिस विभाग अब सरकारी पिस्टल लेकर फरार होने का मुकदमा दर्ज करने की तैयारी कर रहा है।

शासन के निर्देश पर नई एसआइटी का गठन,जांच शुरु

पुलिस हिरासत में पिटाई से जान गंवाने वाले बलवंत सिंह प्रकरण की जांच अब एसपी कन्नौज के नेतृत्व वाली एसआइटी करेगी। शासन के निर्देश पर नई एसआइटी का गठन कर दिया गया है, जिसमें सीओ तिर्वा को मुख्य विवेचक बनाया गया है। एडीजी भानु भास्कर ने बताया कि शासन ने बलवंत सिंह प्रकरण की जांच के लिए शासन के निर्देश पर एसपी कन्नौज कुंवर अनुपम सिंह के नेतृत्व में नई एसआइटी का गठन किया है। नई टीम ने जांच शुरू कर दी है।

वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाददाता, उन्नाव। बीघापुर पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव से एक वारंटी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बीघापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पांडेपुर निवासी अयोध्या पुत्र नन्हकऊ आयु लगभग 60 वर्ष के खिलाफ न्यायालय में 3/25 एक्ट का मुकदमा विचाराधीन हैं। न्यायालय द्वारा एन बी डब्ल्यू वारंट जारी होने पर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जिसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष ने बताया कि न्यायालय के आदेश का अनुपालन करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

बच्चो में खसरे की आशंका के चलते डीएम ने किया वार्ड का निरीक्षण

संवाददाता।

उन्नाव। बच्चों में खसरे की आशंका के चलते जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सत्य प्रकाश व स्थानीय अधिकारियों के साथ नगर पंचायत पुरवा के दलीगढ़ी वार्ड का निरीक्षण किया गया।

दलीगढ़ी वार्ड में विगत चार दिनों में एक ही परिवार के तीन बच्चों की मृत्यु हुई है। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जानकारी दी गयी, कि दो बच्चों की मृत्यु न्यूमोनिया तथा एक बच्चे की मृत्यु डायरिया से हुई है। वार्ड में बच्चों का सर्वे कराया गया है, जिसमें अन्य बच्चों को भी बुखार और चेचक जैसे दाने पाये गये हैं। 22 बच्चों की सैम्पलिंग कराकर परीक्षण हेतु लैब को भेजी गयी है। उन्होने बताया है कि वार्ड में कैम्प लगाकर 0-5 वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण एवं आवश्यक दवाओं का वितरण कराया जा रहा है निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मृत बच्चों के परिजनों से मिलकर अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। परिजनों द्वारा डॉक्टरों की लापरवाही की शिकायत पर उन्होने कहा कि प्रकरण की जॉच करायी जा रही है, दोषी पाये जाने पर सम्बन्धित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इसके उपरान्त डीएम ने वार्ड का भ्रमण कर साफ-सफाई का जायजा लिया तथा स्थानीय लोगों से साफ-सफाई के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान उन्होने वार्ड मे लगाये गये चिकित्सीय कैम्प में जाकर मौजूद डॉक्टरों एवं स्टाफ से दवा वितरण, टीकाकरण एवं अन्य आवश्यक जानकारी ली। इस मौके पर उन्होने चिकित्सीय टीम को निर्देश दिये कि डोर-टू-डोर अभियान चलाकर शत प्रतिशत टीकाकरण एवं आवश्यक दवाओं का वितरण कराना सुनिश्चित करें।

इस दौरान उन्होने अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत पुरवा को भी निर्देश दिये कि नगर पंचायत के समस्त वार्डों में नियमित रूप से साफ-सफाई कराना सुनिश्चित करें।

बीएसए कार्यालय का किया निरीक्षण

अनुपस्थित कर्मियों का रोका वेतन, गंदगी मिलने पर लगाई फटकार

संवाददाता।

उन्नाव। मुख्य विकास अधिकारी ने आज बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान कई कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। परिसर में गंदगी पाए जाने पर फटकार लगाई। इसके साथ ही बीएसए से शिक्षा गुणवत्ता के साथ-साथ स्कूलों में मिड-डे मील बच्चों के खातों में आने वाली धनराशि ड्रेस वितरण संबंधित जानकारी हासिल की है। निरीक्षण के दौरान परिसर में हड़कंप मचा रहा। उन्नाव में शिक्षा गुणवत्ता को लेकर लगातार अफसरों द्वारा मॉनिटरिंग की जा रही है।

मुख्य विकास अधिकारी ऋषि राज ने बेसिक शिक्षा कार्यालय पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीएसए संजय तिवारी समय से उपस्थित पाए गए। इस दौरान शिक्षा विभाग के कई पटल पर पहुंचे तो वहां 8 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। इसको लेकर तत्काल प्रभाव से बीएसए को निर्देश दिए हैं, सभी का वेतन रोकने के साथ ही स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होने मिडडे मील को लेकर जानकारी हासिल की। डीबीटी के माध्यम से छात्रों के खातों में ड्रेस जूते मोजे खरीदने को पहुंचने वाली धनराशि को लेकर भी जानकारी हासिल की है। किताब वितरण संबंधित ब्यौरा मांगा।

निरीक्षण के बाद बाहर परिसर में गंदगी देख उन्होंने बीएसए को फटकार लगाई है अल्टीमेटम दिया है। दोबारा पुनरावृत्ति न हो। सीडीओ के निरीक्षण के दौरान परिसर में हड़कंप मचा रहा। सीडीओ ऋषि राज ने बताया कि हमारे द्वारा निरीक्षण किया गया है।

शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर कई बिंदुओं पर आख्या मांगी गई है, शिक्षा संबंधित कोई भी शिकायत मिलेगी तो संबंधित को बख्शा नहीं जाएगा, आगे विद्यालयों का भी निरीक्षण किया जाएगा।

फाइलेरिया उन्मूलन के लिए ग्राम प्रधान भी आ रहे आगे

फाइलेरिया जागरूकता को लेकर आयोजित हुई सामुदायिक बैठक

संवाददाता।

कानपुर नगर। फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जनपद के ब्लॉक कल्याणपुर और घाटमपुर में फाइलेरिया नेटवर्क ने जिम्मा उठाया है। इसमें अब ग्राम प्रधानों का भी सहयोग मिल रहा है। शुक्रवार को कल्याणपुर ब्लॉक के भिसार ग्राम सभा में पूर्व प्रधान भगवान सिंह चंदेल ने लोगों को मच्छरों से बचने के लिए नालियों में छिड़काव के तरीके बताएं 7 उन्होंने कहा फाइलेरिया नेटवर्क द्वारा जो जागरूकता फ़ैलाने का कार्य किया जा रहा है वह बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने अपील की कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए और लोग आगे आयें।

फाइलेरिया नेटवर्क द्वारा प्रतिदिन इसके उन्मूलन को लेकर सामुदायिक बैठकों का आयोजन किया जा रहा है । शुक्रवार को आयोजित बैठक में फाइलेरिया नेटवर्क की सदस्य पूजा ने फाइलेरिया के लक्षण, बचाव और इलाज के बारे में फ्लिप बुक के माध्यम से जानकारी दी।

फाइलेरिया नेटवर्क के सदस्य उपचार और प्रबंधन पर दे रहे जानकारी

पूजा ने बताया फाइलेरिया बीमारी मच्छर के काटने से होती है । अगर यह बीमारी एक बार हो गई तो ठीक तो नही हो सकती पर सही देखभाल के द्वारा इस बीमारी को बढ़ने से रोक सकते हैं। इसलिए जब आशा दीदी साल में एक बार फ़ाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाने आती हैं तो उस दवा को जरूर खाना चाहिए । यदि पाँच साल तक लगातार साल में एक बार दवा का सेवन कर लेंगे तो इस बीमारी से बचे रहेंगे। यह बीमारी किसी को भी हो सकती है और इस बीमारी से कोई भी अंग प्रभावित हो सकता है। फाइलेरिया व्यक्ति को दिव्यांग तक बना देती है ।

बैठक में उपस्थित दूसरे सदस्य महेंद्र ने फ्लिप बुक में दिए गए चित्रों के माध्यम से इस रोग के फैलने के बारे में जानकारी दी 7 फाइलेरिया प्रबंधन के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि फाइलेरिया रोग से प्रभावित अंगों की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना होता है। जिस रोगी को हाथ-पैर में फाइलेरिया की शिकायत होती है, उसे डॉक्टर से परामर्श लेकर नियमित तौर पर व्यायाम भी करना चाहिए। साथ ही उन्होंने समुदाय को फाईलेरिया से बचाव के उपाय भी बताये। जैसे सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, खिड़की दरवाजों पर जाली लगाएं, घर और आस पास पानी न इकट्ठा होने दें।

तीसरा स्थान हासिल करने के लिए जी जान लगाएंगे मोरक्को-क्रोएशिया

एजेंसियां।

दोहा। किसी के लिए यह अर्थहीन प्रदर्शनी मैच की तरह है तो किसी के लिए इतिहास रचने जैसा। विश्व कप फुटबॉल में तीसरे स्थान के लिए होने वाले मैच के लिए खुद को प्रेरित करना आसान नहीं है। मोरक्को और क्रोएशिया के बीच शनिवार को जब यहां तीसरे स्थान का मैच खेला जाएगा तो दोनों टीमें अपनी जी जान लगाने के लिए खुद को प्रेरित करेंगी क्योंकि उन्हें पता है कि अब ताज उनके सिर नहीं सजेगा। मोरक्को के कोच वालिद रेगरागुई ने कहा,'' आप बहुत निराश हैं। आपने अभी सेमीफाइनल मैच गंवाया है और फिर दो दिन बाद आपको मैच खेलना है।''

मोरक्को सेमीफाइनल में पहुंचकर पहले ही इतिहास रच चुका है। वह विश्वकप के अंतिम चार में जगह बनाने वाला पहला अफ्रीकी देश है। जहां तक क्रोएशिया की बात है तो वह पिछली बार का उपविजेता है। रेगरागुई ने कहा,''मैं समझता हूं कि चौथे स्थान पर रहने से बेहतर तीसरा स्थान हासिल करना है लेकिन मेरे कहने का मतलब है कि हमारी टीम फाइनल में नहीं जगह बना पाई।'' मोरक्को सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली अरब देशों की पहली टीम बनने के बाद फ्रांस से 2-0 से हार गयी थी। जहां तक क्रोएशियाई टीम की बात है तो वह इस मैच को भी महत्वपूर्ण मानकर चल रही है। क्रोएशिया सेमीफाइनल में अर्जेंटीना से 3-0 से पराजित हो गया था। उसके खिलाड़ी हालांकि इस हार की बजाय लगातार दूसरे विश्वकप में पदक हासिल करने को लेकर बात कर रहे हैं। क्रोएशिया के फारवर्ड लेडी क्रामरिच इसे अपने देश के फुटबॉल नायकों में अमर बनने के रूप में देख रहे हैं। उन्होंने कहा,'' हम में से आठ खिलाड़ियों को विश्वकप में पदक जीतने का अहसास है। हमारे कई खिलाड़ी ऐसे हैं जिनको ऐसा अनुभव नहीं है। हम फिर से पदक हासिल करने को लेकर उत्साहित हैं क्योंकि यह अवसर ताउम्र आपके साथ बना रहेगा।

खिताबी मुकाबले में मेसी और एमबापे होंगे आमने सामने



फीफा वर्ल्ड कप का खुमार लोगों पर पिछले एक महीने से छाया हुआ है, और लोग लगातार मैच देख रहे है। लेकिन अब फीफा वर्ल्ड कप अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गया है और उसकों उसकी दो फाइनल टीमें मिल गई जो इस खिताब के लिए 18 दिसंबर को आमने सामने होंगी। जी हां ये दोनों टीमें है अर्जेंटीना और फ्रांस। इन दोनों टीमों को ही फाइनल खेलना है। अब बात करले इन दोनों टीमों के स्टार खिलाडियों के बारे में तो इनमें अर्जेंटीना के लियोनल मेसी है जो अपने अनुभव से लबरेज है और ये उनके लिए ये आखिरी वर्ल्ड कप हो सकता है ऐसे में वो चाहते है की इस बार उनकी टीम इस कप को जीते। वही बात करले फ्रांस की तो फ्रांस तो वैसे ही पिछले बार का वर्ल्ड चैपिंयन है और उसके पास ऐसा खिलाड़ी है जो रफ्तार को मात देता है, और उसका नाम है एमबापे। एमबापे रफ्तार के मामले में बहुत तेज है और वो अपनी टीम के स्टार खिलाड़ी है। ऐसे में खिताबी मुकाबले में मेसी और एमबापे के बीच रोचक भिड़ंत देखने को मिलेगी।

खेल मंत्री और महान हॉकी खिलाड़ियों को विश्व कप में भारत के अच्छे प्रदर्शन का भरोसा

एजेंसियां।

नई दिल्ली। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें भारत के अगले महीने होने वाले एफआईएच पुरूष हॉकी विश्व कप में पोडियम स्थान पर रहने का भरोसा है। विश्व कप अगले साल 13 से 29 जनवरी तक भुवनेश्वर और राउरकेला में खेला जायेगा।

ठाकुर ने यहां विश्व कप ट्राफी का अनावरण करते हुए पत्रकारों से कहा, ''भारत पूरी तरह से तैयार है। वह अन्य सभी 15 टीमों की चुनौती से निपटने के लिये तैयार है। मुझे लगता है कि भारत एक बार फिर विश्व चैम्पियन बनने के लिये तैयार है। मुझे पूरा भरोसा है कि जिस तरह से भारतीय टीम तैयारी कर रही है और नयी ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरी हुई है, हम विश्व कप में और पेरिस ओलंपिक में बहुत ही अच्छा प्रदर्शन करेंगे। भारत ने पिछली बार विश्व कप खिताब 47 साल पहले कुआलालंपुर में 1975 में जीता था। ठाकुर ने कहा, ''मैं इस प्रतिष्ठित ट्राफी का अनावरण करके खुश हूं और मुझे पूरा भरोसा है कि टूर्नामेंट शानदार होगा। खेल

मंत्री ने कहा, ''भारत जितना संभव हो सर्वश्रेष्ठ तरीके से टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा और मुझे पूरा भरोसा है कि 1975 विश्व कप की तरह हमारी भारतीय टीम भी 2023 विश्व कप जीतने के लिये हर संभव प्रयास करेगी ताकि नयी पीढ़ी इस उपलब्धि को याद रखे।

जफर इकबाल 1980 ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम में शामिल थे, उन्होंने कहा कि भारत ट्राफी जीतने के प्रबल दावेदारों में से एक है। इकबाल ने कहा कि हम अब उच्च स्तर पर पहुंच गये हैं और इसमें कोई शक नहीं है। हम अब मजबूत जर्मनी, आस्ट्रेलिया, बेल्जियम और नीदरलैंड से भिड़ सकते हैं। शीर्ष चार-पांच टीमें समान रूप से अच्छी हैं। भारत ने ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर अपनी छाप छोड़ी है। भारत में ट्राफी जीतने की काबिलियत है। उन्होंने कहा कि हां, मुझे पूरा भरोसा है कि भारत के पास पोडियम स्थान हासिल करने का मौका है। अगर खिलाड़ी एकजुट होकर खेलें तो वे ऐसा करने में सक्षम हैं, वे निश्चित रूप से पोडियम पर पहुंचेंगे। हमारे पास काफी अच्छे शार्ट कॉर्नर विशेषज्ञ हैं और मैदानी गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। वहीं 1975 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान अजीत पाल सिंह ने कहा कि विश्व कप में कोई प्रबल दावेदार नहीं है। उन्होंने कहा, ''मैं इस चरण में यह नहीं कह सकता कि कौन प्रबल दावेदार है। भारत के पास अच्छा मौका है लेकिन उन्हें काफी अच्छा खेल दिखाना होगा। टूर्नामेंट में काफी मजबूत टीमें हैं और मैं भारतीय टीम को शुभकामनायें देता हूं। उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। उनके साथी अशोक कुमार ने कहा कि भारतीय टीम लय में है और इस समय काफी मजबूत दिख रही है। उन्होंने कहा, ''क्यों नहीं? मुझे पूरा भरोसा है कि भारत शीर्ष तीन में शामिल रहेगा। उनके पास लय है। ओलंपिक में पदक जीतने का अनुभव काफी बड़ा होता है जिससे भारतीय टीम पूरी तरह जोश से भरी है।

बोल्ट की जगह चोपड़ा बनें विश्व एथलेटिक्स का चहेता चेहरा

एजेंसियां।

नई दिल्ली। विश्व एथलेटिक्स के एक अध्ययन के अनुसार ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने तोक्यो खेलों में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद दिग्गज उसैन बोल्ट को 'सर्वाधिक नजर आने वाले एथलीट' के रूप में पीछे छोड़ दिया। भारत के 24 वर्षीय स्टार खिलाड़ी ने इसके बाद विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर अपनी ख्याति और बढ़ा दी थी। जहां तक मीडिया कवरेज की बात है तो चोपड़ा को लेकर 812 आलेख प्रकाशित हुए। उनके बाद जमैका की तिकड़ी इलेन थॉम्पसन-हेराह (751), शेली-एन फ्रेजर-प्रिस (698) और शेरिका जैक्सन (679) का नंबर आता है। करिश्माई बोल्ट 574 आलेख के साथ इस सूची में पांचवें स्थान पर है। विश्व एथलेटिक्स के

अध्यक्ष सेबेस्टियन को ने पीटीआई सहित चुनिंदा एशियाई पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान इन आंकड़ों को जारी किया गया। ये आंकड़े जर्मनी स्थित मीडिया मॉनिटरिंग फर्म यूनिसेप्टा ने उपलब्ध कराए। को ने कहा, ''मैं उसेन बोल्ट को खारिज नहीं कर रहा हूं। वह हमारे खेल के आइकन हैं। लेकिन इससे (चोपड़ा इस सूची में सबसे आगे हैं) पता चलता है कि हम अपना दायरा बढ़ा रहे हैं। हम अब केवल एक एथलीट को लेकर बात नहीं कर रहे हैं। हमारे पास ऐसे एथलीटों की संख्या बहुत अधिक है।

भारत के दो खिलाडियों को मिल सकता है इस बार मौका, पिछली बार नहीं मिला था कोई खरीदार

एजेंसियां, नई दिल्ली। आईपीएल का नाम आते ही लोगों के दिलों दिमाग में एक ही बात आती है और वो है फटाफट क्रिकेट की ऐसे में आप भी अगर आईपीएल के दीवाने है तो आपकों लिए बस इसकी शुरूआत होने वाली है। आईपीएल 2023 की निलामी इस बार 23 दिसंबर को होने जा रही है। बताया जा रहा है की इस निलामी में उन खिलाडियों की बोली लगने वाली है जिनकों पिछले बार किसी ने खरीदा नहीं था। इस ऑक्शन के लिए खिलाडियों की लिस्ट पहले ही जारी हो चुकी है। यह मिनी ऑक्शन 23 दिसंबर को कोच्चि में आयोजित होगा। आपकों बता दें की इन खिलाडियों भारत से भी दो खिलाड़ी ऐसे है जिन्हें किसी ने खरीदा नहीं था। इनमें अमित मिश्रा और इंशात शर्मा शामिल है। पिछले सीजन में इन दोनों खिलाडियों को कोई खरीददार नहीं मिला था। वैसे भारत के बाद अगर विदेशी खिलाडियों की बात करें तो उनकी संख्या ज्यादा है।

लगातार एक ही जगह पर गेंदबाजी करने की रणनीति का फायदा मिला : सिराज

एजेंसियां।

चटगांव। भारत के दायें हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने गुरूवार को कहा कि बांग्लादेश के खिलाफ यहां शुरूआती टेस्ट में उन्हें लगातार एक ही जगह पर गेंदबाजी करने की रणनीति का फायदा मिला। बायें हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव (33 रन देकर चार विकेट) और सिराज (14 रन देकर तीन विकेट) की अगुआई में भारतीय गेंदबाजी इकाई ने बांग्लादेश का स्कोर दूसरे दिन स्टंप तक पहली पारी में आठ विकेट पर 133 रन कर दिया।

भारतीय टीम ने पहली पारी में

404 रन बनाये। सिराज ने अपनी सफलता का श्रेय निरंतर लाइन एवं लेंथ से गेंदबाजी करने को दिया। उन्होंने दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, लाल गेंद मेरी पसंदीदा है। मैं लाल गेंद से ज्यादा निरंतर गेंदबाजी करता हूं क्योंकि इसमें लाइन एवं लेंथ अहम होती है। श्रेय सभी गेंदबाजों को दिया जाना चाहिए। सिराज ने कहा, मेरी रणनीति लगातार एक ही जगह पर गेंदबाजी करने की थी क्योंकि यह इस तरह का विकेट है कि अगर आप ज्यादा कोशिश करोगे तो आपके पास रन लुटाने के काफी मौके हैं। मेरी योजना एक ही जगह पर गेंदबाजी करने की थी जिससे मुझे सफलता मिली। सिराज ने कहा कि एक तेज गेंदबाज को टेस्ट मैचों में सफलता हासिल करने के लिये स्टंप-टू-स्टंप' गेंदबाजी करनी चाहिए। इस 28 साल के गेंदबाज ने कहा, मुझे लगता है कि जितना ज्यादा आप स्टंप लाइन में गेंदबाजी करोगे, उतना बेहतर होगा क्योंकि तब आपके पास पगबाधा करने का मौका होता है।'

आयकर छूट की सीमा पांच लाख रुपये हो : एसोचैम

एजेंसियां।

नयी दिल्ली। उद्योग संगठन एसोचैम ने अगले वित्त वर्ष के आम बजट में आयकर छूट की सीमा को पांच लाख रुपये का सुझाव दिया है।

संगठन के अध्यक्ष सुमित सिन्हा ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में बजट पूर्व दिये गये अपने सुझावों को साझा करते हुये कहा कि इससे करदाताओं के पास व्यय के लिए अधिक धन उपलब्ध होगा जिससे अर्थव्यवस्था में खपत बढाने में मदद मिलेगी और इससे अर्थव्यवस्था को पटरी लाने में भी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि अभी बगैर किसी छूट की आयकर की सीता 2.50 लाख रुपये है। श्री सिन्हा ने कहा कि प्रत्यक्ष कर संग्रह और अप्रत्यक्ष कर संग्रह में आयी तेजी से सरकार को आयकर छूट की सीमा बढ़ाने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही सरकार को ग्रीन हाईड्रोजन के उत्पाद को भी प्रोत्साहित करने की दिशा में काम करना चाहिए क्योंकि भारत को दुनिया का सबसे बड़ा ऊर्जा उत्पादक देश बनने की दिशा में बढना है। इसके साथ ही रोजगार वृद्धि के लिए टिकाऊ और हरित विनिर्माण पर भी जोर देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विनिर्माण सुरक्षा से अधिक महत्व आर्थिक सुरक्षा को दिया जाना चाहिए। ग्रीन अर्थव्यवस्था, ऊर्जा स्वतंत्रता, हरित उद्योग में निवेश और जैव ईंधन की खपत को कम करने पर भी जोर होना चाहिए। ये सभी कदम आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सेवा सहित सभी क्षेत्रों में विनिर्माण के क्षेत्र में होने वाले नये निवेश के लिए कार्पोरेट कर की दर को 15 प्रतिशत निर्धारित किया जाना चाहिए और सतत निवेश को भी प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीएसटी भुगतान में बिलंव पर लगने वाले 18 प्रतिशत शुल्क को कम कर 12 प्रतिशत किया जाना चाहिए। 18 प्रतिशत ब्याज दर छोटे उद्योग के लिए बहुत अधिक है।

कैथे पैसिफिक दिल्ली, मुंबई से उड़ानें बढ़ाएगी

एजेंसियां, नयी दिल्ली। हांगकांग की एयरलाइन कैथे पैसिफिक ने कहा कि वह जनवरी से मुंबई और दिल्ली से उड़ानों की संख्या बढ़ाएगी और बेंगलुरू-हांगकांग मार्ग पर एयरबस ए 350-900 भी पेश करेगी। कंपनी के एक बयान में कहा गया है कि जनवरी से मुंबई और दिल्ली से उड़ानें बढ़ा कर प्रति सप्ताह क्रमशः पांच और सात की जाएंगी। कैथे पैसिसफिक के दक्षिण एशिया, मध्य पूर्व और अफ्रीका के विपणन और बिक्री प्रमुख आनंद येदेरी ने कहा, हम बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए मुंबई और दिल्ली से उड़ानों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ बेंगलुरु-हांगकांग मार्ग पर ए350-900 श्रेणी का विमान लगाएगी। यह हमारे बेड़े में सबसे आधुनिक विमानों में से एक है और इसकी बढ़ी हुई ईंधन-दक्षता हमारे स्वस्थ विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

गूगल पर सर्विस सेंटर का नंबर सर्च कर रहे हैं तो रहें सावधान! अकाऊंट हो सकता है खाली

एजेंसियां।

नई दिल्ली। जहां एक ओर दुनिया तेजी से ऑनलाइन की ओर जा रही है, वहीं दूसरी तरफ स्कैमर्स भी ताक लगाए बैठे हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप स्कैम से सावधान रहें। आजकल तो हर रोज कोई न कोई स्कैम सुनने को मिल जाता है। इन स्कैम्स के चलते लोगों से लाखों-करोड़ों का फ्रॉड तक हो रहा है।

अब एक सर्विस सेंटर स्कैम चल रहा है। हालांकि, ये स्कैम नया नहीं है, लेकिन साइबर ठग इसका फायदा उठाकर लोगों को स्कैम का शिकार बना रहे हैं। जैसा की नाम से ही साफ है ये स्कैम सर्विस सेंटर के नाम पर किया जाता है।

दरअसल आज कल हम कोई भी डिवाइस या प्रोडक्ट खराब होने पर सर्विस सेंटर का नंबर तलाश करते हैं। इसके लिए सबसे आसान तरीका गूगल सर्च का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन स्कैमर्स इसका फायदा उठाते हैं। इसके जाल में फंस कर व्यक्ति के लाखों रुपए बर्बाद हो जाते

हैं।

दरअसल यूजर्स प्रोडक्ट की सर्विस सेंटर से मिलती-जुलती वेबसाइट तैयार कर लेते हैं। इसके बाद उसको गूगल पर सीईओ के सहारे टॉप पर रैंक करवा दिया जाता है। यानी वो वेबसाइट गूगल सर्च रिजल्ट में टॉप पर दिखने लगती है। अब जब कोई गूगल पर इससे मिलता-जुलता टर्म सर्च करता है तो उसको वो वेबसाइट पर टॉप पर दिखती है। ज्यादातर लोग इसकी ऑथेंटिसिटी चेक किए बिना साइट ओपन कर उस पर दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल कर लेते हैं। ये कॉल स्कैमर को लगता है। इसके बाद स्कैमर मैलवेयर वाले ऐप्स को यूजर के डिवाइस पर इंस्टॉल करवा देते हैं। यूजर सब कुछ सच मानकर सभी जानकारी देते चले जाते हैं और इन जानकारी का फायदा भी स्कैमर्स उठाते हैं।

ऐप में मैलवेयर वाले ऐप होने की वजह से स्कैमर को यूजर की नेटबैकिंग और दूसरी जरूरी डिटेल्स मिल जाती है। इसका फायदा उठाकर यूजर के बैंक अकाउंट में सेंध लगाने की कोशिश स्कैमर्स करते हैं और बैंक अकाउंट खाली कर देते हैं।

आवाज प्लस, हिंदी दैनिक समाचार पत्र के लिए स्वताधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक संजीव श्रीवास्तव द्वारा एफ0 एफ0 -01, बसंत बिहार कॉलोनी, दुबग्गा, लखनऊ -226003 (उ0प्र0) भारत से मुद्रित एवं अमर उजाला पब्लिकेशन लिमिटेड, B5 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

संपादक- संजीव श्रीवास्तव

आवाज प्लस, हिंदी दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित प्रकाशन सामग्री से संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के वाद-विवादो का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ, उत्तर प्रदेश न्यायालय ही मान्य होगा।

प्रबंध कार्यकारिणी कमेटी

प्रबंध संपादक- मिर्जा बेग
सहायक प्रबंध संपादक- अल्तमस खान
कार्यकारिणी संपादक- सुदीप द्विवेदी
प्रबंध निदेशक- नीतीश कुमार सिंह
संपादकीय प्रभारी- अमित त्यागी
विधि सलाहकार- रोशन खत्री (अधिवक्ता)

प्रशासनिक कार्यालय

ए0पी0 न्यूज़ मीडिया हाउस
एफ0 एफ0- 01, बसंत बिहार कॉलोनी, दुबग्गा, लखनऊ- 226003 (उ0प्र0) भारत
हेल्पलाइन व्हाट्सएप नंबर- 8009927772
ईमेल आईडी: dainikawazplus@gmail.com
वेबसाइट: www.awazplus.com

फेड के ब्याज दर में और बढ़ोतरी के संकेत से डरा शेयर बाजार

एजेंसियां।

मुंबई। अमेरिकी फेड रिजर्व के अगले साल ब्याज दरों में और अधिक बढ़ोतरी करने के संकेत से वैश्विक बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से आज शेयर बाजार में कोहराम मच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 878.88 अंक यानी 1.40 प्रतिशत का गोता लगाकर तीन सप्ताह बाद 62 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 61799.03 अंक तक उतर गया। इससे पूर्व 24 नवंबर को यह 62 हजार अंक के पार पहुंचा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 245.40 अर्थात 1.32 प्रतिशत की गिरावट लेकर 18414.90 अंक रह गया। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों

पर भी बिक्रवाली हावी रही। इससे मिडकैप 1.05 प्रतिशत लुढ़ककर 26,115.55 अंक और स्मॉलकैप 0.61 प्रतिशत की गिरावट लेकर 29,802.29 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3680 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1405 में लिवाली जबकि 2152 में बिकलावी हुई वहीं 123 कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में 45 कंपनियों में गिरावट जबकि शेष पांच में तेजी रही। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने बुधवार को कहा कि महंगाई को नियंत्रित रखने के लिए केंद्रीय बैंक अगले साल ब्याज दरों में और अधिक बढ़ोतरी करेगा, भले ही अर्थव्यवस्था मंदी की ओर फिसल जाए। इससे वैश्विक बाजार में जमकर बिकवाली हुई, जिससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.69, जर्मनी का डैक्स 1.30, जापान का निक्केई 0.37, हांगकांग का हैंगसेंग 1.55 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.25 प्रतिशत लुढ़क गया। अंतर्राष्ट्रीय रुख का घरेलू बाजार पर भी असर पड़ा। इससे बीएसई के सभी 19 समूह बिकवाली का शिकार हो गए। इस दौरान सीडी 0.86, एफएमसीजी 0.95, वित्तीय सेवाएं 1.19, इंडस्ट्रियल्स 1.13, आईटी 2.06, दूरसंचार 0.84, ऑटो 0.69, बैंकिंग 1.18, कैपिटल गुड्स 1.16, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.37, धातु 1.82, पावर 0.61, रियल्टी 1.25 और टेक समूह के शेयर 1.92 प्रतिशत लुढ़क गए।

उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने तेजाब की बिक्री को लेकर फ्लिपकार्ट से स्पष्टीकरण मांगा

एजेंसियां।

नयी दिल्ली। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट से उसके ऑनलाइन मंच पर तेजाब की बिक्री को लेकर स्पष्टीकरण मांगा है।

फ्लिपकार्ट से अगले सात दिन में स्पष्टीकरण देने को कहा गया है।

यह रिपोर्ट आई है कि दिल्ली के द्वारका इलाके में लड़की पर तेजाब हमले में इस्तेमाल तेजाब फ्लिपकार्ट से खरीदा गया था।

इस रिपोर्ट के बाद प्राधिकरण ने स्पष्टीकरण मांगा है। इससे पहले दिन में, दिल्ली महिला आयोग ने दो ई-कॉमर्स कंपनियों को अपने मंचों के जरिये कथित रूप से तेजाब की बिक्री की अनुमति देने के लिये नोटिस जारी किया था। इस संदर्भ में दिल्ली पुलिस ने भी फ्लिपकार्ट को नोटिस जारी किया था। सूत्रों ने कहा कि पत्र में प्राधिकरण ने कहा है कि उसके संज्ञान

में आया है कि हाल ही में दिल्ली में तेजाब हमले के एक मामले में आरोपी ने फ्लिपकार्ट से तेजाब खरीदा था। मीडिया रिपोर्ट के आधार पर प्राधिकरण ने कहा कि ऐसा लगता है कि फ्लिपकार्ट पर तेजाब को आसानी से और बिना किसी नियंत्रण के बेचने की अनुमति दी जा रही है। सूत्रों के अनुसार, सीसीपीए ने फ्लिपकार्ट से इस मामले में सात दिनों के भीतर जवाब देने को कहा है। साथ ही कंपनी को जवाब के साथ जरूरी दस्तावेज भी उपलब्ध कराने को कहा गया है।

केंद्रीय पूल में पर्याप्त अनाज : केंद्र

एजेंसियां।

नयी दिल्ली। सरकार ने दावा किया कि उसके पास राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) की आवश्यकता को पूरा करने और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के अतिरिक्त अन्य कल्याण योजनाओं के आवंटन के लिए केंद्रीय पूल में अनाज पर्याप्त है। देश में गेंहू स्टॉक में पिछले छह वर्षो में गिरावट आने की खबरों के बाद सरकार की ओर से यह आधिकारिक आया है।

बयान में बताया गया कि एक जनवरी, 2023 तक लगभग 1.59 करोड़ टन गेहूं उपलब्ध होगा। 12 तारीख तक केंद्रीय पूल में लगभग 1.82 करोड़ टन गेहूं उपलब्ध है। केंद्र सरकार गेहूं के मूल्य परिदृश्य से अच्छी तरह वाकिफ है और अन्य वस्तुओं के साथ-साथ साप्ताहिक आधार पर नियमित रूप से इसकी निगरानी और सुधारात्मक उपाय कर रही हैं। बयान में

कहा गया है कि भारत सरकार ने किसी भी मूल्य वृद्धि को रोकने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं और 13 मई से निर्यात नियम लागू किए गए हैं। केंद्र सरकार ने आरएमएस 2022-23 के लिए पिछले साल के एमएसपी 2015 रुपये-च्विंटल की तुलना में इस साल गेहूं की फसल का एमएसपी बढ़ाकर 2125 रुपये-च्विंटल कर दिया है। इस प्रकार, यह उम्मीद की जाती है कि काफी अच्छी जलवायु परिस्थितियों के कारण एमएसपी में 110 रुपये-च्विंटल की वृद्धि हुयी है। इसके अलावा, अगले सीजन के दौरान गेहूं का उत्पादन और खरीद सामान्य रहेगा। अगले सीजन में गेहूं की खरीद अप्रैल 2023 से शुरू होगी और शुरुआती आकलन के अनुसार पिछले साल की तुलना में गेहूं की फसल की बुवाई में अच्छी बढ़ोतरी हुई है। बयान में बताया गया कि खुले बाजार में एमएसपी से अधिक कीमतों पर किसानों द्वारा बिक्री के साथ-साथ कम उत्पादन के कारण पिछले सीजन के दौरान गेहूं की खरीद कम थी। फिर भी, गेहूं की अगली फसल आने तक देश की जरूरतों के लिए केंद्रीय पूल में गेहूं का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध रहेगा।

जहरीली शराब कांड मामला : बिहार में ताबड़तोड़ छापेमारी, 126 गिरफ्तार, अब तक 53 मौतें

एजेंसियां

सारण। शराबबंदी वाले बिहार के सारण जिले के छपरा में जहरीली शराब से अब तक 53 लोगों की मौत हो गई। कई लोग अस्पतालों में मौत से जंग लड़ रहे हैं। आलम ये है कि कई गांवों में मातम छा गया। छपरा के बहरौली गांव का भी ऐसा ही हाल है। यहां एक साथ 11 लोगों की मौत जहरीली शराब पीने से हो गई।

वहीं दावा किया जा रहा है कि यह जहरीली शराब उसी स्प्रिट से बनी है जो मशरक थाने से चोरी हुई थी।

उधर, पुलिस इस मामले में पूरे सारण जिले में छापेमारी कर रही है। अब तक शराब के कारोबार से जुड़े 126 लोगों को गिरफ्तार किया है। 4 हजार लीटर से अधिक अवैध शराब भी जब्त की गई है। इस मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन कर दिया गया है।

दरअसल, बिहार के सारण में इसुआपुर और मशरक थाना क्षेत्र में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से अब तक 53 लोगों की मौत हो गई।

मृतकों के परिजनों के अनुसार, मौत शराब पीने से हुई। इस मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन कर दिया गया है। इसमें 31 पुलिसकर्मी हैं। इतना ही नहीं मामले में मशरक पुलिस स्टेशन के एसएचओ और एक स्थानीय चौकीदार को सस्पेंड कर दिया गया है। इसके अलावा मरहौरा के सब डिवीजनल पुलिस अफसर के ट्रांसफर की सिफारिश की गई है। उनके खिलाफ विभागीय जांच की मांग की गई है। डीएम और एसपी ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि जिन्हें इस बारे में जो कुछ भी जानकारी है, वे लोग बिना डर के आगे आएं और पुलिस को जानकारी दें।

जहरीली शराब पीने से मरने वाले लोगों में इसुआपुर और मशरक थाने के कई गांव के लोग हैं। आज तक की टीम बिहार के बहरौली गांव पहंची। जहरीली शराब से मरने वाले लोगों में सबसे ज्यादा इसी गांव के लोग हैं। अब तक यहां 11 लोगों की मौत जहरीली शराब से हो गई है। गांव में हर तरफ सिर्फ चीख पुकार मची है। कई घरों में मातम छाया है। किसी ने अपना बेटा खोया, तो कई बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया।

जहरीली शराब से मरने वालों में 100 से अधिक शवों का नही हुआ पोस्टमॉर्टम : राजीव प्रताप रूडी

छपरा। सारण सांसद राजीव प्रताप रुडी ने जहरीली शराब के कारण असमय काल कवलित हुए मृतकों के परिजनों से मुलाकात की साथ ही इलाजरत पीड़ितों से भी मिले और चिकित्सको को उनके उचित इलाज का निर्देश भी दिया। रुडी ने कहा कि शराबबंदी के का कानून लागू करने की जिम्मेदार राज्य सरकार की थी तो उसका कड़ाई से पालन करना भी तो राज्य सरकार की ही जिम्मेदारी थी। आखिर यह जिम्मेदारी कौन लेगा? प्रशासन को चुस्त दुरुस्त करना तो राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। निश्चित रूप से जो लोग मरे है वह एक राज्य सरकार प्रायोजित नरसंहार है। एक सनसनीखेज खुलासा करते हुए सांसद ने बताया कि 100 से अधिक मृतकों के शव का पोस्टमॉर्टम एक साजिश के तहत नही होने दिया गया और उनके परिजनों पर दबाव बनाया गया कि वो जल्दी से जल्दी उनका दाह संस्कार करें।

मामला पहुंचा एससी, मुआवजे और एसआईटी से जांच कराने की मांग

नई दिल्ली। बिहार के सारण जिले में जहरीली शराब पीने से हुई लोगों की मौत का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। इस घटना को लेकर शीर्ष अदालत में एक जनहित याचिका दाखिल की गई है, जिसमें पीड़ित परिवारों के लिए मुआवजे का मुद्दा उठाया गया है। याचिका में मामले की जांच एसआईटी से करवाने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता ने मांग की है कि मामले की स्वतंत्र जांच की जाए। इसके साथ ही याचिका में अवैध शराब के निर्माण, व्यापार और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए एक्शन प्लान तैयार करने की मांग की गई है। गौरतलब है कि सारण के मशरक के आधा दर्जन गांवों में मंगलवार से शुरू हुआ मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार सुबह तक यहां जान गंवाने वालों का आंकड़ा 60 तक पहुंच गया है। इस बीच खबर है कि सीवान में भगवानपुर प्रखंड के सोधनी और ब्रह्मा स्थान गांव में जहरीली शराब पीने से चार लोगों की मौत हो गई है।

पीएम मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन से की बातचीत, यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने के समाधान के रूप में बातचीत को दोहराया



एजेंसियां, नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ टेलीफोन पर बातचीत की, जहां उन्होंने दोहराया कि यूक्रेन के साथ चल रहे संघर्ष को हल करने के लिए बातचीत और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है। दोनों नेताओं के बीच बातचीत इस साल सितंबर में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के मौके पर उज्बेकिस्तान के समरकंद में उनकी बैठक के बाद हुई है। दोनों नेताओं ने ऊर्जा सहयोग, व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा सहयोग जैसे द्विपक्षीय सहयोग के कई क्षेत्रों की समीक्षा की।

सूत्रों ने कहा कि मोदी ने पुतिन को भारत की मौजूदा जी20 अध्यक्षता के प्रमुख फोकस क्षेत्रों के बारे में भी जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने एससीओ की भारत की अध्यक्षता के दौरान दोनों देशों के एक साथ काम करने की भी उम्मीद की।

बूमला में फ्लैग मीटिंग कर मामला सुलझा लिया गया, एलएसी पर स्थिति अब नियंत्रण में : सेना

एजेंसियां

नई दिल्ली। अरुणाचल प्रदेश में तवांग सेक्टर के लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर चीन के साथ हुई हालिया झड़प पर भारतीय सेना का पहला बयान सामने आया है। चीफ ऑफ स्टाफ इस्टर्न कमांड राणा प्रताप कालिता ने कहा कि प्रदेश के तवांग सेक्टर में हमारी सेना बहुत मजबूती से चीनी सेना का मुकाबला किया। हालांकि कुछ जवानों को मामूली चोटें आई हैं।

जनरल आर.पी. कलिता ने कहा कि मैं देशवासियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि सीमा क्षेत्र स्थिर है और हम दृढ़ता से नियंत्रण में हैं। उन्होंने बताया कि पीएलए ने एलएसी को पार किया जिसके बाद विरोध में दोनों तरफ के सैनिकों को चोटें आईं। इसका स्थानीय स्तर पर समाधान हुआ वहीं बाद बुमला में एक फ्लैग भी मीटिंग भी की गई। पूर्वी सेना कमान प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल आरपी कलिता आगे बोले, स्थिति अब पूरी तरह से नियंत्रण में हैं।

लेफ्टिनेंट जनरल राणा प्रताप कालिता ने कहा कि किसी के भी उकसावे में आने की जरूरत नहीं है, क्योंकि हम विश्वास दिलाते हैं कि हमारा अपने बॉर्डर पर पूर्ण नियंत्रण है और किसी भी झूठी खबर पर ध्यान मत दीजिए। उन्होंने बताया कि बूमला में फ्लैग मीटिंग करके मामले को सुलझा लिया गया है और दोनों ही देशों की सेनाएं अब मामले में आगे नहीं बढ़ रही हैं। अब हालात हमारे नियंत्रण में हैं।

जम्मू-कश्मीर में बवाल, सेना की फायरिंग में 2 स्थानीय नागरिकों की मौत

एजेंसियां

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में आर्मी कैंप के पास सेना के एक संतरी ने शुक्रवार सुबह कथित तौर पर गोलीबारी की। इस घटना में दो स्थानीय नागरिकों की जान चली गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। इसको लेकर गुस्साए लोगों ने राजौरी-जम्मू हाईवे जाम कर सेना के विरोध में प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

शुरुआती जांच में सामने आया है कि सेना के एक संतरी ने शुक्रवार सुबह कथित तौर पर गोलीबारी की। अधिकारियों ने कहा कि पीड़ित जो कथित तौर पर सेना के साथ कुलियों के रूप में काम कर रहे थे। सुबह करीब 6.15 बजे वह एक सैन्य शिविर के अल्फा गेट के पास आ रहे थे, इसी दौरान उन पर गोलीबारी की गई।

अधिकारियों ने कहा कि राजौरी के रहने वाले शलिंदर कुमार और कमल किशोर की गोलीबारी में मौत हो

गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। गोलीबारी की वजह से अभी पता नहीं चल पाया है। इलाके में स्थिति तनावपूर्ण है और गुस्साए लोगों ने सेना के शिविर पर पथराव कर दिया इसके बाद हाईवे भी जाम कर दिया है। प्रदर्शनकारी मृतकों के परिवार के लिए 10-10 लाख का मुआवजा, संगे-संबंधियों के लिए नौकरी, बच्चों के लिए मुफ्त शिक्षा के साथ ही मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग कर रहे हैं। गौर हो कि इससे पहले राजोरी के मुरादपुर में सेना और पुलिस की तरफ से संदिग्ध दिखे जाने पर तलाशी अभियान चलाया गया था। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया था कि सुबह करीब 5 बजे कंधे पर बैग लटकाए दो अजनबी लोग उनके परिसर में घुसकर दरवाजा खोलने के लिए कहने लगे। उन्होंने आसपास के लोगों को फोन किया और शोर मचाना शुरू कर दिया, जिसके बाद दोनों अजनबी फरार हो गए, लेकिन तत्काल सेना और पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी करके सर्च ऑपरेशन शुरू किया। करीब 6 घंटे तक सेना व पुलिस ने चप्पा-चप्पा खंगाला, लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी थी।

सोनाली फोगाट को 7 बार जबरन दिया गया था ड्रग्स, सीबीआई की चार्जशीट में बड़ा खुलासा

एजेंसियां, चंडीगढ़। सोनाली मर्डर मामले में सीबीआई ने बड़ा खुलासा किया है। सीबीआई के अनुसार, टिकटॉक स्टार व बीजेपी नेत्री सोनाली फोगाट को एमडीएमए ड्रग्स जबरदस्ती दी गई थी। फोगाट को एक बार नहीं बल्कि 7 बार उसे प्लास्टिक की बोतल से ड्रग्स पिलाई थी। सीबीआई ने इस संबंध में संबंधित तथ्य और सबूत भी कोर्ट में दाखिल किए हैं। हालांकि इस जांच के बाद भी इस वारदात की ठोस वजह सामने नहीं आई है। फिलहाल सीबीआई की चार्जशीट दाखिल होने के बाद कोर्ट ने ट्रॉयल की डेट तय कर दी है।

चार्जशीट के मुताबिक जब सोनाली फोगाट, सुधीर सांगवान और सुखविंदर सभी कर्लिज रेस्टोरेंट में तब सुधीर और सुखविंदर उसे प्लास्टिक की बोतल से कुछ पिला रहे थे। इसका एक सीसीटीवी भी सामने आया था। जब तमाम सीसीटीवी की जांच की गई तो सीबीआई ने पाया कि सोनाली को सुधीर और सुखविंदर ने

बिलावल भुट्टो को अनुराग ठाकुर का जवाब

बोले- याद करो जब 1971 की हार के बाद फूट-फूट कर रोये थे आपके नाना

एजेंसियां

नई दिल्ली। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के बयान को नापाक और शर्मनाक बयान बताते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने पलटवार करते हुए कहा है कि आज ही के दिन 1971 में भारत ने पाकिस्तान की सेना को धूल चटाई थी और उस करारी हार के बाद उस समय उनके नाना फूट फूट कर रोये थे। ऐसा लगता है कि बिलावल भुट्टो को शायद उसका दर्द अभी तक है।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि पाकिस्तान ने हमेशा अपनी धरती का इस्तेमाल आतंकवादियों को पैदा करने,सरंक्षण देने और बढ़ावा देने के लिए किया। पाकिस्तान हमेशा जम्मू कश्मीर और देश के अलग-अलग हिस्सों में आतंकवाद को बढ़ावा देने का प्रयास करता रहा। उन्होंने आगे कहा कि मोदी सरकार ने लगातार आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। अमेरिका ने पाकिस्तान में घुसकर ओसामा बिन लादेन को मारा था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने भी पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक की थी।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि दुनिया पाकिस्तान की हरकतों और मंसूबों से वाकिफ है। वह अपना मुहं कहीं छिपाने लायक नहीं बचा है और इसलिए दुनिया का ध्यान भटकाने के लिए इस तरह का बयान दे रहा है।

पाकिस्तान को नसीहत देते हुए ठाकुर ने कहा कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री को इस तरह का बयान शोभा नहीं देता और ऐसे बयान से किसी का ध्यान भटकने वाला नहीं है। दुनिया ने पाकिस्तान का असली चेहरा देख रखा है इसलिए बेहतर होगा कि इस तरह का बयान देने की बजाय पाकिस्तान आतंकवाद को सरंक्षण न दें और आतकंवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे।

न्यूज

कमलनाथ ने दी विजय दिवस की शुभकामनाएं

एजेंसियां, भोपाल। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सभी को विजय दिवस की शुभकामनाएं देते हुए आज कहा कि हम सबको इस महान पराक्रम पर गर्व है। कमलनाथ ने अपने ट्वीट में कहा कि आज ही के दिन 1971 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में पराजित किया था और पाकिस्तान के 93 हजार सैनिकों ने भारतीय सेना के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था।
उन्होंने कहा कि भारत ने युद्ध में सबसे बड़ी विजय हासिल करते हुए पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिये और बांग्लादेश के रूप में स्वतंत्र राष्ट्र का उदय हुआ। हम सबको इस महान पराक्रम पर गर्व है।

दक्षिण अफ्रीका में नवंबर में करीब 21 लाख यात्री आए

एजेंसियां, जोहान्सबर्ग। आगमन, प्रस्थान और पारगमन सहित कुल 20,92,882 लोगों ने नवंबर में दक्षिण अफ्रीका में प्रवेश और निकास किया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में दर्ज किए गए स्तर से अधिक है। आधिकारिक आंकड़ों से ये जानकारी सामने आई है। सांख्यिकी दक्षिण अफ्रीका द्वारा जारी पर्यटन और प्रवासन रिपोर्ट के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों के लिए आगमन में साल दर साल 120.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि प्रस्थान और पारगमन में क्रमशः 108.4 प्रतिशत और 64.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह देखा गया कि नवंबर में लगभग 95.7 प्रतिशत पर्यटक छुट्टी मनाने के लिए दक्षिण अफ्रीका में थे, जबकि 3.9 प्रतिशत, 0.3 प्रतिशत और 0.1 प्रतिशत क्रमशः व्यवसाय, अध्ययन और चिकित्सा उपचार के लिए यहां थे।

दिल्ली हवाई अड्डे पर यात्रियों की भीड़ के नियंत्रण के लिए 5 और एक्सरे मशीन लगाई गई

एजेंसियां, नई दिल्ली। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बढ़ती भीड़ के बीच यात्रियों के प्रवाह को व्यवस्थित करने के लिए पांच और एक्स-रे मशीनें लगाई गई हैं। शुक्रवार को एक ट्वीट में नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, 9 दिनों के भीतर, दिल्ली हवाई अड्डे ने सुरक्षा-जांच क्षेत्र में 5 एक्स-रे मशीनें स्थापित की हैं। अब यहां कुल 18 एटीआरएस/एक्स-रे मशीनें हो गई हैं। इसके चलते टी3 पर भीड़ कम हो गई है। कई लोगों ने टी3 टर्मिनल पर सुचारू संचालन के बारे में ट्वीट भी किया। शरद अग्रवाल ने कहा, वर्तमान में मैं दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल 3 पर हूं। कोई भीड़ नहीं है, सभी काउंटर सुचारू रूप से और व्यवस्थित रूप से काम कर रहे हैं। आपने समयबद्ध और अच्छे प्रबंधन के साथ भीड़ को बहुत व्यवस्थित तरीके से संभाला। एक अन्य यूजर आनंद ने कहा, दिल्ली हवाईअड्डे पर मैंने अब तक का सबसे सहज अनुभव किया है। 5 मिनट से भी कम समय में काम हो गया। विमान से कार तक 30 मिनट में पहुंच गया। बधाई हो। टी3 टर्मिनल पर यात्रियों के प्रवाह में सुधार के लिए उपायों के निदेशरें के बाद, हवाईअड्डे ने लोगों को प्रवेश द्वारों पर प्रतीक्षा समय के बारे में सूचित करना भी शुरू कर दिया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने मंगलवार को एयरलाइनों को सभी चेक-इन और बैगेज ड्रॉप काउंटरों पर पहले से ही पर्याप्त मैनपावर की तैनाती के लिए लिखा था। मंत्रालय ने संबंधित प्रवेश द्वारों पर प्रतीक्षा समय के संबंध में एयरलाइंस के सोशल मीडिया फीड पर रीयल टाइम डेटा डालने का भी अनुरोध किया था।

कीव पर हमले की तैयारी! ईयू ने रूस पर लगाई पाबंदियां, यूक्रेन को मदद का ऐलान

एजेंसियां, मॉस्को। पिछले 10 माह से जारी रूस-यूक्रेन जंग थमने की बजाए और तेज होते जा रही है। अब यूक्रेन के सेना प्रमुख ने दावा किया है कि राजधानी कीव पर हमला करने के लिए रूस 2 लाख नए सैनिकों को तैयार कर रहा है। उधर, यूरोपीय संघ ने रूस पर नई पाबंदियां लगा दीं हैं। ईयू ने यूक्रेन की मदद का भी ऐलान किया है। ईयू ने यूक्रेन में युद्ध के लिए रूस पर दबाव बढ़ाने के लिए नए प्रतिबंधों की घोषणा की। ईयू ने इसी के साथ यूक्रेन को सहायता राशि देने की भी घोषणा की। 27 देशों के राजदूतों के साथ कई दिनों के विचार-विमर्श के बाद ईयू ने नई पाबंदियों को मंजूरी दी। नई पाबंदियों में रूस के लगभग 200 और लोगों को काली सूची में डाल दिया गया है। रूस के खनन पर प्रतिबंधों के साथ तेल निर्यात पर भी प्राइस कैप लगाया गया है। जंग अब तक यूक्रेन के पूर्व और दक्षिणी हिस्सों में ही केंद्रित रही है, लेकिन जनरल वैलेरी जालुजनी ने एक ब्रिटिश पत्रिका से चर्चा में आशंका जताई कि रूस कीव को फिर से निशाना बनाएगा। इसके लिए वह दो लाख जवानों की खास टुकड़ी तैयार कर रहा है। यूक्रेनी सेना के कमांडर-इन-चीफ जालुजनी ने आशंका जताई है कि नए साल 2023 के शुरुआती महीनों में रूस कीव पर नए सिरे से हमला कर सकता है। रूस लगभग 200,000 नए सैनिकों को तैयार कर रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह कीव पर एक बार फिर चढ़ाई करेगा। यूक्रेन के जनरल ने कहा कि इसे देखते हुए हमें तैयारी करना होगी। अगले कुछ माहों के लिए रिजर्व सैनिक व सैन्य सामग्री का भंडार तैयार करना होगा।

अरविंद केजरीवाल ने अमित यादव को नई नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई



एजेंसियां

नई दिल्ली। आज की बैठक में सबसे पहले अमित यादव ने नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के अध्यक्ष के रूप में पद की शपथ ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आज की काउंसिल बैठक के पीठासीन अधिकारी अरविंद केजरीवाल ने आज एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर नई दिल्ली में आयोजित परिषद की बैठक में अमित यादव को पालिका परिषद के अध्यक्ष के रूप में भारत के संविधान के प्रति आस्था और निष्ठा की शपथ दिलाई।

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) की आज आयोजित परिषद की पहली बैठक मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उसके बाद विदेश एवं संस्कृति राज्यमंत्री भारत सरकार मीनाक्षी लेखी की अध्यक्षता में हुई।

इस बैठक में पालिका परिषद के अध्यक्ष अमित यादव, पालिका परिषद के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय, विधायक और सदस्य एनडीएमसी, वीरेंद्र सिंह कादियान, परिषद के सदस्य कुलजीत सिंह चहल, विशाखा सैलानी और सचिव एनडीएमसी विक्रम सिंह मलिक ने भाग लिया। इस बैठक के समक्ष रखे एजेंडा विषयों में विभिन्न जी-20 सम्मेलन संबंधित योजनाओं, नागरिक और कर्मचारी केंद्रित प्रस्तावों पर विचार किया गया और उन्हें मंजूरी भी दी।

मंत्री के बाद मिजोरम के डिप्टी स्पीकर ने दिया इस्तीफा

एजेंसियां, आइजोल। मिजोरम के समाज कल्याण और जनजातीय मामलों के मंत्री के. बिछुआ के इस्तीफा देने के चार दिन बाद विधानसभा उपाध्यक्ष लैरिनाव्मा ने भी शुक्रवार को अपना पद छोड़ दिया। हालांकि इस्तीफे के बारे में आधिकारिक तौर पर कोई कारण नहीं बताया गया है, मुख्यमंत्री कार्यालय के सूत्रों ने कहा कि मिजोरम कैबिनेट में जल्द ही फेरबदल होने की संभावना है।

आबकारी और नारकोटिक्स, सेरीकल्चर, पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग भी संभाल रहे बिछुआ ने कहा था कि उन्हें मुख्यमंत्री जोरमथांगा, जो सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के अध्यक्ष भी हैं, ने इस्तीफा देने के लिए कहा था क्योंकि वह फेरबदल करना चाहते थे।

बिछुआ 2013 से लगातार दो बार सियाहा निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार के रूप में चुने गए थे।

40 सदस्यीय मिजोरम विधानसभा के चुनाव नवंबर या दिसंबर 2023 में होने की उम्मीद है।

मेहुल पर सीबीआई ने कसा शिकंजा, भगोड़े के खिलाफ 2 और एफआईआर दर्ज

एजेंसियां

नई दिल्ली। सीबीआई ने भगौड़े हीरा कारोबारी मेहुल चौकसी पर शिकंजा कस दिया है। सीबीआई ने चौकसी पर 2 और एफआईआर दर्ज की है। मेहुल चौकसी, गीतांजलि रत्न और नक्षत्र ब्रांडों के खिलाफ बैंकों के कंसोर्टियम को 6000 करोड़ रुपये की जालसाजी करने का मामला दर्ज हुआ है। अभी 6 महीने पहले भी सीबीआई ने चौकसी के खिलाफ 22 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट दर्ज की थी। धोखाधड़ी का ये मामला 2014 से 2018 के बीच का है।

आरोप है कि पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ इंडिया समेत 9 बैंक समूह से मेहुल चोकसी से जुड़ी कंपनियों ने फर्जी कागजातों के आधार पर एलओयू जारी करवाया और फिर बाद में ये कंपनियां एनपीए घोषित हो गई। इस आधार पर उन 9 बैंकों को करीब 6371 करोड़ का नुकसान हुआ। जानकारी के मुताबिक, यह फर्जीवाड़ा ये एक अप्रैल 2010 से लेकर 31 जनवरी 2018 के बीच किया गया।

मामला सुलझता न देख 9 बैंकों के समूहों के तौर पर पंजाब नेशनल बैंक के जनरल मैनेजर ने इस साल 21 मार्च को सीबीआई के मुंबई ऑफिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई। उसके बाद सीबीआई ने जांच-पड़ताल की और 14 दिसंबर दो नई एफआईआर दर्ज कीं। इस फर्जीवाड़े में पंजाब नेशनल बैंक को 210 करोड़ रुपये, बैंक ऑफ बड़ोदा को 45.18 करोड़ रुपये, बैंक ऑफ इंडिया को 38.97 करोड़ रुपये, केनरा बैंक को 84.84 करोड़ रुपये, आईडीबीआई बैंक को 127.68 करोड़ रुपये, यूनियन बैंक को 128.48 करोड़ रुपये, एसबीआई को 44.66 करोड़ रुपये, एक्सिस बैंक को 39.30 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक को 121.72 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

ड्रग से जुड़े मामले में एक्ट्रेस रकुल प्रीत को ईडी ने भेजा समन

एजेंसियां, नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह को चार साल पुराने मादक पदार्थों की तस्करी और खपत के मामले में 19 दिसंबर को तलब किया। ईडी ने पिछले साल भी इस सिलसिले में उनका बयान दर्ज किया था। एक सूत्र ने कहा, अभिनेत्री को 19 दिसंबर को जांच एजेंसी के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। रकुल प्रीत से ईडी ने 2 सितंबर, 2021 को पूछताछ की थी। इस मामले में कई तेलुगु अभिनेताओं से भी पूछताछ की गई थी। एंटी-मनी-लॉन्ड्रिंग एजेंसी पिछले चार वर्षों से मादक पदार्थों की तस्करी और खपत के इस मामले की जांच कर रही है, जब एलएसडी और एमडीएमए और अन्य नशीले पदार्थों की आपूर्ति करने वाले हाई-एंड ड्रग्स कार्टेल का 2017 में तेलंगाना के निषेध और उत्पाद शुल्क विभाग द्वारा भंडाफोड़ किया गया था। वर्तमान मामला ईडी द्वारा उस मामले के आधार पर दर्ज किया गया था, जब यह पाया गया कि उस ड्रग कार्टेल के पैसे को विभिन्न चैनलों के माध्यम से लूटा गया था।

सांप उन्हें भी काटेगा, जो इन्हें पालेगा : जयशंकर

एजेंसियां

संयुक्त राष्ट्र। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान को कड़ी फटकार लगाई है। विदेश मंत्री ने एक सवाल का जवाब देते हुए पाकिस्तान की विदेश राज्य मंत्री मंत्री हिना रब्बानी खार को जमकर लताड़ लगाई। दरअसल, हिना रब्बानी खार ने पहले भारत पर आतंकवाद फैलाने का आरोप लगाया। इतना ही नहीं रब्बानी ने भारत पर बलूच उग्रवादियों को संरक्षण प्रदान करने का भी आरोप लगाया। इसके बाद डॉक्टर एस जयशंकर ने अपने अंदाज में पाकिस्तानी मंत्री को जवाब दिया।

रब्बानी के आरोप पर पलटवार करते हुए विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर ने मुंहतोड़ जवाब दिया। जयशंकर ने उन्हें हिलेरी क्लिंटन की एक दशक पुरानी बात याद दिलाते हुए कहा कि अगर आप अपने घर के पीछे सांप पालते हो तो वह सिर्फ पड़ोसी को ही नहीं काटेगा बल्कि आपके घर के लोगों को भी काटेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को बार-बार कई देशों से सलाह मिलती है लेकिन वह मानने के लिए तैयार नहीं होता है। भारत के खिलाफ जहर उगलने के लिए पाकिस्तान ने बकायदा एक डोजियर तैयार किया है जिसका उपयोग वह

अंतरराष्ट्रीय मंचों पर करता है।

दरअसल, एक पाकिस्तानी पत्रकार ने जयशंकर से पूछा कि दक्षिण एशिया कब तक नई दिल्ली, काबुल, पाकिस्तान से आतंकवाद को देखेगा, कब तक वे युद्ध में रहेंगे? इस पर जयशंकर ने कहा, आप गलत मंत्री से सवाल पूछ रहे हैं। आप पाकिस्तानी मंत्री से पूछिए, वह आपको बताएंगे कि पाकिस्तान कब तक आतंकवाद फैलाता रहेगा।

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि स्पैक्ट्रम के दूसरे तरफ अकेले हमला करने वाले लोग हैं जो इन कट्टरपंथी संगठनों से प्रेरित होते हैं, लेकिन इन सबके बीच हम यह नहीं भूल सकते कि पुराने पनाहगाह और स्थापित नेटवर्क आज भी सक्रिय हैं, खासकर दक्षिण एशिया में। आतंकवाद के समकालीन केंद्र आज भी बहुत अच्छी तरह काम कर रहे हैं। जयशंकर पाकिस्तान के संदर्भ में बोल रहे थे, जो अल कायदा, लश्कर ए ताइबा और तालिबान के आतंकियों को पनाह देता रहा है। जयशंकर ने कहा था, लादेन को पनाह देने वाले देश को इस मंच पर उपदेश देने का हक नहीं।

विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों के लिए न्यूयॉर्क में %बाजरा लंच' का आयोजन किया। महासचिव एंटोनियो गुटेरेस भी वहां मौजूद थे। जैसा कि हम 2023 के अंतर्राष्ट्रीय वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं, उनका अधिक उत्पादन, खपत और प्रचार वैश्विक खाद्य सुरक्षा में मदद करेगा।

मलेशियया में भूस्खलन 13 लोगों की मौत, कई फंसे

एजेंसियां

कुआलालंपुर। मलेशिया के सेलांगोर राज्य में भूस्खलन में तेरह लोगों की मौत और कई लोग मलबे में फंसे हुए हैं जिन्हें सुरक्षित बाहर निकानले के लिए बचाव एवं राहत दल युद्ध स्तर पर जुटे हुए हैं। इस बीच ने 60 लोगों को बचा लिया गया।

प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने कहा कि वह आज मौके का दौरा करेंगे। इब्राहिम ने सभी संबंधित सरकारी निकायों को व्यापक स्तर पर तलाशी अभियान और बचाव कार्य जारी रखने का आदेश दिया है।

स्थानीय समयानुसार शुक्रवार देर रात करीब दो बजे हुए भूस्खलन में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गयी और कई लोग फंस गये।

स्थानीय मीडिया ने विभाग प्रमुख नोराज़म खमीस के हवाले से बताया कि क्षेत्र में एक लोकप्रिय कैंपिंग स्थल पर भूस्खलन हुआ। स्थानीय समयानुसार 2.24 बजे घटना के संबंध में सूचना प्राप्त करने के बाद, अग्निशामकों ने लगभग 3ः00 बजे घटनास्थल पर पहुंचना शुरू किया।

नोराज़म ने कहा कि 60 लोगों को बचा लिया गया है, और शेष लोगों के लिए खोज और बचाव के प्रयास चल रहे हैं। माना जाता है कि वे अभी भी क्षेत्र में फंसे हुए हैं। कम से कम 12 टीमें जीवित बचे लोगों की तलाश कर रही हैं। इससे पहले अनुमान लगाया गया था कि करीब 100 लोग मलबे में दबे हो सकते हैं। समाचार एजेंसी के अनुसार वर्तमान में, के -9 ट्रैकर डॉग यूनिट, सेंटोसा, अम्पांग, पांडन, कोटा आंगरिक, कजांग दान अंडालस फायर एंड रेस्क्यू स्टेशनों से आपातकालीन चिकित्सा बचाव सेवा, और विशेष सामरिक अभियान और बचाव अभियान की सहायता से खोज और बचाव अभियान चलाया जा रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में देश पूर्वोत्तर मानसून की चपेट में है। मानसून नवंबर से मार्च तक रहता है। सेलांगोर सहित कई राज्यों में भारी बारिश हो रही है।

पठान के लिए शाहरुख ने वसूली इतनी मोटी रकम, जॉन से भी कम है दीपिका की फीस



बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान साल 2023 में तीन फिल्मों से बड़े पर्दे पर तहलका मचाने आ रहे हैं। जिसकी शुरूआत फिल्म पठान से करने वाले हैं। इस फिल्म में उनके साथ दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम नजर आएंगे। फैंस इस फिल्म के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में पठान का पहला गाना बेशर्म रंग रिलीज हुआ था। जिसमें दीपिका पादुकोण ने अपनी अदाओं से जलवा बिखेरा। हालांकि गाने को लेकर लगातार विवाद हो रहा है। लेकिन इस फिल्म को करने के लिए सभी कलाकारों ने तगड़ी फीस ली है।

फिल्म पठान से शाहरुख खान ने लगभग 4 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। इस फिल्म के लिए एक्टर ने अपनी फिटनेस का खास ध्यान रखा है। फिल्म के एक्टर ने जीन जान से मेहनत की है।

अब जब मेहनत की है तो, किंग खान फीस भी डबल ही लेंगे। जी हां अगर बाकी कलाकारों से तुलना करें तो सबसे ज्यादा शाहरुख खान ने फीस चार्ज की है। रिपोर्ट्स के अनुसार अभिनेता ने पठान के लिए 100 करोड़ रुपये लिए हैं।

फिल्म पठान में शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की जबरदस्त आन स्क्रीन कैमिस्ट्री दिखाई देगी। फैंस इस जोड़ी को एक बार फिर बड़े पर्दे पर साथ देखने को मिलेगी। फिल्म के पहले गाने बेशर्म रंग में दोनों की सिजलिंग कैमिस्ट्री देख फैंस और भी ज्यादा एक्साइटेड हैं। वहीं, रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म के लिए दीपिका पादुकोण ने 15 करोड़ रुपये चार्ज किए हैं।

इसके अलावा पठान में जॉन अब्राहम भी अपने एक्शन अवतार से एक बार फिर फैंस को एंटरटेन करेंगे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि, दीपिका से भी ज्यादा जॉन अब्राहम ने पठान के लिए फीस चार्ज की है। जी हां एक्टर ने फिल्म के लिए 20 करोड़ रुपये चार्ज किए हैं।

वहीं इस फिल्म में डिंपल कपाडिय़ा भी मुख्य भूमिका में दिखाई देंगी। लेकिन अब तक इस बात की जानकारी नहीं मिल पाई कि, एक्ट्रेस ने इस फिल्म के लिए कितनी फीस चार्ज की है। सु-परस्टार सलमान खान ने इस मूवी में स्पेशल अपीयरेंस दिया है। जिसकी चर्चा जोरों पर है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भाईजान ने फिल्म में कैमियो के लिए एक भी पैसा नहीं लिया।

बता दें कि, 25 जनवरी 2023 को पठान सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ये फिल्म हिंदी के अलावा, तमिल और तेलुगू में भी रिलीज की जाएगी। ये फिल्म 250 करोड़ के बजट में तैयार की गई है। फिल्म को लेकर चारों ओर जबरदस्त बज बना हुआ है। अब देखना होगा कि, ये फिल्म बॉक्स ऑफिस धमाल मचा पाएगी या नहीं।

बैकलेस ड्रेस में रिया चक्रवर्ती ने दिए ऐसे पोज, नजरें नहीं हटा पा रहे फैंस

बॉलीवुड एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती आए दिन अपनी बोल्ड और स्टनिंग लुक्स से फैंस के बीच छाई हुई रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की है जिसमें रिया चक्रवर्ती बेहद ही ग्लैमरस नजर आ रही हैं। रिया चक्रवर्ती हर वक्त फैंस के बीच अपने हुस्न के जलवे बिखेरने में कोई कसर नहीं छोड़ती हैं। एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती बेहद ही खूबसूरत और हॉट नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती हमेशा अपने हर अंदाज से फैंस का अटेंशन अपनी ओर खींचती हुई नजर आती हैं। हालांकि इन तस्वीरों में भी एक बार कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती का फैशन सेंस हमेशा से ही कमाल का रहता है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस रिया ने ब्लैक कलर की बैकलेस ड्रेस पहनी हुई है जिसमें वो सुपर बोल्ड लुक्स देती हुई नजर आ रही हैं। अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। बता दें कि एक्ट्रेस की इंस्टाग्राम पर जबरदस्त फैन फॉलोइंग है।

अभिनेत्री देवोलीना भट्टाचार्जी ने जिम ट्रेनर शाहनवाज शेख से रचाई शादी

साथ निभाना साथिया फेम अभिनेत्री देवोलीना भट्टाचार्जी ने जिम ट्रेनर और बॉयफ्रेंड शाहनवाज शेख के साथ शादी रचा ली है। उन्होंने सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर करते हुए शादी की खुशखबरी दी है। उन्होंने एक निजी समारोह में मुंबई में सात फेरे लिए हैं। शादी के बाद वह एक रिसेप्शन आयोजित कर सकती हैं। इसमें उनके करीबी लोगों और दोस्तों को आमंत्रित किया जाएगा। फैंस सोशल मीडिया पर देवोलीना को शुभकामनाएं दे रहे हैं।

देवोलीना ने तस्वीरें शेयर करते हुए अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, मैं गर्व के साथ कह सकती हूं कि मैं शोनू की हो गई हूं। चिराग लेकर भी ढूढ़ती तो तुझ जैसा नहीं मिलता। तुम मेरे सभी दर्द और प्रार्थनाओं का जवाब हो। आई लव यू शोनू। हमें अपनी प्रार्थनाओं में रखिएगा और आशीर्वाद बनाए रखिए। तस्वीरों में देवोलीना और शाहनवाज काफी खुश दिख रहे हैं। देवोलीना बिग बॉस 13 और बिग बॉस 15 में भाग ले चुकी हैं।

विवेक अग्निहोत्री ने शुरू की फिल्म द वैक्सीन वॉर की शूटिंग



इस साल अपनी द कश्मीर फाइल्स के साथ भारी सफलता का स्वाद चखने वाले निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री ने लखनऊ में अपनी अगली परियोजना द वैक्सीन वॉर की शूटिंग शुरू कर दी है। निर्देशक ने अपने फॉलोअर्स के साथ अपडेट साझा करने के लिए अपने सोशल मीडिया का सहारा लिया।

उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर फिल्म के स्क्रिप्ट की एक तस्वीर को शेयर कर कैप्शन दिया, गुड मार्निंग, हम नई चीजों के लिए जीते हैं। नई खुशी। कुछ दिन पहले विवेक ने फिल्म के रिसर्च वर्क की एक झलक शेयर की थी। द वैक्सीन वॉर कोविड-19 महामारी के अनिश्चित समय के दौरान चिकित्सा बिरादरी और वैज्ञानिकों के अंतहीन समर्थन को देखते हुए बनाई गई है।

निर्देशक ने पहले साझा किया है कि इस विषय पर शोध करने और दर्शकों के सामने सही तथ्य पेश करने में लगभग एक साल लग गया। फिल्म की कहानी 3200 पन्नों में लिखी गई है और 82 लोगों ने दिन-रात कहानी पर काम किया। कुशल अनुसंधान करने के लिए, टीम ने वास्तविक वैज्ञानिक और टीका विकसित करने वाले लोगों से मुलाकात की।

पल्लवी जोशी द्वारा निर्मित यह फिल्म 15 अगस्त, 2023 को हिंदी, अंग्रेजी, तेलुगू, तमिल, मलयालम, कन्नड़, भोजपुरी, पंजाबी, गुजराती, मराठी और बंगाली सहित 10 से अधिक भाषाओं में रिलीज होने के लिए तैयार है।

बॉलीवुड एक्टर अली फजल मेट्रो..इन दिनों की शूटिंग में जल्द होंगे शामिल

डायरेक्टर अनुराग बासु की फिल्म मेट्रो..इन दिनों की शूटिंग करने के लिए नए साल में बॉलीवुड एक्टर अली फजल जल्द ही आदित्य रॉय कपूर और सारा अली खान के साथ काम काम शुरु करेंगे। यह फिल्म एक लव स्टोरी है। इस फिल्म में मुख्य भूमिका में बॉलीवुड एक्टर अली फजल के अलावा आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, पंकज त्रिपाठी, नीना गुप्ता और अनुपम खेर शामिल हैं।

सूत्रों का कहना है कि, डायरेक्टर अनुराग बासु एक सीक्वेल पर काफी समय से प्लानिंग कर रहे थे। लॉकडाउन और माहामारी के बीच उनको इस फिल्म का ख्याल आया और उन्होंने इसके बारे में सोचा। इसके बाद उन्होंने स्किप्ट पर काम शुरु कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने कास्टिंग को लेकर भी तलाश शुर कर दी थी।

अनुराग दा ने लूडो में चार लोगों की अलग अलग कहानी भी बेहत खूबसूरती से जोड़कर एक साथ दिखाई थी। इसी तरह से इस फिल्म में भी वह कुछ शानदार दिखाने को पूरी तरीके से तैयार हैं। गौरतलब है कि फिल्म का पहला पार्ट लाइफ इन ए मेट्रो 2007 में रिलीज हुई थी। इसमें धमेंद्र, नफीसा अली, शिल्पा शेट्टी, के के मेनन, इरफान खान, कोंकणा सेन शर्मा, कंगना रनौत के अलावा कई सितारे शामिल थे।

हसरतें में करुणा का किरदार निभाना चुनौतीपूर्णथा : अदा खान

नागिन की अभिनेत्री अदा खान आगामी वेब सीरीज हसरतें में करुणा का दमदार किरदार निभाती नजर आएंगी। अदा खान ने कहा कि वह अपनी भूमिका में जो पूर्णता ला सकीं, वह सब निर्देशक हेमंत प्रभु की वजह से है जिनके मार्गदर्शन के बिना वह अपनी भूमिका के साथ न्याय नहीं कर पातीं।

उन्होंने कहा, मेरा किरदार रूढ़िवादी सामाजिक मानदंडों को धता बताते हुए खुद के लिए खड़े होने के लिए लचीलेपन और ऑढ़ संकल्प की एक अनूठी यात्रा दिखाता है। अदा खान 'बेहेनळ, 'अमृत मंथनळ, 'नागिनळ और 'विश या अमृत: सिताराळ जैसे शो के लिए जानी जाती हैं। 2020 में, उन्होंने रियलिटी शो 'फियर फैक्टर: खतरों के खिलाड़ी 10ळ में भाग लिया।

उन्होंने कहा- भावनात्मक रूप से इस तरह के किरदार को निभाना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन मेरे एपिसोड के निर्देशक हेमंत प्रभु, जिनके साथ मैंने अतीत में भी काम किया है, ने मुझे इस भूमिका को बहुत जोश और ऑढ़ विश्वास के साथ निभाने में मदद की। मुझे उम्मीद है कि दर्शक इस बात पर ध्यान देंगे कि मैं अपने प्रशंसकों और दर्शकों को सर्वश्रेष्ठ देने के लिए अपने शिल्प को कितनी गंभीरता से लेती हूं।

'हसरतेंळ में पांच महिलाओं की कहानी दिखाई गई है, जो एक आदर्श साथी खोजने के अपने अधिकारों के लिए समाज और अपने परिवार से लड़ती हैं। शकुंतलम फिल्म्स द्वारा निर्मित इस सीरीज में मोनालिसा, अदा खान, कृष्णा मुखर्जी, रवि भाटिया, विन राणा, शिल्पा तुलस्कर, सना सैय्यद, सिद्धार्थ शर्मा, आयुष आनंद और साहिल उप्पल हैं। सीरीज हंगामा प्ले पर स्ट्रीम होगी।

सेल्फी से सामने आया अक्षय कुमार का नया लुक

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म सेल्फी अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। अक्षय ने अपने लुक की झलक दिखाते हुए फिल्म के सेट से एक तस्वीर साझा की है। सोशल मीडिया पर शेयर की गई इस तस्वीर में अभिनेता रंग-बिरंगे फॉक्स फर कोट में पोज देते नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने यह तस्वीर साझा करते हुए फिल्म और अपने मंत्र के बारे में जानकारी दी है।

अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीर साझा करते हुए अभिनेता ने लिखा, आज के लिए मेरा मंत्र - गर्मी, नमी और फॉक्स फर...सब चलेगा, बस काम कर, काम कर। फिल्म सेल्फी के लिए मस्त नए गाने की शूटिंग कर रहा हूं। आप सभी से 24 फरवरी को सिनेमाघरों में मुलाकात होगी। अभिनेता की इस पोस्ट पर फैंस के साथ-साथ सेलेब्स भी कमेंट कर रहे हैं। वरुण धवन ने लिखा, मस्त दिख रहे हो सर। वहीं सनी सिंह ने दिल वाले इमोजी बनाए।

फिल्म सेल्फी में अक्षय के साथ इमरान हाशमी, डायना पेंटी और नुसरत भरूचा जैसे सेलेब्स मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। राज मेहता के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में पहली बार अक्षय और इमरान की जोड़ी एक साथ बड़े पर्दे पर नजर आने वाली है। बता दें कि यह फिल्म साल 2019 में आई मलयालम ब्लॉकबस्टर ड्राइविंग लाइसेंस की आधिकारिक रीमेक है, जिसमें पृथ्वीराज सुकुमार और सूरज वेंजारामूडु ने अभिनय किया था।

साल 2022 में अक्षय की पांच फिल्मों ने दर्शकों का मनोरंजन किया। इनमें से चार फिल्में सिनेमाघरों में और एक फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई। सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली फिल्में- सम्राट पृथ्वीराज, बच्चन पांडे, रक्षा बंधन और राम सेतु बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुईं। वहीं, ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली फिल्म कठपुतली दर्शकों को पसंद आई। बता दें कि इस फिल्म में अक्षय के साथ रकुल प्रीत सिंह, चंद्रचूर सिंह और सरगुन मेहता थे।

सेल्फी के अलावा अगले साल अक्षय की कई फिल्में सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली हैं। अक्षय, महेश मांजरेकर की मराठी फिल्म में छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभाते नजर आएंगे। अभिनेता, टाइगर श्रॉफ और गोरखा के साथ बड़े मियां छोटे मियां में भी दिखाई देने वाले हैं। इसके अलावा अक्षय, ओह माय गॉड 2 को लेकर भी सुर्खियां बटोर रहे हैं। ऐसी चर्चा है कि फिल्म में अक्षय भगवान शंकर का किरदार निभाने वाले हैं।